राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 | बेगूसराय शहरी क्षेत्र में नए पावर ग्रिड के...

हर भूमिहीन परिवारों को... | 12

वर्ष : 14 | अंक : 125 | पटना, गुरुवार, 13 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## सीएम सम्राट की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 11 एजेंडों पर लगी मुहर

# फैसला : अब निजी बीएड कॉलेजों में होगी अन्य विषयों की पढ़ाई

- राज्य में मौजूद 300 निजी बीएड कॉलेजों में अब होगी बहुविषयों की पढ़ाई, इससे छात्रों को निकटवर्ती जिलों में पढ़ाई के मिलेंगे अवसर

प्रात : किरण



पटना। अब राज्य के निजी बीएड कॉलेजों में बीएड के अतिरिक्त अन्य विषयों की भी पढ़ाई होगी। वर्तमान में राज्यभर में संचालित एकल निजी बीएड कॉलेजों की संख्या 300 से अधिक है। इन सभी में अन्य विषयों की भी पढ़ाई शुरू होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिमंडल परिषद की बैठक में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुहर लगी। कैबिनेट में कुल 11 एजेंडों पर अंतिम रूप से सहमति बनी। इसमें लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के सचिव मो. सोहेल ने सूचना भवन के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दिशा-निदेशों के अनुरूप राज्य मंत्रिपरिषद के स्तर से बिहार में संचालित एकल निजी शिक्षण संस्थानों को बाहुविषयक डिग्री महाविद्यालयों के रूप में विकसित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कॉलेजों में बीएड के साथ कला, विज्ञान, वाणिज्य तथा अन्य विषयों के स्नातक एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा सकेंगे। नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन संबंधित विश्वविद्यालय, यूजीसी, एनसीटीई एवं राज्य सरकार के स्तर से निर्धारित मानकों एवं आवश्यक स्वीकृतियों के अनुरूप किया जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों को अपने जिले या निकटवर्ती क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे, उच्च शिक्षा तक पहुंच होगी और इससे राज्य का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

**कम्प्रेड बायोगैस प्लांट के लिए चार जिलों में 10 एकड़ जमीन आवंटित:** कैबिनेट ने एक अन्य अहम मसौदे को मंजूरी दी जिसके तहत राज्य के चार नगर निगम क्षेत्रों गयाजी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और बिहारशरीफ में कम्प्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना की जाएगी। यह इकाई जैविक कचरे को एक मूल्यवान नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत में परिवर्तित करके अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है। इस योजना के तहत चुनिंदा नगर निगम क्षेत्रों में 10-10 एकड़ जमीन 25 वर्ष की लीज पर गेल, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम को दी जाएगी। सचिव ने कहा कि सात निश्चय-3 के निश्चय-1 दोगुना रोजगार-दोगुना आय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030–31 तक में युवा, रोजगार और कौशल विकास के बिहार कौशल विकास मिशन के स्तर से संशोधन के साथ कुशल युवा कार्यक्रम को अगले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31) तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल अनुमानित राशि 430 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके अलावा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के नामांकन प्रक्रिया में संशोधन करने और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के माध्यम से करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।उन्होंने कहा कि संचार मंत्रालय के माध्यम से स्थापित भारतनेट के संदर्भ में राज्य सरकार के स्तर से राईट ऑफ वे प्रदान किए जाने एवं इससे संबंधित त्रिपक्षीय समझौता एकरारनामा को हस्ताक्षरित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

**बिजली उप-केंद्र का संचालन करने के लिए 221 पदों के सृजन की मंजूरी:** पीएमसीएच समेत अन्य स्थानों पर बने बिजली उप-केंद्र का संचालन करने के लिए 221 पदों के सृजन की मंजूरी दी गई है। इसमें कार्यपालक अभियंता, सहायक कार्यपालक अभियंता (जीटीओ), कनीय विद्युत अभियंता समेत अन्य पद शामिल हैं। वहीं, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना 2026-2031 योजना के सुदृढ़ीकरण एवं अगले पांच वर्षों के लिए 950 करोड़ रुपये व्यय का प्रावधान किया गया है।

**सैटेलाइट शहरों की जमीन पर लगी रोक हटी:** ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों में भूमि के क्रय-विक्रय या हस्तांतरण की स्वीकृति संबंधित आदेश पर मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त बिहार नगर विकास प्राधिकरण के पास विकास योजना के प्रारूप प्रकाशन के बाद क्रय-विक्रय या हस्तांतरण पर लगी रोक हटाने का अधिकार होगा। भूमि विकास तथा भवन निर्माण उक्त प्राधिकरण के स्तर से विकास योजना एवं संबद्ध विकास नियंत्रण विनियम के अधीन नियंत्रित किया जाएगा।

### रूफटॉप सोलर लगाने पर उपभोक्ताओं को मिलेगी 20 हजार रुपये तक अतिरिक्त सहायता

पटना। बिहार सरकार ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में केन्द्र सरकार की सीएफए के अतिरिक्त 10,000 प्रति किलोवाट अधिकतम 20,000 की राज्य सहायता एसएफए दी जायेगी। इससे उपभोक्ताओं पर सोलर प्लांट लगाने का शुरूआती खर्च कम होगा और अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

#### 1 किलोवाट पर 40 हजार रुपये की सहायता

1 किलोवाट पर कुल 40 हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार और राज्य सरकार की ओर से 10 हजार रुपये शामिल हैं। वहीं 2 किलोवाट पर कुल 80 हजार रुपये की सहायता मिलेगी, जिसमें केंद्र के 60 हजार और राज्य के 20 हजार रुपये शामिल हैं। 3 किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट पर कुल 98 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। इसमें केंद्र की ओर से 78 हजार और राज्य की ओर से 20 हजार रुपये शामिल है।

## एलएनएमआई में एआई का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा क्वांटम कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना की जायेगी : सम्राट

- सीएम बोलें - एलएनएमआई के विद्यार्थियों को 'गंगा टू ग्लोबल' के तहत विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से सीखने का मिलेगा अवसर



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित छात्रों के इंडक्शन एंड ओरियंटेशन प्रोग्राम आगाज 2026 कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026 के पासआउट 6 गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया साथ ही 2026 बैच में नये नामांकन लेनेवाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल और वैश्विक स्तर के अवसर उपलब्ध कराये जाएं।

**1 एकड़ भूमि को संस्थान को दिया जायेगा:** मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आगाज 2026 कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसन्नता हो रही है। आप सभी बच्चों के लिये यह महत्वपूर्ण दिन है। ललित नारायण मिश्र संस्थान बिहार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक विरासत का हिस्सा है। संस्थान में वर्तमान में लगभग 1600 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और इसकी क्षमता को बढ़ाकर 3000 विद्यार्थियों तक करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। संस्थान में प्रवेश कैट एवं मैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर होता है। उन्होंने कहा कि 'गंगा टू ग्लोबल' की अवधारणा के तहत बिहार के विद्यार्थियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों की कार्यप्रणाली, ज्ञान और विशेषताओं से परिचित कराया जाएगा। प्रत्येक सत्र में लगभग 100 विद्यार्थियों को एक महीने का एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। विदेश के अच्छे संस्थानों से बच्चों को सीखने का अवसर देने की दिशा में पहल की जा रही है। ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान की जमीन की कमी को पूरा करने के लिये भवन निर्माण विभाग के प्रस्तावित 1 एकड़ भूमि को संस्थान को दिया जायेगा।

**बिहार की समृद्धि में अपना योगदान दें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेजों की स्थापना कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के गौरवशाली मगध के इतिहास और विरासत को पुनः वैश्विक पहचान दिलाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बिहार के युवा देश-दुनिया में कहीं भी रहें, अपनी जन्मभूमि से जुड़े रहें और बिहार की समृद्धि में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नए टाउनशिप के विकास के क्रम में एलएनएमआई को 10 एकड़ भूमि सेटेलाइट कैम्पस की स्थापना हेतु उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए एआई का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा सेंटर फॉर अर्बन पॉलिसी एंड गवर्नेस की स्थापना भी की जाएगी। संस्थान में क्वांटम कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना की जायेगी। विद्यार्थियों को आधुनिक नीति निर्माण, शहरी विकास, प्रशासन एवं शासन व्यवस्था से जुड़े विषयों में बेहतर अध्ययन और शोध के अवसर उपलब्ध कराना है।

**हर क्षेत्र में तकनीक की भूमिका बढ़ रही है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। हर क्षेत्र में तकनीक की भूमिका बढ़ रही है। एआई का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। बिहार में बाढ़ प्रबंधन के लिये बेहतर कार्य किया गया है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में नदी जोड़ो योजना की शुरूआत की गयी। हमने कोशी, नारायणी और गंगा नदी बेसिन को ठीक करने को कहा है ताकि बेहतर जल प्रबंधन किया जा सके। बेहतर जल प्रबंधन का नतीजा है कि अभी 44 लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि बिहार में है। 200 किलोमीटर का मेरीन ड्राइव वर्ष 2030 तक पीपीपी मोड में बनाया जा रहा है। इस पर 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। बिहार को समृद्ध बनाने के लिये उद्योग का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे अच्छे ढंग से पढ़ाई करें, जीवन में आगे बढ़ना है तो अच्छे ढंग से शिक्षा प्राप्त करनी है। अपने सपनों को पूरा करने के लिये पूरा प्रयास करें। सभी छात्र-छात्राओं को शुभकानायें देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम को नगर विकास एवं आवास-सह-सूचना प्रावैधिकी मंत्री नीतीश मिश्रा, योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव-सह-ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान की की निदेशक डॉ एन विजयलक्ष्मी, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शरद कुमार यादव ने भी संबोधित किया। 2026 बैच में नामांकन लेनेवाले 3 छात्र-छात्राओं ने भी अपनी बातें रखी।

## संक्षिप्त खबरें

### एयरलाइंस में लगातार तकनीकी खराबी, यात्रियों में दहशत

नई दिल्ली। एयरलाइन से सफर इन दिनों यात्रियों के लिए जोखिम भरा बनता जा रहा है। इंडिगो फ्लाइट के इंजन फेल होने, स्पाइसजेट में तकनीकी खराबी और एयर इंडिया में टबुर्लेंस की घटनाओं ने हवाई सफर को लेकर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोलकाता से चेन्नई आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-723 में मंगलवार 11 अगस्त 2026 की रात इंजन फेल हो गया। विमान में 224 यात्री सवार थे। लैंडिंग से ठीक पहले पायलट को बाएं इंजन में खराबी का पता चला। तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी गई और चेन्नई एयरपोर्ट पर रात 11:29 बजे फुल इमरजेंसी घोषित की गई। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार विमान रात 11:37 बजे रनवे 25 पर सुरक्षित उतरा। सभी यात्री सुरक्षित हैं। रात 11:47 बजे इमरजेंसी हटाई गई।

### विदेशी फंडिंग से जुड़ा एफसीआरए विधेयक जेपीसी को भेजा गया

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को ह्यविदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026' को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया। संयुक्त समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। इन्हें लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति नामित करेंगे। समिति को विधेयक की जांच और शीतकालीन सत्र 2026 के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने आज विधेयक को संयुक्त समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। विपक्षी दलों ने विधेयक को वापस लिए जाने की मांग की। सत्ता पक्ष ने कहा कि विधेयक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है। इसके बाद विधेयक को ध्वनिमत से जेपीसी को भेजे जाने का प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया। विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इससे अल्पसंख्यक संस्थानों की विदेशी फंडिंग रुक जाएगी।

## प्रवासी श्रमिकों के कल्याण को लेकर लगातार कदम उठा रही सरकार : मंत्री

- कहा - श्रमिकों को पंजीकरण, आवेदन और अधिकारों की जानकारी में मिलेगी मदद

प्रात : किरण



पटना। बिहार के बाहर काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों को कार्यस्थल पर ही सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की ओर से बेंगलुरु में प्रवासी श्रमिक सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। इसका ऑनलाइन उद्घाटन पटना के नियोजन भवन स्थित मंत्री कक्ष से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग-सह-युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के कर कमलों से किया गया। प्रवासी श्रमिक सुविधा केंद्र के उद्घाटन के उपरान्त मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार के प्रवासी श्रमिक राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। रोजगार के लिए बड़ी संख्या में श्रमिक दूसरे राज्यों में जाते हैं, ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें उनके कार्यस्थल पर ही आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन और कल्याणकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से बेंगलुरु में सुविधा केंद्र की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह पहल समृद्ध बिहार की संकल्पना को मजबूती देगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भी सहयोगी बनेगी।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की पहल पर शुरू किया गया है। केंद्र का उद्देश्य बिहार के श्रमिकों को कर्नाटक में काम करने के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के साथ सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। केंद्र को कर्नाटक सरकार के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने सुरक्षा भवन में स्थान उपलब्ध कराया है। यह केंद्र बिहार और कर्नाटक के श्रम विभागों के बीच नोडल सेंटर के रूप में काम करेगा और दोनों राज्यों के बीच श्रमिक कल्याण से जुड़े समन्वय को मजबूत करेगा। यहां बिहार के प्रवासी श्रमिकों को कर्नाटक भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण कराने में सहायता दी जाएगी, जिससे वे बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। केंद्र पर कार्यस्थल से जुड़े विवाद, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं और आकस्मिक परिस्थितियों में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## सहकारिता से मिलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती : मंत्री

- सहकारिता विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों के संबंध में सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने की प्रेस वार्ता
- नई नीति से विकसित होंगे रोजगार के बेहतर अवसर

प्रात : किरण

पटना। सरकार के सात निश्चय-3 के तहत समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार की परिकल्पना अंतर्गत राज्य में बंद चीनी मिलों को पुनः परिचालित करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार बड़े कदम उठा रही है। इसके तहत मधुबनी के सकरी में पूर्व से बंद पड़े चीनी मिल की भूमि पर नये सहकारी चीनी मिल तथा दरभंगा के रैयाम में आदर्श शुगर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाना है। इन्हें इंडिया पोटाश लिमिटेड के माध्यम से स्थापित एवं संचालित किया जाएगा। चीनी मिल के साथ वहां पर पावर जनरेशन प्लांट, डिस्टलरी और कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की भी स्थापना की जाएगी। ये बातें सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बुधवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को शामिल करके सहकारी चीनी मिल समिति का गठन किया जा रहा है। एक पारदर्शी व्यवस्था के तहत पोर्टल तैयार करके किसानों को आमंत्रित किया गया है। अभी तक इसके लिए 10,000 से 15,000 किसानों ने आवेदन किए हैं। सहकारिता विभाग की कोशिश ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, इसके लिए तेजी से काम किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़, आधुनिक और नवाचार आधारित बनाने के लिए बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 लागू की गई है। नई सहकारिता नीति से रोजगार के बेहतर अवसर विकसित होंगे।

## शाह का भाषण नहीं, बल्कि छात्रों पर हुई कार्रवाई के सवालों के जवाब चाहिए : राहुल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि वह पिछले 20 दिनों से सदन से गायब हैं और उनमें संसद में आकर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से जुड़े सवालों का जवाब देने की हिम्मत नहीं है। श्री गांधी ने बुधवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि विपक्ष को श्री शाह का भाषण नहीं, बल्कि छात्रों पर हुई कार्रवाई के सवालों के जवाब चाहिए। उन्हें संसद में आने की हिम्मत दिखानी चाहिए लेकिन ऐसा लगता है कि गृहमंत्री को अपनी छवि की ज्यादा चिंता है इसलिए वह सदन में आने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा सच यही है कि अमित शाह की इमेज का गुब्बारा फट चुका है। उनके अंदर संसद आने की हिम्मत ही नहीं है। वे 20 दिनों से गायब हैं। यहां बैठे थे, गाड़ी आती थी, जाती थी। उनके काफिले में करीब 30 गाड़ियां चलती हैं और उनके घर के सामने हजारों पुलिस वाले खड़े रहते हैं, इस डर से कि कहीं कोई बच्चा न आ जाए। अब जबरन उस गुब्बारे में फिर से हवा भरने की कोशिश की जा रही है, लेकिन गुब्बारा फट चुका है। श्री शाह में कोई साहस नहीं बचा है। देश के गृह मंत्री सदन में नहीं आ सकते। श्री शाह के यह कहने से कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, विपक्ष की मांग नहीं बदलती। विपक्ष के नेता ने स्पष्ट करते हुए कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। बाकी विपक्ष ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि हम श्री शाह का भाषण सुनने में रुचि नहीं रखते। हम उनका भाषण या चर्चा नहीं चाहते। हम एक साधारण सवाल का जवाब चाहते हैं। हमारे छात्रों पर गोली किसने चलाई। गोली चलाने का आदेश किसने दिया। किसने एक छात्र की आंख की रोशनी छीनी।

## एक-एक सवाल का दूंगा जवाब, विपक्ष तय करे चर्चा करनी है या हंगामा : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ तौर पर कहा है कि वे गुरुवार को सदन में विपक्ष के एक-एक सवाल का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संसद में हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है। साथ ही, गृह मंत्री ने विपक्ष के हंगामे को लेकर भी निशाना साधा। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार संसद में हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष के पास चर्चा का पत्र दे। बुधवार दोपहर 3 बजे से गुरुवार दोपहर 3 बजे तक हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। वहीं, विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने लिखा, विपक्ष का उद्देश्य चर्चा करना नहीं, हंगामा करना है। मैं गुरुवार को विपक्ष के एक-एक सवाल का जवाब दूंगा। फिर जनता तय करेगी कि कौन चर्चा करना चाह रहा है और कौन भाग रहा है। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, लापता, भाग गए और भगोड़े हैं, जैसी भाषा भारत के सार्वजनिक और संसदीय जीवन में अभी-अभी सुनाई पड़ रही है।

जब से सत्र शुरू हुआ, तब से मैं लगातार संसद आता हूं। मैं अपने चैंबर में बैठता हूं, चूंकि विपक्ष संसद के दोनों सदनों को चलने नहीं दे रहा है, तो वहां जाकर क्या किया जा सकता है? उन्होंने आगे कहा, जहां तक चर्चा का सवाल है, सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट कर दिया है कि नीट को लेकर छात्रों के प्रदर्शन पर सभी प्रकार की चर्चा करने के लिए तैयार है। चर्चा के लिए समय सुनिश्चित किया जाए और विपक्ष तैयार हो जाए।

**विमोचन** | पीएम मोदी ने कोविंद की आत्मकथा 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स' का किया विमोचन

## शॉर्टकट के रास्ते से बाहर निकलें नौजवान : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की युवा पीढ़ी शॉर्टकट के रास्ते से बाहर निकलने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रील का जमाना है। सोशल मीडिया में इंफ्लूएंसर आपको खींचकर कहीं से कहीं ले जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ, माई स्ट्रगल्सह्न का विमोचन किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने युवा पीढ़ी से पूर्व राष्ट्रपति की आत्मकथा पढ़ने और उनके जीवन के अनुभवों व संघर्षों से सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं युवा पीढ़ी से खासकर आग्रह करता हूं। रील का जमाना है। सोशल मीडिया में इंफ्लूएंसर आपको खींचकर कहीं से कहीं ले जाते हैं। इस शॉर्टकट के युग में भी एक बात जरूर याद रखें। रेलवे स्टेशनों पर कुछ लोगों को पटरी पर कूदकर जाने की आदत होती है। वह ब्रिज से होकर नहीं जाते हैं, लेकिन वहां (रेलवे स्टेशन) पर लिखा होता है- शॉर्टकट विल कट यू शॉर्ट। पीएम मोदी ने कहा कि अगर शॉर्टकट के रास्ते से बाहर निकलना है तो मैं नौजवानों से कहूंगा कि आपको जिसकी भी आत्मकथा पसंद हो, कृपया उसे पढ़ें। उन्होंने कहा कि आत्मकथा इतिहास की घटनाओं को अलग तरीके से समझने का अवसर देती हैं। वो कालखंड इतिहास के काफी निकट होता है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद के कार्यकाल के दौरान मिले मार्गदर्शन और स्नेह की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और समाज के लिए एक अनमोल धरोहर बनेगी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ह्लआज हमें रामनाथ कोविंद की आत्मकथा के विमोचन का अवसर मिला है। मुझे खुशी है कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। रामनाथ कोविंद से बहुत लंबा परिचय रहा है। उन्हें करीब से जानने का भी अवसर मिला है। राष्ट्रपति के रूप में उनके मार्गदर्शन के साथ-साथ उनका मेरे प्रति विशेष स्नेह और आत्मीयता, यह मेरी बहुत बड़ी पूंजी रही है।

उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविंद के जीवन को जितना समझा है, कार्य क्षमताओं को जितना जाना है, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि रामनाथ कोविंद की आत्मकथा अपने आप में भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज के लिए एक धरोहर बनेगी। कोविंद जी का समाज और राष्ट्र के लिए योगदान रहा है। पीएम मोदी ने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि रामनाथ कोविंद की जीवन यात्रा को उनके शब्दों में जानें। उनकी लेखनी और अनुभवों को देश की नई पीढ़ी पढ़े। इससे हर किसी को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। मैं रामनाथ कोविंद को इस आत्मकथा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

संक्षिप्त खबरें

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनसीसी कैडेटों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली

फतुहा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत फतुहा हाई स्कूल के एनसीसी आर्मी विंग 29 बिहार बटालियन के कैडेटों द्वारा स्टेशन रोड फतुहा से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में एनसीसी कैडेटों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बना रहा और लोगों ने भी उत्साह के साथ रैली का स्वागत किया। रैली में विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक आनंद कुमार, अभिनंदन कुमार, आमोद कुमार, प्रशांत कुमार आनंद एवं अजीत कुमार, लिपिक ठाकुर दिनेश सिंह, गौरव कुमार, शिक्षिकाएं श्रीमती ज्योति कुमारी, मीना कुमारी एवं बबीता गुप्ता तथा सीनियर कैडेट रौंशी कुमार एवं आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट शामिल हुए। विद्यालय परिवार ने छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता-अखंडता और राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

## युवा विकसित भारत की मजबूत कड़ी : प्रेम कुमार



पटना- अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है युवा उसका मजबूत कड़ी है । युवा शक्ति ही असली राष्ट्र शक्ति है । आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त कर रहा है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है । युवाओं के समस्याओं को कभी किसी ने गम्भीरता से नही लिया न नीति आयोग ने न ही सासन ने कभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता का झुनझुना थमाकर बहलाया जाता है तो कभी रोजगार उपलब्ध कराने की जुगनू दिखाकर फुसलाया जाता है तो कभी ऋण उपलब्ध कराने की भरोसा देकर बहलाया जाता है ।

देश विरोधी ताकते युवाओ को बहकाकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रहा है इससे सतर्क रहने की जरूरत है । भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्कृति हमारी शान है । उन्होंने युवाओ से आह्वान किया की जात पात और धर्म के भवन से ऊपर उठकर विकसित भारत बनाने का संकल्प ले । मौके पर देवानंद कुमार, स्नेहा यादव, मनीषा ने भी अपना विचार प्रकट किया ।

# एम्स पटना में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर तैयार होंगे लैब कर्मी

## लैब विशेषज्ञों का चार दिवसीय महा-प्रशिक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

पटना।एक सही जांच रिपोर्ट, सही इलाज की पहली सीढ़ी होती है। इसी सोच के साथ एम्स पटना मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित और भरोसेमंद डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में संस्थान के बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा क्रड 15189 पर चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो 11 अगस्त से शुरू होकर 14 अगस्त 2026 तक चलेगा।

क्रड 15189 मेडिकल लैबोरेटरीज में गुणवत्ता और तकनीकी दक्षता सुनिश्चित करने वाला अंतरराष्ट्रीय मानक है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लैब विशेषज्ञों और कर्मचारियों को इन अंतरराष्ट्रीय मानकों की जानकारी देना है, ताकि हर सैंपल की जांच में गुणवत्ता, रिपोर्ट में सटीकता और मरीजों के लिए बेहतर भरोसा सुनिश्चित हो सके।

यह पहल एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल के प्रोत्साहन और बायोकेमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. साधना शर्मा की पहल पर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान डीन अकादमिक प्रो. पूनम प्रसाद भदानी और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने भी उपस्थित रहकर इस पहल का समर्थन किया। प्रशिक्षण का संचालन दिल्ली के मेडिकल एडुकेशन एंड लर्निंग प्वाइंट के विशेषज्ञों द्वारा डॉ. नीरज जैन के नेतृत्व में किया जा रहा है।

इस दौरान प्रतिभागियों को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, रिस्क मैनेजमेंट, प्रोसेस कंट्रोल और एक्रेडिटेशन रिक्वायरमेंट्स जैसे विषयों पर इंटरैक्टिव सत्रों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जोर दिया गया कि गुणवत्ता केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रहकर दैनिक काम का हिस्सा बने।

विभागाध्यक्ष डॉ. साधना शर्मा ने कहा कि लैब जांच मरीज के उपचार की दिशा तय करती है, इसलिए सैंपल कलेक्शन से लेकर रिपोर्ट तैयार करने तक हर चरण में सटीकता जरूरी है। यह कार्यक्रम एम्स पटना की मरीज-केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## दर्द से मुक्ति, गतिशीलता की ओरः राष्ट्रीय जॉइंट रिप्लेसमेंट दिवस पर एम्स पटना में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ रुकने न दें जिंदगी की रफ्तारः जानिए कब और क्यों जरूरी है जॉइंट रिप्लेसमेंटः प्रो. डॉ. सुदीप कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

पटना।दर्द को सहना मजबूरी नहीं, सही इलाज से फिर से चलना संभव है। इसी संदेश के साथ राष्ट्रीय जॉइंट रिप्लेसमेंट दिवस के अवसर पर एम्स पटना के ऑथोर्पेडिक्स विभाग द्वारा 12 अगस्त को एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को घुटने व कूल्हे के दर्द, गठिया, जोड़ों की सही देखभाल और आधुनिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बारे में सरल और स्पष्ट भाषा में जागरूक करना था।यह कार्यक्रम एम्स पटना के ऑथोर्पेडिक्स विभाग के यूनिट हेड एवं प्रभारी (जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्विसेज) *प्रो. डॉ. सुदीप कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ऑथोर्पेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष *प्रो. डॉ. अनूप कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उम्र बढ़ने का असर मानकर दर्द को न करें नजरअंदाजः कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि घुटने या कूल्हे में लगातार दर्द, अकड़न और चलने-फिरने में होने वाली परेशानी को केवल बढ़ती उम्र का असर समझकर नजरअंदाज करना सही नहीं है। जब दर्द के कारण सीढ़ियां चढ़ना, सामान्य रूप से चलना या रोजमर्रा के घरेलू काम करना मुश्किल हो जाए, तो बिना देर किए विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।विशेषज्ञों ने यह भ्रांति दूर करते हुए कहा कि हर मरीज को जॉइंट रिप्लेसमेंट की जरूरत नहीं होती। शुरूआती चरण में दवाइयों, नियमित व्यायाम और फिजियोथेरेपी से राहत दी जाती है।

लेकिन जब इन उपचारों से लाभ न मिले और जोड़ों की समस्या जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करने लगे, तब विशेषज्ञ स्थिति का मूल्यांकन कर जॉइंट रिप्लेसमेंट की सलाह देते हैं।ः मरीजों ने साझा किए रिकवरी के अनुभव-इस कार्यक्रम का सबसे प्रमुख आकर्षण जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी करा चुके मरीजों की सहभागिता रही। मरीजों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह सर्जरी से पहले दर्द के कारण उनका जीवन सीमित हो गया था। उन्होंने अपनी सर्जरी, इलाज और रिकवरी की यात्रा बताते हुए कहा कि सही समय पर कराए गए इलाज के बाद अब वे एक आत्मनिर्भर और सक्रिय जीवन जी रहे हैं। इन वास्तविक अनुभवों ने उपस्थित लोगों के मन से सर्जरी के प्रति डर को दूर करने में मदद की।

विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि जॉइंट रिप्लेसमेंट केवल एक ऑपरेशन भर नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण उपचार प्रक्रिया है।इसमें मरीज का सही चयन, सटीक प्लानिंग, ऑपरेशन के बाद की देखभाल, नियमित फिजियोथेरेपी, पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) और लंबे समय तक जोड़ों की सही देखभाल शामिल है।कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने जोड़ों के दर्द, गठिया, सर्जरी की आवश्यकता, सावधानियों और रिकवरी से जुड़े कई सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने सभी शंकाओं का समाधान करते हुए लोगों को समय पर डॉक्टरी सलाह लेने के लिए प्रेरित किया।

## लापता नाबालिग छात्रा को एसआईटी ने पटना जंक्शन से किया बरामद



प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल की छात्रा के लापता होने के मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक, दानापुर-1 के नेतृत्व में विशेष जांच दल रक्ळ्ळका गठन किया गया। टीम में खगौल थानाध्यक्ष रंजन कुमार समेत थाना के कई पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और पश्चिमी पटना की डीआईयू टीम को शामिल किया गया।पुलिस के अनुसार, गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर छात्रा की तलाश शुरू की। जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने आसनसोल, पश्चिम बंगाल तक छात्रा का पीछा किया और करीब 36 घंटे के भीतर उसे पटना जंक्शन से सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसकी एक अन्य लड़की से दोस्ती थी। दोनों की इंस्टाग्राम के माध्यम से आसनसोल के रहने वाले एक युवक से पहचान हुई थी। पुलिस के अनुसार, पढ़ाई को लेकर घर में दबाव और अन्य पारिवारिक कारणों के बीच छात्रा अपनी दोस्त तथा आसनसोल निवासी युवक विशाल कुमार के संपर्क में आई और उसके बताए अनुसार घर से आसनसोल चली गई थी।पुलिस ने बताया कि मामले में संलिप्त बताए जा रहे आसनसोल निवासी विशाल कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर खगौल। रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर देशभर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है। अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और इसकी गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखें।

दानापुर मंडल की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान केवल तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और एकजुटता की भावना को अभिव्यक्त करने का अवसर है।आइए, स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करें।

## स्वास्थ्य केंद्रों के मुल्यांकन के लिए तैयार किये जा रहे इंटरनल अस्सेसर

पटना- राज्य में स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता आंकलन एवं प्रमाणन के लिए विभाग द्वारा राज्य में ही इंटरनल अस्सेसर/सर्विस प्रोवाइडर तैयार किए जा रहे हैं. मालूम हो कि इससे अस्सेसर की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य संस्थानों के प्रमाणीकरण को गति मिलेगी. इसी क्रम में बुधवार को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के तत्वावधान में शेखपुरा स्थित राज्यकीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में जिलों से आए स्वास्थ्य अधिकारीयों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत की गयी. साथ ही प्रतिभागियों को सर्विस प्रोवाइडर ( सेवा प्रदाता ) के रूप में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यशाला में निदेशक, पुब्लिक हेल्थ, बिहार विद्यापीठ तथा जिलों से आए डीपीएम, बीसीएम, बीएचएम, सीएचओ, हेल्थ मेनेजर, डेंटल सर्जन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे. प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया.

सेवा की शुरूआत घर से करेंःप्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता आश्वासन सह राज्य नोडल, सड़क सुरक्षा, डॉ. अभिषेक कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मी सभी सेवा प्रदाता हैं और सेवा की शुरूआत घर से होती है. उन्होंने बताया कि अगर घर में गर्भवती महिला के साथ लड़ाई-झगड़ा किया जाता है तो यह याद रखने की जरुरत है कि इससे महिला के साथ-साथ उसके गर्भ में पल रहे शिशु के मानसिक विकास और देश की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी ध्यान से प्रशिक्षकों की बतायी जा रही बातों को सुनें और समझें. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों का टेस्ट लिया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को केंद्र सरकार की तरफ से इंटरनल अस्सेसर का सर्टिफिकेट दिया जाएगा. क्वालिटी एवं एनक्वास प्रमाणीकरण पर किया गया उन्मुखीकरणःक्वालिटी एवं एनक्वास प्रमाणीकरण पर विस्तार से बात करते हुए यूनिसेफ के डॉ. जगजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को गुणवत्ता आंकलन की बारीकियों की जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया. उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता आंकलन के विभिन्न आयामों की चर्चा की. कार्यशाला में पिरामल फाउंडेशन की तरफ से डॉ. उत्तम कुमार, डॉ. तौसीफ कमर, गुंजन गौरव और यूनिसेफ की तरफ से राज कमल शर्मा द्वारा गुणवत्ता आंकलन के आयामों पर उन्मुखीकरण किया जाएगा.

## योग और आयुर्वेद स्वस्थ जीवन की आधारशिलाः डॉ. प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित शिलपारा में स्वामी संतोष आनंद जी महाराज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग एवं आयुर्वेद प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन उपस्थित होकर योग, आयुर्वेद और भारतीय जीवन पद्धति के महत्व पर अपना संदेश दिया।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की ऐसी अमूल्य धरोहर हैं, जो आज पूरे विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का मार्ग दिखा रहे हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अनियमित दिनचर्या, तनाव, खान-पान में बदलाव और प्रकृति से दूरी के कारण अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार और आयुर्वेदिक जीवनशैली को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना अत्यंत उपयोगी हो सकता है।

उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए स्वामी संतोष आनंद जी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

उन्होंने शिविर में महिलाओं की भागीदारी की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि परिवार के स्वास्थ्य और संस्कार निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि महिलाएं योग, आयुर्वेद, पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक होंगी तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ेगा।

डॉ. प्रेम कुमार ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं योग एवं आयुर्वेद को अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार, समाज और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ह्लस्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार का निर्माण करता है और स्वस्थ परिवार से स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण होता है।उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ हमारी पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान परंपराओं के वैज्ञानिक एवं प्रमाणित पक्षों के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई जाए। योग और आयुर्वेद को जीवन में अपनाते हुए हमें नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम और सकारात्मक सोच पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन ने निकाली विशाल नशा मुक्ति जागरूकता रैली, युवाओं ने लिया नशा न करने का संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । नशा मुक्त समाज - विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया और नशा छोड़ जीवन जोड़ का संदेश दिया। प्रेम यूथ फाउंडेशन का बैनर लेकर पूरे क्षेत्र में पदयात्रा की। रैली के दौरान ह्लअपने लिए ना सही अपनों के लिए नशा को ना कहेंऔर नशा मुक्त ही भारत अपनाह्व जैसे नारे गूंजते रहे।

### युवाओं में दिखा जोश

रैली का नेतृत्व फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने किया। वॉलेंटियरशिप कार्यक्रम के तहत जुड़े छात्र-छात्राएं भी रैली में शामिल हुए। सभी ने शपथ ली कि वे न केवल खुद नशे से दूर रहेंगे बल्कि अपने दोस्तों और परिवार को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे।फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर अमृत राज ने कहा नशा युवा पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद कर रहा है। अगर हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है तो सबसे पहले अपने समाज को नशा मुक्त बनाना होगा। प्रेम यूथ फाउंडेशन गांव-गांव और कॉलेज-कॉलेज जाकर यह अभियान चलाएगा।

लोगों को किया जागरूक रैली मार्ग में लोगों को पर्चे बांटकर नशे से होने वाली बीमारियों और सामाजिक बुराइयों के बारे में बताया गया। राहगीरों और दुकानदारों ने भी रैली का समर्थन किया। प्रेम यूथ फाउंडेशन लगातार नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रहा है।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पटना जी.पी.ओ. में वंदे मातरम संगीत कैंपेन एवं प्रभात फेरी का आयोजन

पटना। डाक निदेशालय, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार देशभर में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बिहार परिमंडल में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना जी.पी.ओ. में वंदे मातरम् संगीत कैंपेन का आयोजन उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य डाकपाल, पटना जी.पी.ओ. राजदेव प्रसाद तथा उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन) श्री विनय कुमार दुबे सहित डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का आयोजन पटना जी.पी.ओ. के ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित भवन के समक्ष किया गया। निर्धारित ह्यवंदे मातरम्ह्ण गीत के साथ कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से लिप-सिंक एवं प्रस्तुति दी गई। विभागीय कर्मचारियों ने निर्धारित वेशभूषा एवं पहचान-पत्र के साथ सहभागिता की तथा प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर पटना जी.पी.ओ. के ऐतिहासिक भवन की पृष्ठभूमि में आयोजित कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम स्थल पर हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष सेल्फी प्वाइंट/फोटो फ्रेम भी स्थापित किया गया, जिसके माध्यम से कर्मचारियों एवं आगंतुकों ने अभियान के प्रति अपनी सहभागिता प्रदर्शित की।वंदे मातरम् संगीत कैंपेन के पश्चात डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में डाक विभाग के कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से भाग लिया। प्रभात फेरी के दौरान देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए आम नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान का विशेष ध्यान रखा गया। विभिन्न मार्गों से गुजरती प्रभात फेरी ने वातावरण में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का भाव उत्पन्न किया।डाक विभाग द्वारा इस अभियान के माध्यम से आमजन से अपील की जा रही है कि वेहर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं सम्मान व्यक्त करें।कार्यक्रम एवं प्रभात फेरी की उच्च गुणवत्ता वाली फोटो एवं वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई, ताकि अभियान की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जा सके।

## अनशन के नौवें दिन उच्च शिक्षा मंत्री से मिला शिष्टमंडल, वार्ता सकारात्मक

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उम्र सीमा वृद्धि सहित 6 मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन अनशन के आज नौवें दिन सरकार की ओर से सकारात्मक संकेत मिले। सरकार के घटक दल जदयू के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के माननीय एमएलसी डॉ. संजीव कुमार सिंह जी एवं डॉ. बीरेंद्र नारायण यादव जी आज धरनास्थल पर पहुँचे और उम्र सीमा सहित हमारी सभी मांगों का पुरजोर समर्थन किया।दोनों माननीय सदस्यों ने बताया कि वे उच्च शिक्षा मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर हमारी मांगों के संबंध में वार्ता कर चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार हमारीमांगों को लेकर गंभीर है।

दोनों माननीय सदस्यों ने सुझाव दिया कि एक प्रतिनिधि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी से मिलकर इस विषय पर वार्ता करें। साथ ही, उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री जी से समय लेकर छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा मंत्री से मुलाकात भी सुनिश्चित कराई।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे–

1. डॉ. बिनय कुमार उपाध्याय2. श्री अजय यादव3. डॉ. आसिफ अली 4. डॉ. प्रीति कुमारी5. डॉ. उमेश कुमार6. डॉ. मोनू कुमारप्रतिनिधिमंडल ने माननीय उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर जी के समक्ष उम्र सीमा सहित हमारी सभी छह मांगों एवं अभ्यर्थियों की समस्याओं को मजबूती से रखा।

उच्च शिक्षा मंत्री जी के साथ लगभग एक घंटे तक बेहद गंभीर, तीखी, तथ्यपूर्ण एवं तर्कपूर्ण वार्ता हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जी द्वारा रखे गए विभिन्न तर्कों का तथ्यों एवं तार्किक आधार पर जवाब दिया तथा सरकार से हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक समाधान की मांग की।

वार्ता के दौरान माननीय शिक्षा मंत्री जी ने कहा कि अभी कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। बैठक के बाद वे माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर हमारी मांगों एवं पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से यह भी कहा कि वे स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर अपनी बात रखें।

### सरकार के साथ संवाद का रास्ता खुला

आज की पूरी घटनाक्रम से यह स्पष्ट है कि हमारी मांगें अब सरकार के उच्चतम स्तर तक गंभीरता से पहुँच चुकी हैं। जनप्रतिनिधियों का धरनास्थल पर आना, हमारी मांगों का समर्थन करना तथा शिक्षा मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल की विस्तृत वार्ता होना संघर्ष के लिए महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक संकेत है।हालांकि अंतिम निर्णय सरकार को लेना है, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि सरकार अभ्यर्थियों की न्यायसंगत मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।अनशन का नौवाँ दिन है–संघर्ष जारी है, उम्मीद कायम है। 16 अगस्त को लोकभवन का घेराव की तैयारी है।

## तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गयाजी जिला समाहरणालय से गांधी मंडप तक आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में माननीय विधायक मनोरमा देवी, जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, विद्यालय के छात्र छात्रा,स्काउट एवं गाइड, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय संस्था के प्रतिनिधि, जीविका दीदियां सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी के आह्वान पर स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव देशवासियों में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करने वाला अभियान रहा है। तिरंगा यात्रा इसी राष्ट्रभावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, त्याग, शौर्य और गौरव का प्रतीक है। देश के कोने-कोने में आयोजित तिरंगा यात्राएं राष्ट्र के प्रति सम्मान और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत कर रही हैं।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की युवा शक्ति और आम नागरिकों को ह्यराष्ट्र प्रथम की भावना से जुड़ने का अवसर मिलता है। तिरंगे का केसरिया रंग साहस और त्याग, श्वेत रंग सत्य एवं शांति तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। ध्वज के मध्य स्थित अशोक चक्र हमें निरंतर कर्म, प्रगति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम उन महान राष्ट्रनायकों के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत की पहचान विश्व में एक सशक्त, सक्षम और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हो रही है। ऐसे समय में तिरंगा यात्रा देशवासियों में राष्ट्रीय एकता और ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करती है।

उन्होंने समस्त देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पूरे उत्साह, सम्मान और अनुशासन के साथ तिरंगा यात्राओं में भाग लें

## 2.5 इंच के छोटे चीरे से सफल हृदय सर्जरी

पटना। आधुनिक चिकित्सा तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की विशेषज्ञता का एक और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पारस हेल्थ- पटना के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने 20 वर्षीय मनीषा कुमारी का मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक ओस्टियम सेकेंडम एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट का ऑपरेशन किया। मात्र 2.5 इंच के छोटे चीरे (राइट एंटीरियर थोराकोटॉमी) के जरिए की गई (

इस जटिल सर्जरी के बाद मरीज को केवल तीन दिनों में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

अररिया निवासी 20 वर्षीय मनीषा कुमारी पिछले कुछ समय से सांस फूलने, अत्यधिक थकान और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याओं से परेशान थीं।

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं. : PSSA-COMGSU-2026-27-01

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (सड़क सुरक्षा परियोजना) भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई–निविदा" आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 07.09.2026 को 15.00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट–www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

कार्य का नाम (मद सं. सहित) : परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति– पूर्व मध्य रेलवे की गति शक्ति इकाई को सौपे गए विभिन्न ROB/RUB निर्माण स्थलों/सेक्शनों तथा अन्य कार्यों के लिए 60 माह (5 वर्ष) की अवधि हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति। अनुमानित लागत (रू. में): 1326256142.71 अग्रधन राशि (रू. में): 6781300.00 प्री–बिड कॉन्फ्रेंस की तिथि और समय 17.08.2026 को सुबह 11:00 बजे है। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार:– किसी भी निविदा को स्थगित करने /निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति,
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/0714/एसईई/जीएस/टी/26–27/40

# मुख्यमंत्री ने थावे मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की

- मां थावे का आशीर्वाद संपूर्ण बिहारवासियों पर सदैव बना रहे

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार गोपालगंज स्थित प्रसिद्ध थावे मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां थावे से संपूर्ण बिहार की सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे मां थावे का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि मां थावे की कृपा संपूर्ण बिहारवासियों पर सदैव बनी रहे। आज थावे धाम में पूजा-अर्चना कर पूरे प्रदेश की सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की है। बिहार समृद्ध हो और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही कामना है। मुख्यमंत्री के गोपालगंज गृह जिला आगमन पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं मंदिर प्रबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार, विधायक मंजीत कुमार सिंह, विधायक सुभाष सिंह, विधान पार्षद राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू, अन्य जनप्रतिनिधगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, सारण प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक नीलेश कुमार, जिलाधिकारी समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक श्री विनय तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन-बान-शान हैः श्रवण

- नालंदा के विश्व धरोहर परिसर में गूंजी देशभक्ति
- मंत्री श्रवण कुमार संग एनसीसी कैडेटों ने ली हर घर तिरंगा की शपथ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन-बान-शान है। यह सम्मान, संप्रभुता और स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। इसे हमेशा ऊंचा रखना हम सभी भारतवासियों का परम कर्तव्य है। ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह सूचना जदयू विधायक दल के नेता मंत्री श्रवण कुमार ने आगामी स्वतंत्रता दिवस से पहले बुधवार को नालंदा के ऐतिहासिक विश्व धरोहर परिसर में हर घर तिरंगा अभियान 2026 कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि नालंदा जैसी ऐतिहासिक धरती से हर घर तिरंगा का संदेश निकलना पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

यह अभियान न सिर्फ स्वतंत्रता दिवस का जश्न है, बल्कि नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना जगाने का माध्यम भी है।

मंत्री श्री श्रवण कुमार ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर घर तिरंगा का संदेश गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने मौजूद लोगों से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और तिरंगे की गरिमा की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**वंदे मातरम से गूंजा ऐतिहासिक स्थलः** अभियान के तहत 38 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम कैडेटों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम की हुंकार भरी। कार्यक्रम का नेतृत्व बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल राजेश बहारी ने किया। कर्नल ने कैडेटों के जोश की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी केवल परेड नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की पाठशाला है।

उन्होंने कैडेटों को जीवन में हमेशा देश को पहले रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संरक्षण सहायक विक्रम झा, ऋषि कुमार, बंटू सिंह, धनंजय देव सहित पुरातत्व विभाग के अधिकारी, स्थानीय समाजसेवी और बड़ी संख्या में एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी व कैडेट उपस्थित रहे। कैडेटों ने परिसर में तिरंगा रैली भी निकाली और आगंतुकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रगान के साथ समापन किया।

# बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति : विजय

प्रात : किरण संवाददाता



हैदराबाद। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज तेलंगाना सचिवालय, हैदराबाद में तेलंगाना के कृषि मंत्री थुम्मला नागेश्वर राव जी से मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार एवं तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने, आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों के आदान-प्रदान, किसानों के प्रशिक्षण तथा दोनों राज्यों में किये जा रहे सफल कृषि प्रयोगों को साझा करने को लेकर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बिहार एवं तेलंगाना के कृषि विभाग के प्रधान सचिव, निदेशक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने कहा कि बिहार और तेलंगाना दोनों ही कृषि के क्षेत्र में अपनी अलग-अलग विशेषताओं, अनुभवों और सफल प्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इस बैठक का उद्देश्य दोनों राज्यों की कृषि व्यवस्था में उपलब्ध अनुभवों, तकनीकी ज्ञान और सफल मॉडलों को एक-दूसरे के साथ साझा करना तथा किसानों के हित में उनका उपयोग सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि किसानों के बीच प्रत्यक्ष अनुभव एवं ज्ञान का आदान-प्रदान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। दोनों राज्यों के किसानों को एक-दूसरे के राज्य में प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण का अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे नई तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ सफल कृषि मॉडलों को नजदीक से देखकर उनके व्यावहारिक पहलुओं को समझ सकें। इससे किसानों को अपने-अपने राज्य की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने में सहायता मिलेगी। मंत्री ने कहा कि बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में यह सहयोग आने वाले समय में किसानों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा कृषि को अधिक आधुनिक, उत्पादक, टिकाऊ और मूल्यवर्धित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बेगूसराय शहरी क्षेत्र में नए पावर ग्रिड के लिए शीघ्र जमीन उपलब्ध कराएगा राजस्व विभाग

- गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार के आग्रह पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने दिया आश्वासन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बेगूसराय शहर में बढ़ती बिजली की मांग और लगातार हो रहे औद्योगिक एवं आवासीय विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार ने शहर के निकट नए पावर ग्रिड की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में पहल तेज कर दी है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार के आग्रह पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने पावर ग्रिड के निर्माण के लिए शीघ्र उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने राजस्व मंत्री से उनके कार्यालय कक्ष में पत्र सौंपते हुए कहा कि बेगूसराय जिला मुख्यालय और शहरी क्षेत्र वर्तमान में तेजी से औद्योगिक एवं आवासीय विस्तार के दौर से गुजर रहा है। इसके चलते शहर में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में बेगूसराय शहर के लिए स्थानीय स्तर पर कोई समर्पित पावर ग्रिड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि शहर की विद्युत आपूर्ति दूर स्थित तेघड़ा, बलिया एवं बरौनी पावर ग्रिडों पर निर्भर है। लंबी संचरण लाइनों के कारण तकनीकी फॉल्ट, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, जिससे शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होती है। मंत्री संजय कुमार ने बेगूसराय शहर की बड़ी आबादी, बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों और औद्योगिक जरूरतों को देखते हुए शहर के निकट नए पावर ग्रिड के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। राजस्व मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के स्तर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है, ताकि पावर ग्रिड निर्माण की प्रक्रिया में भूमि की कमी बाधा न बने।

राजस्व मंत्री ने कहा कि बेगूसराय जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहरी एवं औद्योगिक क्षेत्र में मजबूत विद्युत आधारभूत संरचना समय की आवश्यकता है। सरकार विकास कार्यों के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर गंभीर है।

# जनसुनवाई में मंत्री दामोदर रावत एवं रत्नेश सदा ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्री शंभू कुशवाहा मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए दामोदर रावत ने कहा कि एनडीए सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति पूरी तरह सख्त है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कहीं भी आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन त्वरित कार्रवाई करता है और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। शराबबंदी से समाज में शांति और अमन-चैन का माहौल कायम हुआ : रत्नेश मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि शराबबंदी लागू होने के बाद समाज में अमन-चैन का माहौल कायम हुआ है और इसका सबसे बड़ा लाभ महिलाओं को मिला है। उन्होंने कहा कि शराब के कारण होने वाली घरेलू हिंसा और पारिवारिक कलह में कमी आई है। पहले जिन महिलाओं को घर से बाहर निकलने में असुरक्षा और भय महसूस होता था, आज वे अधिक आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक जीवन में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि शराब की तस्करी और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। शराब के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# चीनी मिल उद्योग को तेज रफ्तार देने में जुटी सरकार, भूमि विवादों पर भी सख्ती

- राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान की उपस्थिति में समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राज्य में चीनी उद्योग को नई रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार ने भूमि से जुड़े मामलों के समाधान की दिशा में भी कदम तेज कर दिए हैं। चीनी मिलों के सुचारू प्रबंधन एवं संचालन में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए सरकार अब मिलों से जुड़े लंबित न्यायालयी मामलों की गहन समीक्षा कर रही है।

बुधवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में चीनी मिलों से जुड़े भूमि मामलों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान भी उपस्थित रहे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा गन्ना उद्योग विभाग के सचिवों सहित संबंधित अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

समीक्षा के दौरान पूर्वी चंपारण स्थित बारा चकिया चीनी मिल की संपूर्ण परिसंपत्ति से संबंधित मामले पर चर्चा की गई। इसमें कुल 1,008 एकड़ भूमि शामिल है, जिसमें बेतिया राज की भूमि भी सम्मिलित है। इसी प्रकार मोतिहारी स्थित मेसर्स हनुमान शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चीनी मिल से संबंधित भूमि मामले की भी समीक्षा की गई। इसमें 13 बीघा 6 कट्ठा 13 धूर फ्रीहोल्ड भूमि तथा बेतिया राज की 24 बीघा 15 कट्ठा 2 धूर लीजहोल्ड भूमि शामिल है। इसके अतिरिक्त गोपालगंज की सासामुसा चीनी मिल से संबंधित भूमि मामलों की भी समीक्षा की गई। इसमें 44 बीघा 8 कट्ठा 7 धूर स्वामित्व वाली भूमि, 21 बीघा 19 कट्ठा 9 धूर हथुआ राज की मुकर्ररी लीज भूमि से संबंधित मामले शामिल हैं।

बैठक में राज्य की चीनी मिलों से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों की मामलेवार समीक्षा की गई। विशेष रूप से उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें सरकारी एवं रैयती भूमि शामिल है। अधिकारियों से इन मामलों में अब तक हुई न्यायालयी कार्रवाई, विभाग के पास उपलब्ध राजस्व अभिलेखों तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों की जानकारी ली गई।

राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि चीनी मिलों से जुड़े सभी लंबित मामलों में तथ्यों की गहन जांच कर तेजी से विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामलों के कारण चीनी मिलों के संचालन अथवा उद्योग के विस्तार की गति प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में भूमि की प्रकृति, स्वामित्व, राजस्व अभिलेखों एवं न्यायालय में प्रस्तुत तथ्यों का समुचित मिलान किया जाए। सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में राज्य सरकार के हितों की मजबूती से पैरवी सुनिश्चित करने के साथ-साथ रैयती भूमि से जुड़े मामलों में भी उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर स्पष्ट स्थिति तैयार की जाए।

# पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना है : उमेश

- संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर जदयू के सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक, प्रदेश अध्यक्ष ने दिए दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में बुधवार को जदयू के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, आपसी समन्वय तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों को संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर ताक मजबूत करने के साथ-साथ संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि न्याय के साथ विकास के मूल मंत्र के साथ नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में बिहार के विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना है। सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सभी प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना है। उन्होंने आगामी एक वर्ष के लिए प्रकोष्ठवार कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से धरातल पर लागू करने पर भी जोर दिया। बैठक में मीडिया सेल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अमरदीप एवं प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा, शंभू कुशवाहा, अरुण वर्मा, सुमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। साथ ही, वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधायक बबलू मंडल, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नीतीश पटेल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सह विधानपार्षद शिवरानी देवी प्रजापति, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधायक आदित्य कुमार, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ एलबी सिंह, शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार, किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज कुमार, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधायक विशाल साह, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधायक राहुल कुमार सिंह, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह विधायक शुभानन्द मुकेश, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णा पटेल, महिला उत्तर बिहार की प्रभारी खुशबू रानी एवं महिला दक्षिण बिहार की प्रभारी सुप्रिया रानी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# पार्टी सांसदों से नीतीश कुमार ने की मुलाकात



पटना। नई दिल्ली में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने पार्टी के सांसदों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सांसदों के साथ बिहार के विकास, जनहित से जुड़े विषयों एवं समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। श्री नीतीश कुमार ने सांसदों से बिहार के हितों और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसदों के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक संवाद हुआ। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा, सांसद दिलेश्वर कामैत, देवेश चंद्र ठाकुर, कौशलेंद्र कुमार, डा आलोक सुमन, सुनील कुमार, विजयलक्ष्मी देवी, रामप्रीत मंडल के साथ ही विधान परिषद् में पार्टी के उप-नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ उपस्थित रहे।

# केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने की मुलाकात

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने बिहार के सर्वांगीण विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों एवं राज्य की प्रगति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श की। उन्होंने राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार के सहयोग और समन्वय से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। मुलाकात के दौरान मंत्री मो. जमा खान ने कैमूर जिले स्थित भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग से संबंधित प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि भभुआ रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यहां राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव से स्थानीय यात्रियों, व्यापारियों एवं आमजन को काफी सुविधा होगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

# राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 तक निकलेगी तिरंगा यात्राः शिक्षा मंत्री

- शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने डीईओ, आरडीडीई समेत सभी शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश
- आजादी के पर्व में शिक्षकों, विद्यार्थियों के अलावा अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने की अपील की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्र सरकार के हर घार तिरंगा- 2026-महोत्सव के देशव्यापी अभियान के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 अगस्त तक तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों समेत सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों और प्रखंडों के विद्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यात्रा से पढ़ाई बाधित न हो, इसका भी ध्यान रखना है।

शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया है कि तिरंगा यात्रा में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के पर्व को पूरे जोश, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि देश की आजादी सीमाओं की रक्षा से सुरक्षित रहती है, लेकिन आजादी की ताकत शिक्षित नागरिकों से बढ़ती है। इसलिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिक होने की भावना को और मजबूत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि तिरंगा यात्रा सहित स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सभी कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि आजादी का पर्व जनभागीदारी के साथ पूरे उत्साह से मनाया जा सके।

# पर्यटन के मानचित्र पर आएगा बाबा वीर चौहरमल धाम, मुख्यमंत्री ने दी सैद्धांतिक मंजूरी

- मंत्री लखेन्द्र पासवान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा ज्ञापन, धाम के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मोकामा के चाराडीह स्थित प्रसिद्ध बाबा वीर चौहरमल महाराज धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेन्द्र पासवान ने बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर धाम को आधिकारिक पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री की ओर से इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई है। इससे बाबा वीर चौहरमल महाराज धाम को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जगी है। मंत्री श्री पासवान ने मुख्यमंत्री को बताया कि बाबा वीर चौहरमल महाराज धाम धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र है। धाम से बड़ी संख्या में लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। यहां प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले मेले में बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

**सैद्धांतिक सहमति से विकास की उम्मीद जगीः** मुख्यमंत्री की ओर से सैद्धांतिक सहमति दिए जाने के बाद अब धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार किया जाएगा।

मंत्री श्री लखेन्द्र पासवान ने कहा कि बाबा वीर चौहरमल महाराज धाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि बिहार की लोक संस्कृति और सामाजिक विरासत से भी जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने से बिहार की समृद्ध लोक परंपरा और आस्था को व्यापक पहचान मिलेगी।

**स्थानीय स्तर पर बढ़ेंगे रोजगार के अवसरः** धाम के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से मोकामा और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय बाजार, परिवहन, होटल, खान-पान और अन्य सेवा क्षेत्रों को भी लाभ मिल सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होगी।

मंत्री ने मुख्यमंत्री से धाम के विकास के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई जल्द आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक पहल से बाबा वीर चौहरमल महाराज धाम को एक विकसित धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा।

# अपराध रोकने में सरकार विफल, पुलिसिया जुल्म बढ़ा : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान बदलाव जरूरी है नारों के साथ निकाली गई गांव गांव पदयात्रा सातवें दिन 12 अगस्त 2026 को भी पूरे बिहार में जारी रही। यात्रा के दौरान आमलोगों ने संवाद के दौरान कहा कि भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल है। पुलिस जुल्म बढ़ा है। फर्जी एनकाउंटर के नाम पर निर्दोष लोगों की हत्या पुलिस कर रही है। बिहार के हर गांव में पुलिस के संरक्षण में अवैध शराब का धंधा चल रहा है। युवा सूखा नशा के शिकार हो रहे हैं। समाज मे तनाव बढ़े हैं। आदिवासी, दलित, महिला और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़े हैं। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि जिलों से जो रिपोर्ट आ रही है वह रोंगटे खड़े करने वाले हैं। सत्ता और पुलिस के संरक्षण में भू माफिया के द्वारा गरीबों को उजड़ा जा रहा है। बिहार में तेजी से बढ़ते अपराधों और गिरती कानून-व्यवस्था गहरी चिंता का विषय बन गया है। यह स्पष्ट किया गया कि प्रदेश सरकार आम जनता की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। आए दिन हो रही हत्याएं, लूट, बलात्कार एवं संगठित अपराध के मामलों में वृद्धि राज्य की पुलिस और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि मधुबनी के मंडल कारा में बेनीपट्टी प्रखंड अंतर्गत परकौली पंचायत निवासी रौशन यादव की मौत सरकार की नाकामी को दशार्ता है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिले। अपराधियों और भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्र निर्गत के 15 दिन बाद भी नहीं हुआ कचरा का उठाव

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा 25 जुलाई को भरपुरा पटपारा, बेलरांडी, तारा, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण,सिंघिया बुजुर्ग उत्तर और विभूतिपुर उत्तर पंचायत के पंचायत सचिवों व स्वच्छता पर्यवेक्षकों के नाम एक पत्र निर्गत किया गया था। जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु साफ सफाई का कार्य कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन पत्र निर्गत के लगभग 15 दिन से अधिक बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कचरा का उठाव नहीं हो पाया है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु मात्र 2 दिन समय बचे हैं। अभी तक साफ सफाई नहीं हुआ है तो कब होगा? जबकि निर्गत पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि पंचायत के सार्वजनिक स्थल, स्कूल कॉलेज, चौक चौराहे, बाजार आदि जगहों पर लगे कूरे - कचरे के ढेर को अविलंब हटाया जाए। इस तरह अधिकारी के आदेश की अवहेलना करना मानमानेपन को दर्शाता है। क्या इस पर विभाग कोई ठोस कदम उठाएगा? क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी? फिलहाल यह तो बाद की बात है। फिलहाल राष्ट्रीय पर्व बिल्कुल नजदीक आने के बावजूद भी कचरे का उठाव नहीं होना स्वच्छता अभियान योजना की विफलता को दशार्ता है।

### पीएटी-2024 में पीएचडी नामांकन की राह साफ,माधव झा ने संजय झा के प्रति जताया आभार

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में पीएटी-2024 के माध्यम से पीएचडी नामांकन शुरू कराने की मांग को लेकर छात्रों के एक शिष्टमंडल ने कुछ दिनों पूर्व पटना में राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा से मुलाकात की थी। शिष्टमंडल ने सांसद को छात्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए पीएचडी नामांकन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की थी। छात्रों की मांग पर संजय झा ने आश्वासन दिया था कि वे राजभवन से इस संबंध में बात कर नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने की पहल करेंगे। अब राजभवन द्वारा पीएचडी नामांकन पर लगी रोक हटाए जाने के बाद छात्रों में खुशी का माहौल है। इससे पीएटी-2024 में सफल अभ्यर्थियों के लिए पीएचडी में नामांकन का रास्ता साफ होने की उम्मीद जगी है। इस पहल के लिए छात्र महागठबंधन जदयू के जिला अध्यक्ष माधव झा ने सांसद संजय झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने से हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य को नई दिशा मिलेगी तथा लंबे समय से चली आ रही उनकी चिंता दूर होगी।

### मारपीट के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के देशरी पकाही से विभूतिपुर पुलिस ने मारपीट के नामजद अभियुक्त अमरेश कुमार और श्रवण कुमार को हिरासत में लिया है। उक्त बात की जानकारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने देते हुए बताया कि 10 अगस्त को देशरी पकाही निवासी राम प्रवेश महतो हरवे हथियार व लोहे की रॉड से मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाते हुए उपर्युक्त नामित सहित 4 नामजद व 5 अज्ञात को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाया था।उसी आलोक में यह कार्रवाई की गई है।

### 17 अगस्त को जिले की सभी 20 शाखाओं में लगेगा कृषि ऋण आउटरीच कैंप

मधुबनी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगो को विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 अगस्त 2026 को जिले में कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिले की बैंक की सभी 20 शाखाओं में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।अग्रणी जिला प्रबंधक गजेंद्र मोहन झा ने बताया कि कैंप के दौरान कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों से जुड़ी विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत पात्र लाभुकों के आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए ऋण की स्वीकृति एवं वितरण किया जाएगा। इसमें किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), गव्य विकास, मत्स्य पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, पीएमएफएमई तथा एग्री क्लिनिक-एग्री बिजनेस सहित अन्य योजनाएं शामिल है।उन्होने जिले के किसानों, कृषि उद्यमियों एवं ग्रामीण व्यवसाय से जुड़े लोगों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की निकटतम शाखा से संपर्क करें और अपनी आवश्यकता के अनुरूप कृषि ऋण के लिए आवेदन करें।बैंक की ओर से बताया गया कि कृषि ऋण आउटरीच कैंप का उद्देश्य किसानों एवं कृषि आधारित व्यवसायों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

# विभूतिपुर में किसान सलाहकार समिति की बैठक मिट्टी जांच प्रयोगशाला स्थापित करने की उठी मांग

प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। पंचायत समिति भवन, विभूतिपुर में बुधवार को प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम नारायण सिंह ने की। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन, आत्मा द्वारा संचालित कार्यक्रमों, उर्वरक की उपलब्धता एवं कीमत तथा किसानों को बेहतर कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशि रंजन ने पिछली बैठक की कार्यवाही से सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने वर्तमान में आत्मा के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने किसान पाठशाला, फसल प्रत्यक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराने तथा इन कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में प्रखंड प्रमुख श्रीमती सुनीता देवी ने पंचायत स्तर पर मिट्टी जांच प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध होने से किसानों को अपने खेत की मिट्टी की स्थिति की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। इससे मिट्टी के अनुरूप उर्वरकों एवं पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग करने में मदद मिलेगी तथा किसानों की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी लाभ मिलेगा। वहीं आत्मा सदस्य कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने किसान भवनों के रखरखाव का मुद्दा उठाते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी से किसान भवन के रखरखाव के लिए जिला स्तर से आवंटित राशि के संबंध में जानकारी मांगी। उन्होंने किसान भवनों का नियमित रखरखाव एवं उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।आत्मा सदस्य सतीश प्रसाद सिंह ने किसानों को उर्वरक निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचे जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक उचित एवं निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।बैठक में जिला परिषद सदस्य रीना राय ने किसान चौपाल को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित कृषि कर्मियों से किसान चौपाल में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा किसानों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान चौपाल के माध्यम से किसानों और कृषि विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा सकता है तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी किसानों तक आसानी से पहुंचाई जा सकती है। बैठक में किसानों तक कृषि विभाग एवं आत्मा की योजनाओं का लाभ पहुंचाने, कृषि तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराने तथा किसानों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने कृषि विभाग, आत्मा, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों के हित में कार्य करने पर बल दिया। बैठक में प्रखंड किसान सलाहकार समिति के सभी सदस्य, सभी कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक सत्यप्रकाश सिंह एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक विपुल भारती सहित संबंधित कृषि कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई एवं किसानों के हित में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

# तिरंगा यात्रा राष्ट्रीयता तथा देशभक्ति के मुद्दे पर भारतीय चेतना का श्रेष्ठ उदाहरण : सांसद

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के द्वारा वंदे मातरम् के 150 साल पूरा होने पर दिल्ली में निकाली गई तिरंगा यात्रा सह बाइक रैली में दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर जी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा को देश के उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने भारत मंडपम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनडीए सांसदों का यह तिरंगा यात्रा सह बाइक रैली इंडिया गेट होते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जाकर खत्म हुआ । इस यात्रा में भारत माता की जय के साथ देशभक्ति के नारे लगाए गए।इस तिरंगा यात्रा में सांसद डा ठाकुर के साथ साथ कई केंद्रीय मंत्री, लोकसभा तथा राज्यसभा के सांसद तथा बड़ी संख्या में आमानगरिकों ने भी अपनी सहभागिता दी। सांसद डा ठाकुर ने तिरंगा यात्रा को आतंकवाद के खिलाफ भारत का स्पष्ट संदेश बताते हुए कहा कि देश स्तर पर निकाली जा रही तिरंगा यात्रा सरकार या किसी संगठन का महज एक कार्यक्रम नहीं है वरन् देश की एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की एकजुटता का संदेश है जिसके माध्यम से देश भर में जिस तरह से राष्ट्रीयता और देशभक्ति का माहौल बन रहा है वह भारतीय चेतना का श्रेष्ठ उदाहरण है। सांसद डा ठाकुर ने इस तिरंगा यात्रा में विशाल संख्या में भागीदारी को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस यात्रा में जिस प्रकार से एनडीए सांसदों के साथ साथ आम नागरिकों तथा युवाओं की भागीदारी हुई है वह इस बात का द्योतक है कि देश की अखंडता तथा संप्रभुता के मुद्दे पर पूरा देश एकजुट है।

# दो शराबी गिरफ्तार

विभूतिपुर/समस्तीपुर । थाना क्षेत्र के बाजिदपुर वार्ड 01 से दो पियक्कड़ गंगा प्रसाद राय का पुत्र रोहन कुमार व राम प्रताप राय का पुत्र दिनेश कुमार को हिरासत में लिया है। मध निषेध अधिनियम के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।उक्त बात की जानकारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने दी है।

# केवटी में विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब



केवटी (दरभंगा)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत केवटी प्रखंड में भाजपा द्वारा एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस देशभक्ति यात्रा का नेतृत्व स्थानीय भाजपा विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने किया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान रहा। दारिमा चौक से रनवे चौक तक का सफर यह तिरंगा यात्रा केवटी प्रखंड के दारिमा चौक से ऐतिहासिक रनवे चौक तक निकाली गई। हाथों में राष्ट्रध्वज थामे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने पैदल मार्च किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह यात्रा देश की एकता, अखंडता और वीर शहीदों को नमन करने का एक सशक्त माध्यम है। वरिष्ठ नेताओं और मंडल अध्यक्षों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस यात्रा को सफल बनाने में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केवटी भाजपा प्रखंड के सभी मंडल अध्यक्षों सहित निम्नलिखित प्रमुख नेता उपस्थित रहे: सतीश कुमार यादव, निर्भय कुमार टुन्ना, पवन निराला, स्वप्न मिश्रा, उमेश पासवान, नवीन राउत, संतोष साहु, बाबू साहेब झा, श्याम मिश्र, करुणानंद मिश्र, पप्पू मिश्र, भैरव झा, प्रभु राय, अशोक ठाकुर, जनक दास, नवल यादव, अमरजीत यादव, रमनजी मिश्र, उपेंद्र राय, विनोदानंद झा, दिलीप भारती जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत दारिमा चौक से शुरू होकर रनवे चौक पहुंचने के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों ने जगह-जगह यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भारी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भी हिस्सा लिया, जो देशभक्ति के गीतों पर जोश से भरे नजर आए।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत दरभंगा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

● कर्पूरी चौक से लोहिया चौक तक निकली यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, एनसीसी, एनएसएस ने लिया हिस्सा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कर्पूरी चौक स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद कर्पूरी चौक से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर बेंता चौक, लहेरियासराय टावर होते हुए लोहिया चौक पहुंची। लहेरियासराय टावर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। लोहिया चौक पर संबोधन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान से तथा समापन बिहार गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के मंत्री सह दरभंगा के प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र ने कहा कि देश को आजाद कराने में हजारों स्वतंत्रता सेनानियों और सैनिकों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके त्याग और बलिदान के कारण आज देशवासी स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय ध्वज को गर्व से शान से फहरा रहे हैं। देशभर में करोड़ों लोगों की तिरंगा यात्रा में सहभागिता राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रदर्शित करती है। नगर विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद हर घर तिरंगा अभियान व्यापक जनचेतना के आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा, हर गांव तिरंगा, हर प्रतिष्ठान तिरंगा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। राष्ट्रीय पर्वों पर प्रत्येक नागरिक को अपने घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और स्वाभिमान की भावना प्रदर्शित करनी चाहिए। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता जिले में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की मजबूत भावना को दर्शाती है। तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, गौरव, एकता और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज की आन, बान और शान बनाए रखने की अपील की। यात्रा में विधायक केवटी डॉ मुरारी मोहन झा, महापौर अंजुम आरा, विधान परिषद सदस्य हरि सहनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त स्वप्निल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड तथा ह्यमेरा युवा भारतह्व के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर प्रतिभागियों ने आमजनों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान की भावना मजबूत करने का संदेश दिया।

# समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य से मिलेगा योजनाओं का लाभ : प्रो विनय चौधरी



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा होना जरूरी है। वे बुधवार को बेनीपुर प्रखंड क्षेत्र के रामौली छठियाही पोखर में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायक ऐच्छिक कोष से निर्मित घाट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। सड़क, बिजली, शिक्षा, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती तथा बहेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमित किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण, ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण और पेयजल योजनाओं पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। कई महत्वपूर्ण सड़कों के दोहरीकरण की प्रक्रिया जारी है, जबकि अधिकांश ग्रामीण सड़कों का अनुरक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख मुकुंद राय सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

# एक वर्ष पूर्व हुए टेंपो लूट कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी (दरभंगा)। मनीगाछी थाना क्षेत्र के मनीगाछी पुतई मुख्य मार्ग पर बघांत सोई पुल के निकट एक वर्ष पूर्व 31 जुलाई की रात हुई टेंपो लूट कांड के फरार चल रहे मुख्य आरोपी को मनीगाछी की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। टेंपो लूट कांड का यह मुख्य आरोपी बघांत गांव के अर्जुन कामती का पुत्र कृष्णा कामती है।मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इसकी संलिप्तता की स्वीकारोक्ति के साथ ही इस घटना का उद्भेदन हो गया।मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी के बाद इसकी जानकारी देते हुए एस डी पी ओ बेनीपुर वासुकी नाथ झा ने बताया कि अपने परिजनों को लेकर सकरी



रेलवे स्टेशन से घर लौट रहे थाना क्षेत्र के पुतई गांव निवासी मो गुलजार से अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें नगद तीस हजार से अधिक राशि तथा टेंपो की लूट भी की गई थी।इस संबंध में थाना में दर्ज कांड संख्या 114/25 दिनांक 1/8/ 25 के उद्भेदन के लिए टीम का गठन किया गया था।इस घटना में शामिल बाजितपुर थाना क्षेत्र के चक्का गांव निवासी अशोक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और लूटे गए टेंपो भी बहेड़ा थाना क्षेत्र के मझौरा गांव निवासी विजय ठाकुर से बरामद किया गया था।विजय ठाकुर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल घनश्याम पुर थाना क्षेत्र के विष्णु पुर गांव निवासी योगी यादव के घर कुर्की की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना के मुख्य आरोपी मनीगाछी थाना क्षेत्र के बघांत गांव निवासी कृष्णा कामती पुलिस की गिरफ्तारी से बच कर फरार चल रहा था जिसे बुधवार की सुबह चनौर गांव के पेट्रोल पंप के निकट चाय की दुकान से पुलिस ने जाल बिछाकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि एस डी पी ओ के नेतृत्व में बनी टीम में मनीगाछी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य सशस्त्र बलों को लगाया गया था।

# हर घर तिरंगा योजना अंतर्गत क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के जगतारणी उच्चतर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खम्हार में छात्र-छात्राओं के द्वारा हर घर तिरंगा योजना अंतर्गत क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेतना सत्र में वंदे मातरम का सामूहिक गायन से किया गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण स्वर रहा है। सामूहिक गायन के माध्यम से विद्यार्थियों को इसके ऐतिहासिक महत्व एवं देशभक्ति की भावना से परिचित कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रभक्ति केवल भावनाओं में नहीं, बल्कि हमारे आचरण, कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों में



भी दिखाई देनी चाहिए।बता दें कि जगतारणी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, खम्हार में वंदे मातरम का सामूहिक गायन केवल हर घर तिरंगा अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यालय की नियमित शैक्षणिक एवं संस्कारपरक गतिविधि का हिस्सा है। मध्यांतर के पश्चात क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली के माध्यम से विद्यालय की छात्राएं तिरंगे के तीन रंगों और अशोक चक्र की रचनात्मक प्रस्तुति की।रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा दशम् की छात्रा राजलक्ष्मी की टीम ने प्रथम, साक्षी कुमारी व शिवानी कुमारी की टीमों ने द्वितीय एवं शांभवी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।क्विज प्रतियोगिता में बारहवीं का छात्र अंशु कुमार, दशम् का छात्र ऋतिक कुमार एवं नवम् की छात्रा काजल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।निर्णायक मंडली के सदस्य सुमंत कुमार चौधरी, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, राजीव कुमार पासवान, गुंजन कुमारी , वंदना तिवारी, पिंकी कुमारी एवं पूजा कुमारी थे । वहीं कार्यक्रम को आयोजित करने में रंजना कुमारी, नूतन कुमारी , भारती एवं कुणाल कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।वहीं धन्यवाद ज्ञापश प्रधानाध्यापिका आरती आनंद ने की।

# मधुबनी में निकली भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

मधुबनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियो, पदाधिकारियो एवं आम नागरिको ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड, विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, जामिया इस्लामिया के छात्र, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, जीएनएम एवं आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के पदाधिकारी-कर्मी तथा मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों का उत्साह, स्काउट एंड गाइड के छात्रों की ड्रम की ताल और युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। तिरंगा रथ पर बज रहे हर घर तिरंगा और वंदे मातरम की धुन से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत रहा। हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा और वंदे मातरम के नारों से शहर की सड़कें गूंजती रही।तिरंगा यात्रा +2 बालिका उच्च विद्यालय, मधुबनी से शुरू होकर थाना मोड़, रेलवे स्टेशन एवं बाटा चौक होते हुए शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय पहुंची। यात्रा के समापन के बाद जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इसके बाद सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा मधुबनी की सामूहिक देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का उत्सव है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियो, पदाधिकारियो और आम नागरिको की भागीदारी ने यह संदेश दिया है कि तिरंगा सभी को एक सूत्र में जोड़ता है। उन्होंने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाने, अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र की प्रगति, स्वच्छता और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने देश की एकता, अखंडता एवं आपसी सद्भावना का संदेश देते हुए तिरंगे के रंग वाले गुब्बारों के गुच्छ को आकाश में उड़ाया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगो को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

# एमएलएसएम महाविद्यालय में शिक्षक संघ का पुनर्गठन, डॉ. अंजीत कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। एमएलएसएम महाविद्यालय, दरभंगा में शिक्षक संघ के पुनर्गठन के लिए सेमिनार हॉल में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों की आमसभा आयोजित की गई। बैठक का संचालन शिक्षक संघ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर झा तथा वरीय शिक्षकों की समवेत अध्यक्षता में किया गया। बैठक में शिक्षकों के हितों, संगठन को सशक्त बनाने तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आमसभा में सर्वसम्मति से राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजीत कुमार चौधरी को शिक्षक संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके नाम का प्रस्ताव अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार साफी ने रखा, जिसे उपस्थित सभी शिक्षकों ने समर्थन प्रदान करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। इसके बाद सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर डॉ. सुजीत कुमार साफी एवं डॉ. भारतेंदु कुमार, सचिव पद पर डॉ. ज्वाला चंद चौधरी, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. आनंद मोहन झा एवं डॉ. संगीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. कुमुद कुमारी, प्रवक्ता पद पर डॉ. अंजू कुमारी एवं डॉ. उदय कुमार साह तथा कार्यालय सचिव पद पर डॉ. विवेक कुमार राय एवं डॉ. रणवीर कुमार को चुना गया। नई कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक डॉ शंभू कुमार यादव प्रधानाचार्य एवं संरक्षक डॉक्टर नंदकिशोर झा वर्षरएवं परीक्षा नियंत्रक को मनोनीत किया गया। डॉ. संजय कुमार क्षा, डॉ. अविनाश पांडे, डॉ. माला कुमारी, डॉ. कुरातुलऐन, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. रंजन कुमार, डॉ. रणवीर कुमार, डॉ. श्वेताश्री, डॉ. सुप्रीता शालिनी एवं डॉ. नीरज कुमार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अंजीत कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षक संघ का उद्देश्य केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित न रहकर शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा महाविद्यालय के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन के साथ सकारात्मक एवं सहयोगात्मक संबंध कायम रखते हुए संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता के शिखर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। नई कार्यकारिणी ने शिक्षकों के बीच एकजुटता, पारदर्शिता और संवाद को मजबूत करने तथा छात्र-शिक्षक संबंधों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। शिक्षक संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से एम.एल.एस.एम. महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों को नई ऊंचाई प्राप्त होगी। उन्होंने वरिष्ठ शिक्षकों डॉ विनय कुमार झा, डॉ बिधान चंद्र चौधरी, डॉ अनिल कुमार झा, डॉ सुभाष मिश्रा, डॉ चंद्रनाथ क्षा ,डॉ अवधेश झा, डॉ कासिम,बैठक का समापन नवगठित संघ के प्रति शिक्षकों के विश्वास और बेहतर भविष्य की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# कांटी में पांच स्थानों पर हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन विकास की रोशनी से जगमगाएगा क्षेत्र

मुजफ्फरपुर । कांटी क्षेत्र के अलग-अलग पांच स्थानों पर एनटीपीसी कांटी के सीएसआर मद से लगाए गए हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन बुधवार को विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने किया। इस दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। हाईमास्ट लाइट लगने से संबंधित क्षेत्रों में रात के समय चारों ओर रोशनी फैल गई है। विधायक ई. अजीत कुमार ने बताया कि उनकी विशेष पहल पर कांटी हाईस्कूल चौराहा के समीप, साइन मंदिर, श्रीशिया मठ। मधुबन तथा कुशी बुद्ध पोखर के समीप हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। एक हाईमास्ट लाइट की लागत करीब पांच लाख रुपये है। इस तरह पांच स्थानों पर करीब 25 लाख रुपये खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि रोशनी की बेहतर व्यवस्था से आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। कांटी विधानसभा क्षेत्र को विकास के हर पैमाने पर आगे ले जाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में क्षेत्र के करीब 20 और अलग-अलग स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। इसको लेकर एनटीपीसी कांटी के अधिकारियों के साथ वार्ता कर पहल शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कांटी पुराना चौक एवं कांटी अस्पताल परिसर में भी उनकी पहल पर एनटीपीसी द्वारा हाईमास्ट लाइट लगाई गई है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2026/11 दानापुर, दि. 07.08.2026 भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– 1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर डिवीज़न के JAJ-DDU सेक्शन में ट्रैक मशीन स्टेबलिंग लाइनें बनाने, यार्ड को अपग्रेड और बेहतर करने, और ट्रैक को बदलने से जुड़े सिग्नलिंग का काम 2. अनुमानित लागत: रूपये 34087669.93 3. बयाना राशि: 681800.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 31.08.2026 को 15:00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 31.08.2026 को 15:30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
मं० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर
पीआर/709/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26–27/32

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं विधायक, सामुदायिक किचन व पेयजल व्यवस्था के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गायघाट प्रखंड में बुधवार को बाढ़ की स्थिति का विधायक कोमल सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में अविलंब सामुदायिक किचन शुरू कराने तथा ग्रामीणों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए पंचायतों में त्रिपाल एवं पन्नी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी कराई गई। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया। उन्होंने आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने और लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी दूर करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना प्राथमिकता है। प्रशासन और संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा ग्रामीणों की आवश्यक जरूरतों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## नेपाल से लाई जा रही 27 लीटर नेपाली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर की सी कंपनी पिपरौन के जवानों ने कार्रवाई करते हुए नेपाल से भारत लाई जा रही 27 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद की। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया।जानकारी के अनुसार, 12 अगस्त को करीब 3:30 बजे कंपनी के एलए को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर संदिग्ध सामान लेकर सीमा स्तंभ संख्या 284/20 के रास्ते नेपाल से भारत की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर तत्काल विशेष गश्ती दल का गठन कर संबंधित क्षेत्र में भेजा गया।गश्ती दल ने सीमा क्षेत्र में निगरानी के दौरान नहर के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल से आते देखा। जवानों ने उसे रोककर मोटरसाइकिल की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखी गई नेपाली देशी शराब की 90 बोतलें बरामद हुईं। प्रत्येक बोतल में 300 मिलीलीटर शराब थी। इस प्रकार कुल 27 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि बरामद शराब नेपाल के दिग्गियाटोल क्षेत्र से लाई गई थी और इसे मधुबनी जिले के बेनीपट्टी क्षेत्र में पहुंचाया जाना था।

## पुलिस की पिटाई से मौत मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत 11 पर प्राथमिकी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सिवाईपट्टी थाना के छितरा टोले सगहरी गांव में पुलिस की कथित पिटाई से घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में विशेष एससी-एसटी कोर्ट में दर्ज परिवाद पर एससी-एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सिवाईपट्टी थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार, एसआई शशि भूषण कुमार, एसआई अदिति कुमारी, एसआई अब्दुल्ला, अहियापुर थाने के एसआई राहुल कुमार, व छितरा टोले सगहरी के मुकेश बैठा, शंकर बैठा, लाल बाबू बैठा, पिंकी देवी, मंतोष कुमार, विक्की कुमार के साथ 10 पुलिसकर्मियों को आरोपित किया है। यह परिवाद मृतक मदन बैठा उर्फ मदन चौधरी की पत्नी सीता देवी ने कराया था। परिवादी ने कहा कि 22 अक्टूबर 2024 की दोपहर सिवाईपट्टी थाना की पुलिस तीन गाड़ियों से पीड़िता के घर पहुंची और मदन बैठा को जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई पुत्री के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद पुलिस मदन बैठा को अपनी गाड़ी में ले गई और कुछ दूर आगे जाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर उसे सड़क किनारे छोड़कर चली गई। परिजन उन्हें मीनापुर अस्पताल और फिर एसकेएमसीएच ले गए। जहां से गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 23 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों के साथ पूर्व से चल रहे भूमि विवाद में पुलिस दूसरे पक्ष के साथ मिलकर साजिश रच रही थी। वरीय अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद संज्ञान नहीं लिया गया और 25 अक्टूबर को उनके बेटे पर दबाव बनाकर मनमाफिक आवेदन पर सिवाईपट्टी थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी।

## सहार प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

सहार। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सहार प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी जनार्दन तिवारी ने किया। तिरंगा यात्रा में बीडीओ के एलावा अंचला अधिकारी राकेश आनंद, थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, जीविका बीपीएम अमरेंद्र कुमार सत्या,मुखिया प्रतिनिधि शुद्ध प्रसाद, भाजपा नेता नारायण जी, मो सादिक हुसैन, जीविका सीएम शमिमा खातुन,प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।तिरंगा यात्रा प्रखंड मुख्यालय परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सहार थाना, सहार बाजार होते हुए पुनः मुख्यालय पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारे लगाए एवं लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश दिया। पूरे मार्ग में देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग रहा।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी लोगों से हर घर पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## हत्था पंचायत के चांदपुरा में नल-जल योजना का सपोर्टिव सुपरवीजन, पेयजल व्यवस्था की हुई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत हत्था पंचायत के चांदपुरा वार्ड संख्या 15 में मुख्यमंत्री ग्रामीण निश्चय पेयजल योजना का सपोर्टिव सुपरवीजन किया गया। इस दौरान क्लाइमेट रेसिलिएंट को ध्यान में रखते हुए नल-जल योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा की गई। सुपरवीजन के दौरान वार्ड सदस्य अजीत कुमार, अनुरक्षक मनोज कुमार, मुन्नी बैंगरी पंचायत के अनुरक्षक गोपाल कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। बैठक में नल-जल योजना के संचालन, पेयजल की उपलब्धता और बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान बाढ़ की स्थिति में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, नल-जल योजना के प्रभावित होने की अवधि तथा ऐसी परिस्थितियों में वैकल्पिक व्यवस्था समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जमीनी समस्याओं को समझा और संभावित समाधान को लेकर समीक्षा की। सुपरवीजन में यूनिसेफ के वाटर क्वालिटी एक्सपर्ट डॉ. अटल शुक्ला एवं डॉ. प्रभाकर सिन्हा के साथ आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम की मुजफ्फरपुर टीम से जयप्रकाश कुमार, अभिजीत कुमार, सकरा से आबिद रजा व इकबाल शेख तथा बंदरा से अनमोल कुमार, अवधेश कुमार और सुनेहा कुमारी मौजूद रहीं। टीम ने बाढ़ के दौरान नल-जल योजना की कार्यक्षमता और ग्रामीणों तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने की चुनौतियों को समझने के लिए स्थल निरीक्षण किया। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था को आपदा की स्थिति में अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने के लिए आवश्यक उपायों पर भी जानकारी साझा की गई। सुपरवीजन का मुख्य उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नल-जल योजना को जलवायु के अनुकूल और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में जमीनी स्थिति का आकलन करना रहा।

## किसान-मजदूरों के हकों पर हमला कर रही सरकार : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदयात्रा अभियान के सातवें दिन मीनापुर के बनघारा बाजार से पदयात्रा निकाली गई । पदयात्रा का घोसौत तथा हरसेर पंचायत के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए बलुआ बाजार पर समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाट-बाजारों पर सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद् सदस्य जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि एनडीए की केन्द्र तथा राज्य सरकार गरीबों के रोजी-रोजगार पर डाका डाल रही है। देश में जहाँ बड़े पूंजीपतियों के सम्पत्ति में बेशुमार वृद्धि हो रही है, वहीं गरीब मजदूर किसान की हालात फटेहाल है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया भिखारी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य की सम्राट सरकार गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाकर शासन करना चाह रही है। खाद की सरेआम कालाबाजारी हो रही है और सरकारी तंत्र खामोश है। पार्टी के अंचल सचिव शिवजी प्रसाद ने मोदी सरकार के मजदूर-किसान विरोधी नीति के खिलाफ 01 सितम्बर को दिल्ली चलने का आह्वान किया। पदयात्रा में राम एकबाली राय, दरोगा प्रसाद, रामचन्द्र झा, लालबाबू गुप्ता, नगीना प्रसाद, शत्रुघ्न साह, त्रिभुवन राम, राम नन्दन प्रसाद, मुनेन्द्र कुमार, रामसेवक राम, विश्वनाथ कौशिक आदि पार्टी नेताओं ने शिरकत किया।

# जिले में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, जनप्रतिनिधियों अधिकारियों सहित सैकड़ों लोग हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला स्तर पर बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। इसकी शुरूआत मरीन ड्राईव लेकफ्रन्ट-1 स्थित कम्यूनिटी हॉल परिसर से हुई, जो लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर कम्पनीबाग स्थित शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर समाप्त हुई। इस आकर्षक एवं प्रेरणादायक तिरंगा यात्रा में पर्यटन मंत्री, केदार प्रसार गुप्ता, विधायक श्री रंजन कुमार, महापौर श्रीमती निर्मला देवी साहु, उप महापौर डॉ. मोनालिसा, जिलाधिकारी, कुमार गौरव, वरीय पुलिस अधीक्षक, कांतेश कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा, अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी डॉ. आकांक्षा आनंद सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारी उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा में लगभग 11 विद्यालयों से सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ जीविका दीदियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। इसमें काफी बड़ी संख्या में आमलोगों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी हाथ में तिरंगा लिए हुए राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति के नारों तथा संदेशों के साथ आगे बढ़ रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने के अवसर पर सम्पूर्ण जिला में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक कार्यक्रम भर नहीं है बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं जन-सहभागिता का महाअभियान है। इसमें आमलोगों द्वारा काफी बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से सहभागिता दी जा रही है। इससे यह महाअभियान जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रहा है। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुशहरी प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबनी पंचायत में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया। मधुबनी पंचायत के पंचायत सरकार भवन से देशभक्ति एवं राष्ट्र गौरव के संदेशों पर तिरंगा यात्रा शुरू की गई। पूरे गांव में यह यात्रा निकाली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य अधिकाधिक घरो एवं संस्थानों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना, जन-भागीदारी को बढ़ावा देना एवं फ्लैग कोड के नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव एवं सभी पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। तिरंगा यात्रा, बाईक एवं साईकिल रैली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन, प्रदर्शनी, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरकारी भवनों की त्रिवर्णीय रोशनी, सेल्फी विद तिरंगा सहित विभिन्न कार्यक्रम इस अभियान के तहत संचालित किया जा रहा है।


## वार्ड 34 में 50 स्ट्रीट लाइट खराब, पार्षद ने नगर आयुक्त से की अविलंब मरम्मत की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नगर निगम के वार्ड नंबर 34 में 50 से अधिक पोलों पर लगी स्ट्रीट लाइट खराब होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर वार्ड पार्षद चंदा कुमारी ने 12 अगस्त 2026 को नगर आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर खराब स्ट्रीट लाइटों की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है। पार्षद ने शिकायत में बताया कि वार्ड के अलग-अलग स्थानों पर लगे 50 पोलों की स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। कहीं स्विच खराब है, कहीं तार नहीं है, कहीं पत्ता/चोक खराब है, जबकि कुछ लाइटें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। शिकायत में खराब पोलों की सूची भी नगर निगम को उपलब्ध कराई गई है। पार्षद के अनुसार, रात के समय वार्ड के कई हिस्सों में घना अंधेरा छाया रहता है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही चोरी और सड़क दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि जब खराब लाइटों की मरम्मत के लिए कर्मचारियों से कहा जाता है तो नई 6000 स्ट्रीट लाइट आने का इंतजार करने की बात कही जाती है। पार्षद ने सवाल उठाया कि नई लाइटें आने तक वार्ड के लोगों को अंधेरे में रहने के लिए कैसे छोड़ा जा सकता है। पार्षद चंदा कुमारी ने नगर आयुक्त से मांग की है कि वार्ड में खराब पड़ी सभी 50 स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और मरम्मत कार्य की समय-सीमा निर्धारित कर उन्हें इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारी या कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। शिकायत पत्र में पार्षद ने जनवरी 2026 में हुए बोर्ड निर्णय का अनुपालन नहीं होने का भी उल्लेख करते हुए जनहित में मामले पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## पूसा सेंट्रल स्कूल में झांकी प्रतियोगिता, शिव पार्वती की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। पूसा सेंट्रल स्कूल सहुरी में सावन के अवसर पर जूनियर एवं नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं के बीच झांकी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर मदन राय ने किया।प्रतियोगिता के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती सहित विभिन्न धार्मिक स्वरूपों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से शिव-पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों और शिक्षकों के बीच फोटो सेशन भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उत्कृष्ट झांकी प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य नेहा कुमारी एवं निशांत कुमार डब्लू ने बताया कि बच्चों के उत्साहवर्धन और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे भगवान के स्वरूप होते हैं और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सावन की सोमवारी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को और भी जीवंत बना दिया। वरीय शिक्षक दिनेश मिश्रा ने आभार ज्ञापित किया।इस दौरान स्कूल की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## एमआरडी इंटर कॉलेज से शुरू हुई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सेवा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गाय घाट प्रखंड के कांटा क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को नियमित रूप से संचालित कराने की मांग को लेकर दिए गए आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। बाढ़ की वर्तमान स्थिति को देखते हुए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्वास्थ्य सेवाएं तत्काल प्रभाव से एमआरडी इंटर कॉलेज परिसर से अस्थायी रूप से शुरू कर दी गई हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य सेवाएं एमआरडी इंटर कॉलेज परिसर से संचालित की जा रही हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र के मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य जरूरतमंद लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए दूर जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़े। क्षेत्र के लोगों से अपील की गई है कि वे एमआरडी इंटर कॉलेज परिसर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होते ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को उसके मूल भवन से नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। आवेदनकताओं प्रभात मिश्रा, अभिषेक सुमन, मयंक मिश्रा एवं रोहित ठाकुर ने जनहित में त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कराने के लिए प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बाढ़ समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य केंद्र को जल्द उसके मूल भवन में स्थानांतरित कर नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जनता को स्थायी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## भिखनपुरा-गन्नीपुर के लोगों को जल्द मिलेगी राहत रेलवे ट्रैक पार करने का जोखिम होगा खत्म

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के भिखनपुरा और गन्नीपुर मोहल्ले के लोगों को जल्द ही रेलवे ट्रैक पार करने के जोखिम से राहत मिलने वाली है। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने रामदयालु नगर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर स्टेशन के समीप अनधिकृत रूप से ट्रैक पार करने वाले रास्ते पर लाइट रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और रैंप का निर्माण शुरू करा दिया है। निर्माण स्थल पर बाधा बन रहे पेड़ों की छंटाई का काम भी शुरू हो गया है। रेलवे की ओर से स्वीकृत नक्शे के अनुसार प्रस्तावित लाइट आरओबी और रैंप की चौड़ाई तीन मीटर होगी। इसका ढलान निर्धारित मानकों के अनुरूप रखा जाएगा। इससे पैदल यात्रियों के अलावा साइकिल और मोटरसाइकिल सवारों को भी आने-जाने में सुविधा होगी। आरओबी के निर्माण के बाद भिखनपुरा और गन्नीपुर मोहल्ले के लोगों को रामदयालु स्टेशन की ओर आने-जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे रेलवे लाइन पर होने वाले अनधिकृत आवागमन पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। लाइट आरओबी को पैदल यात्रियों, साइकिल और दोपहिया वाहनों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इस पर चार पहिया और भारी वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए आरओबी के दोनों सिरों पर मजबूत रेल बैरियर लगाए जाएंगे। वहीं, 750 एमएम की दूरी पर 1000 एमएम ऊंचाई वाले रेल पोस्ट लगाए जाने हैं, ताकि भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित किया जा सके। आरओबी की सुरक्षा और रोशनी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रेलवे प्रशासन ने विद्युत कार्य की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके लिए 11 लाख 87 हजार 484 रुपये का टेंडर जारी किया गया है। विद्युत कार्य पूरा होने के बाद ओवरहेड वायर और लाइटिंग से जुड़े काम में तेजी आने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्तमान में भिखनपुरा और गन्नीपुर के बीच आवागमन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग रेलवे ट्रैक का अनधिकृत रूप से इस्तेमाल करते हैं। रोजाना एक हजार से अधिक लोगों के पटरी पार करने की बात कही जा रही है। ऐसे में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लाइट आरओबी और रैंप का निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को सुरक्षित आवागमन का वैकल्पिक रास्ता मिलेगा। साथ ही रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत आवाजाही कम होने से रेल परिचालन और यात्रियों की सुरक्षा भी बेहतर होने की उम्मीद है।

## गायघाट में 175 लीटर से अधिक विदेशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना क्षेत्र के पिलखी-मैठी रोड इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। गायघाट थानाध्यक्ष जेपी गुप्ता के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 175.185 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद शराब में इम्पीरियल ब्लु ग्रेन ह्विस्की शामिल है। इसमें 375 एमएल की 11 कार्टन में 24-24 बोतल यानी 99 लीटर, 180 एमएल की 4 कार्टन में 48-48 बोतल यानी 34.56 लीटर, 750 एमएल की 44 बोतल यानी 33 लीटर तथा 375 एमएल की 23 बोतल यानी 8.625 लीटर शराब शामिल है।

पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर लिया है। मौके से फरार कारोबारियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# चलती यात्री बस में लगी भीषण आग 35 यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। देर रात मोतिहारी से मुजफ्फरपुर आ रही एक यात्री बस में अचानक आग लगने से बरजी ओवरब्रिज पर अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को तत्काल रोक दिया, जिससे उसमें सवार यात्रियों को बाहर निकलने का मौका मिल गया। जानकारी के अनुसार, यात्री बस मोतिहारी से मुजफ्फरपुर की ओर आ रही थी। जैसे ही बस एएन-27 के बरजी ओवरब्रिज पर पहुंची, उसमें अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग देखते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और सभी तेजी से बस से बाहर निकलने लगे। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धूकर जलने लगी। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही अमृता कुमारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने बस में सवार सभी 35 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि बस पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। चालक की तत्परता और समय रहते यात्रियों के बस से बाहर निकल जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि आग के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद बरजी ओवरब्रिज पर कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।

## मुर्गी फार्म की आड़ में चल रही थी नकली शराब की फैक्ट्री, उत्पाद विभाग ने मारा छापा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। करजा थाना क्षेत्र के द्वारिकानाथपुर में मुर्गी फार्म की आड़ में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री चलाए जाने का मामला सामने आया है। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुर्गी फार्म संचालक समेत एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। मौके से तैयार नकली शराब के अलावा कैरामेल, विभिन्न ब्रांड के रैपर, बोतल और ढक्कन बरामद किए गए हैं। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान धीरज कुमार के रूप में हुई है। सूचना के आधार पर एएसआई तुलिका कुमारी और विक्रम कुमार के साथ टीम ने द्वारिकानाथपुर में छापेमारी की। जांच के दौरान मुर्गी फार्म के पीछे नकली शराब तैयार करने का ठिकाना मिला। विभाग के अनुसार, यहां स्पिरिट से शराब तैयार करने के बाद उस पर अलग-अलग ब्रांड के लेबल लगाए जा रहे थे। इसके बाद तैयार शराब की सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। बरामद शराब के नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। पूछताछ में यह भी जानकारी सामने आई कि धंधेबाज ने बड़ी मात्रा में स्पिरिट से नकली शराब तैयार की थी। दूसरी खेप के लिए पश्चिम बंगाल के एक धंधेबाज को ऑर्डर दिए जाने की बात भी सामने आई है। उत्पाद विभाग अब इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगा है।उधर, उत्पाद विभाग की टीम ने सरैया थाना क्षेत्र के बखरा में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से भी भारी मात्रा में शराब बरामद की है। उत्पाद इंस्पेक्टर के अनुसार, ट्रक में शराब लदे होने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी।

## पीपिंग समारोह में अनामिका को मिला सार्जेंट मेजर का कार्यकारी प्रभार

मुजफ्फरपुर। पुलिस कार्यालय, मुजफ्फरपुर में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर की ओर से प्रारक्ष अवर निरीक्षक अनामिका कुमारी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह के दौरान अनामिका कुमारी को सार्जेंट के पद से सार्जेंट मेजर के उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने उनके कंधों पर एक सितारा लगाकर उन्हें अलंकृत किया। नई जिम्मेदारी मिलने पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने अनामिका कुमारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। पीपिंग समारोह के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों में उत्साह का माहौल रहा। पुलिस विभाग में पदोन्नति के साथ मिली इस नई जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## अनचाहे कर्ज से मुक्ति के लिए जीविका दीदियों का अनशन दूसरे दिन भी जारी

मुजफ्फरपुर । जिले की मुसहरी एवं बोचहा प्रखंड की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 6 जीविका दीदियां 11 अगस्त से भूखभूख हड़ताल पर बैठी हुई हैं।यह भूख हड़ताल वे मशरूम क्लस्टर के नाम पर अनचाहे कर्ज से मुक्ति के लिए कर रही हैं। इनका कहना है कि यह कर्ज उनके गले मढ़ दिया गया है। वे तीन साल से अधिकारियों के चक्कर काट-काट कर थक गईं, मगर कोई नतीजा नहीं निकला, अब बैंक वाले किस्त वसूली के लिए आ रहे हैं, वे कहां से पैसे दें? बताया जा रहा है कि यह सब जीविका से जुड़ी महिलाओं को लखपति बनाने के कथित अभियान के नाम पर किया गया । जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन ने 2023 में जिले के दो प्रखंडों मुशहरी और बोचहां की स्वयंसहायता समूहों से जुड़ी 110 महिलाओं के लिए उन्हें लखपति दीदी बनाने का अभियान शुरू किया। इसके लिए एक एजेंसी हायर की गई। जक्ष ग्रैविटी एग्रो एंड इनर्जी नामक इस एजेंसी को उन इलाकों में मशरूम कलस्टर स्थापित करने का जिम्मा दिया गया।इसके लिए इन महिलाओं के नाम पर प्रति महिला 3.32 लाख रुपये का बैंक से कर्ज लिया गया। जीविका दीदियों का कहना है कि बैंक ने लोन की राशि महिलाओं के खाते में डालने के बदले एजेंसी के खाते में डाल दी।एजेंसी मशरूम कलस्टर स्थापित करने के अपने दावे में असफल हो गई है।. उसने कुछ झोपड़ियां खड़ी करने के अलावा कोई काम नहीं किया है। इस बीच तीन साल गुजर गये हैं। महिलाओं को समझ नहीं आ रहा कि वे क्या करें? वे कभी बैंक तो कभी अधिकारियों का चक्कर लगा रही हैं। लखपति बनने के बदले महिलाएं 3.32 लाख रुपये की कर्जदार हो गई हैं, जिसका ब्याज बढ़ता जा रहा है। ऐसे में महिलाओं के सामने अनशन पर बैठने के सिवा फिलहाल दूसरा कोई विकल्प नही बचा था। सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व जिला पार्षद मुक्तेश्वर कुमार सिंह मुकेश ने धरनास्थल पर जाकर आज जीविका दीदियों को संबोधित किया एवं उनके इस आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग भी की है।

पूर्व मध्य रेल
ई. निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम 1. कार्य का नाम एवं स्थान – सोननगर–प्रधानखंटा सेक्शन के बीच मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना के निर्माण कार्य के संबंध में रफीगंज/जीएसएस (BSPTCL) से इस्माइलपुर/टीएसएस तक 132 केवी डबल सर्किट (D/C) ट्रांसमिशन लाइन तथा CEE/CON/S/MHX के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य किसी भी स्थान पर विद्युत आपूर्ति, स्थापना (इरेक्शन), परीक्षण (टेस्टिंग) एवं चालूकरण (कमिशनिंग) का कार्य। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/02/26/27 2. अनुमानित कार्य की लागत : रू. 24,13,13,316.93/– जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य – NIT के अनुसार एवं रू शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 18 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय : 01/09/2026 दोपहर 12.00 बजे तक। 6. निविदा की उपलब्धता: वेबसाईट www.ireps.gov.in पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण-II/साउथ/महेंद्रूघाट
पीआर/706/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पटना/सीओएन/टी/26-27/32

सम्पादकीय

# जंतर मंतर-रांची:छात्र आंदोलन एक रूप अनेक

निर्मल रानी

देश इन दिनों लगभग राष्ट्रव्यापी छात्र आक्रोश व आंदोलन से रूबरू है। अभी कुछ दिन पहले ही नीटपेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली के खिलाफ 6 जून से शुरू होकर 25 जुलाई 2026 तक चला आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था। इसके बाद ही झारखंड में भी जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरुद्ध 29 जुलाई से रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई। यहाँ भी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, धांधली और अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच आदि मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन और विधानसभा घेराव जैसे कार्यक्रम कर रहे हैं। परन्तु कुछ दिनों पूर्व हुये दिल्ली के जंतर-मंतर व वर्तमान समय रांची में चल रहे छात्र आंदोलन में जहां कुछ बातें समान हैं वहीं कई बातें विरोधाभासी भी हैं। उदाहरण के तौर पर दोनों ही आंदोलन पेपर लीक और राष्ट्रीय परीक्षाओं में हुई धांधली व अनियमितताओं के खिलाफ किये गए हैं। जंतर मंतर की ही तरह रांची में भी जहाँ आंदोलनस्थल पर अनेक स्वयंसेवी लंगर चला रहे हैं व आंदोलनकारी छात्रों के दूर दराज बैठे समर्थक फूड ऐप्स के जरिए सीधे आंदोलन स्थल पर भोजन ऑर्डर कर रहे हैं व छात्रों को मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यहाँ भी भोजन इतनी अधिक मात्रा में आ रहा है कि आंदोलनकारी छात्रों ने वीडियो जारी कर लोगों से कुछ दिन ऑर्डर रोकने की अपील की ताकि खाना बर्बाद न हो और बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों में बांटा जा सके। इसके अलावा रांची के स्थानीय दुकानदारों और आम नागरिकों द्वारा आंदोलन स्थल पर भोजन,समोसे, बिरयानी,नाश्ता और पानी आदि पहुंचाया जा रहा है। अनशन पर बैठे छात्र नेताओं की सेहत की देखभाल के लिए रांची के सदर अस्पताल में मेडिकल टीम नियमित रूप से आंदोलन स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच (ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल) कर रही है। इसके अतिरिक्त झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने निर्देश जारी किया है कि आंदोलन के दौरान बीमार या चोटिल होने वाले छात्रों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, चाहे वे सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं या निजी अस्पताल में। परन्तु इन दोनों अर्थात दिल्ली व रांची के आंदोलन में जो सबसे बड़ा विरोधाभास नजर आ रहा है वह है जंतर मंतर के छात्र आंदोलन का विरोध करने वालों का रांची के आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना। बड़ी हैरत की बात है कि जो वर्ग,जो संगठन और जिस विचारधारा से जुड़े लोग जंतर मंतर के आंदोलनकारियों को देशद्रोही, बदतमीज, गटर जनरेशन,गलियां बोलने व अपशब्द इस्तेमाल करने वालों का झुण्ड,विदेशी फंडिंग से चलने वाला आंदोलन बता रहे थे, दिल्ली के आंदोलन में जो लोग हिन्दू-मुस्लिम का दृष्टिकोण ढूंढ रहे थे,जिन्हें दिल्ली के आंदोलन कारी आवारा व चरित्रहीन नजर आ रहे थे वही लोग वही वर्ग और वही विचारधारा रांची के छात्र आंदोलन में कुछ इसतरह बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को उतावली है गोया रांची का आंदोलन छात्र आंदोलन के बजाये देश का दूसरा ह्यस्वाधीनता संग्रामह्ल हो? याद कीजिये कि जंतर मंतर आंदोलन के संदर्भ में ही एक हिंदुत्व विचारक और केरल भाजपा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख टीजी मोहनदास ने कहा था कि ह्यअगर स्थिति उनके नियंत्रण में होती, तो वे नई दिल्ली के आंदोलन स्थल के आसपास कर्फ़्यू लगाकर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा देतेह्ल। इस व्यक्ति ने प्रदर्शन में शामिल धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी विचारधारा वाली छात्राओं व महिलाओं के साथ रेप करवाने जैसी बेहद अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की थीं। साथ ही ह्यगोदी मीडिया ह्य के नाम से बदनाम सत्ता का पिछलग्गू मीडिया भी जो जंतर मंतर आंदोलन से या तो मुंह मोड़े हुआ था या इसी आंदोलन विरोधी वर्ग की तरह आंदोलन में केवल नकारात्मकता तलाश रहा था,जिसे संसद भवन के पास चल रहा इतना बड़ा छात्र आंदोलन नजर नहीं आ रहा था वही मीडिया रांची में डेरा जमाये हुये है और अपने तरीके से छात्र आंदोलन का नरेटिव सेट करने में लगा है। इस दोहरेपन का केवल एक ही कारण है कि दिल्ली में केंद्र व दिल्ली राज्य, दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जबकि झारखण्ड में झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल, के गठबंधन यानी इण्डिया गठबंधन की सरकार है और झामुमो के हेमंत सोरेन इस सरकार के मुख्यमंत्री हैं। इसलिये इनका समर्थन छात्र आंदोलन को नहीं बल्कि यह झारखण्ड में इण्डिया गठबंधन की सरकार का विरोध कर रहे हैं। इस अवसरवादी विचारधारा का विरोध करने वालों का चेहरा रांची में उस समय भी बेनकाब हुआ जबकि जंतर मंतर के आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा और वहां अनशन पर बैठने वाली अखिल भारतीय छात्र संगठन अक्रअ की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा जब हजारों छात्रों के साथ विधानसभा के लिये मार्च निकाल रही थीं उस समय एक युवक ने नेहा पर स्याही फेंक कर छात्र आंदोलन को समर्थन देने की अपनी हकीकत को उजागर कर दिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया और पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया।

# गड्ढों, खुले मैनहोल और टूटी सड़कों के बीच जीवन नागरिक कब सुरक्षित होंगे?

डॉ. प्रियंका सौरभ


मृत्यु कब, कहाँ और कैसे आएगी, यह अज्ञात है। हमारे जीवन में, जो सामान्य सी बात लगती है, वैसे ही कई ऐसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं जो असाधारण प्रतीत होते हैं। सड़कों पर अनगिनत गड्ढे हैं, सड़कें और गलियाँ उबड़-खाबड़ हैं, नालियाँ खुली नहीं हैं, सीवर के मैनहोल खुले नहीं हैं, कई जगहों पर सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हैं। कुछ इलाकों में स्कूलों की छतें बच्चों पर गिर जाती हैं, तो कुछ इलाकों में अस्पतालों की छतें या स्लैब मरीजों और कर्मचारियों पर गिर जाते हैं। स्कूल बसें पलट जाती हैं, सड़क के विपरीत दिशा से आ रही गाड़ियाँ अचानक मुड़ जाती हैं और गली बच्चों के लिए मौत का जाल बन जाती है, जानवर गली में इधर-उधर घूमते रहते हैं और बुजुर्ग राहगीरों को परेशान करते हैं, और भारी बारिश के बाद बच्चे एक आम सड़क पर फंस जाते हैं और वह मौत का इलाका बन जाती है। रोहतक में लगभग छह इंच बारिश के बाद जलभराव में डूबने से आठ साल के बच्चे की मौत ने एक बार फिर एक चिंताजनक सवाल खड़ा कर दिया है: एक नागरिक के जीवन का क्या मूल्य है? मानसून का मौसम साल में एक बार आता है। हर साल शहरों में जलभराव होता है। जल निकासी और सीवरेज व्यवस्था, नालियां और सड़कें हर साल समस्या बनी रहती हैं। अधिकारी कहते हैं कि वे तैयार हैं और हर साल सुधार किए जाते हैं। हालांकि, कुछ ही घंटों की बारिश इन दावों की सच्चाई को उजागर करने के लिए काफी होती है, क्योंकि प्रशासन प्रबंधन में विफल रहता है और बारिश का पानी सड़कों पर बह जाता है। यह सिर्फ एक बच्चे की मौत का मामला नहीं है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जहां रोकी जा सकने वाली त्रासदी को अक्सर एक दुर्घटना, एक महज संयोग, भाग्य मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, और दोष कहीं और डाल दिया जाता है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जहां रोकी जा सकने वाली त्रासदी को अक्सर यह एक दुर्घटना थी, यह हमारी गलती नहीं थी, या हम और क्या कर सकते थे? कहकर टाल दिया जाता है। नागरिक बुनियादी ढांचे की विफलता मात्र ही नहीं है, बल्कि यह जिस तरह से विफल हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है। बदलाव यह आया है कि नागरिक अब विफलता को स्वाभाविक मान चुके हैं। सड़क में गड्ढा है और लोग कहते हैं कि यह हमेशा से यहीं था। फुटपाथ में गड्ढा है और लोग कहते हैं, सावधान रहें। जलभराव है और लोग कहते हैं, बारिश के बाद ऐसा ही होता है। मवेशी सड़क पर भटक रहे हैं और लोग कहते हैं, कोई क्या कर सकता है? स्कूल की इमारत स्पष्ट रूप से असुरक्षित है और लोग सोचते हैं कि अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। यह एक सरकारी अस्पताल है जिसकी हालत खराब है और लोग कहते हैं, सरकारी अस्पतालों का यही हाल होता है। यह रवैया खतरनाक है क्योंकि यह सामान्य बात और जीवनशैली बन जाता है। यदि नागरिक जोखिम को अपने जीवन का सामान्य हिस्सा मानने लगें, तो प्रशासन पर सुधार का दबाव भी कम हो जाता है। हमें किसी भी रोकी जा सकने वाली त्रासदी को दुर्घटना मानकर बंद करना होगा।

# पुस्तक समीक्षा : शिव तत्त्व

वर्ष 2025-26 के दौरान प्रकाशित उनकी प्रथम पुस्तक शिव तत्त्व धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर केंद्रित एक महत्त्वपूर्ण कृति के रूप में पाठकों का ध्यान आकर्षित करती है। शिव तत्त्व केवल भगवान शिव की महिमा का वर्णन करने वाली पुस्तक नहीं है, बल्कि इसमें शिव से जुड़े विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक पक्षों को सामान्य पाठक की समझ के अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। लेखक ने धर्म और अध्यात्म जैसे व्यापक विषय को अत्यंत सरल भाषा में पाठकों के सामने रखा है, जिससे पुस्तक धार्मिक रुचि रखने वाले पाठकों के साथ-साथ सामान्य जिज्ञासु पाठकों के लिए भी उपयोगी बन जाती है। पुस्तक का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष द्वादश ज्योतिलिंगों का वर्णन है। भगवान शिव के इन पवित्र ज्योतिलिंगों का भारतीय धार्मिक परंपरा में विशेष महत्त्व है। लेखक ने इनके धार्मिक महत्त्व और आस्था से जुड़े पक्षों को बड़े ही सरल ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इससे पाठकों को ज्योतिलिंगों के प्रति श्रद्धा के साथ-साथ उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है।



सुरेन्द्र कुमार रंजन
लेखक




हिन्दी साहित्य की दुनिया में ऐसे लेखकों का विशेष महत्त्व है, जो गंभीर और जटिल विषयों को सरल, सहज और प्रभावशाली भाषा में पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा इसी परंपरा के एक बहुआयामी साहित्यकार हैं। वर्ष 2025-26 के दौरान प्रकाशित उनकी प्रथम पुस्तक शिव तत्त्व धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर केंद्रित एक महत्त्वपूर्ण कृति के रूप में पाठकों का ध्यान आकर्षित करती है। शिव तत्त्व केवल भगवान शिव की महिमा का वर्णन करने वाली पुस्तक नहीं है, बल्कि इसमें शिव से जुड़े विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक पक्षों को सामान्य पाठक की समझ के अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। लेखक ने धर्म और अध्यात्म जैसे व्यापक विषय को अत्यंत सरल भाषा में पाठकों के सामने रखा है, जिससे पुस्तक धार्मिक रुचि रखने वाले पाठकों के साथ-साथ सामान्य जिज्ञासु पाठकों के लिए भी उपयोगी बन जाती है। पुस्तक का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष द्वादश ज्योतिलिंगों का वर्णन है। भगवान शिव के इन पवित्र ज्योतिलिंगों का भारतीय धार्मिक परंपरा में विशेष महत्त्व है। लेखक ने इनके धार्मिक महत्त्व और आस्था से जुड़े पक्षों को बड़े ही सरल ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इससे पाठकों को ज्योतिलिंगों के प्रति श्रद्धा के साथ-साथ उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। लेखक की लेखन शैली की विशेषता यह है कि वह विषय को अनावश्यक रूप से जटिल नहीं बनाते। सहज शब्दों में धार्मिक प्रसंगों को समझाने की कोशिश पुस्तक को पठनीय और स्मरणीय बनाती है। शिव तत्त्व का दूसरा प्रमुख आकर्षण एकमुखी से लेकर इक्कीस मुखी रुद्राक्ष तक की चर्चा है। रुद्राक्ष भगवान शिव की उपासना और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ माना जाता है। लेखक ने विभिन्न मुखी रुद्राक्षों के संबंध में प्रचलित मान्यताओं, उनके महत्त्व तथा लाभ-हानि से जुड़े पक्षों को पाठकों के समक्ष रखने का प्रयास किया है। यह विषय पुस्तक को विशेष रूप से उपयोगी बनाता है, क्योंकि आम पाठक रुद्राक्ष के विभिन्न प्रकारों और उनसे जुड़ी धार्मिक मान्यताओं के बारे में जानना चाहता है। लेखक ने इस जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए विषय को सरल और सहज रूप में प्रस्तुत किया है। पुस्तक में आज के समय के प्रसिद्ध शिव मंदिरों का भी उल्लेख किया गया है। भारत में शिव मंदिरों की परंपरा अत्यंत प्राचीन और व्यापक है। देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित शिवधामों की अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। लेखक ने इन मंदिरों और शिवभक्ति से जुड़े प्रसंगों को पुस्तक में स्थान देकर पाठकों के सामने भारत की समृद्ध धार्मिक परंपरा की एक झलक प्रस्तुत की है। इससे पुस्तक केवल आध्यात्मिक चिंतन तक सीमित नहीं रहती है, बल्कि भारतीय धार्मिक संस्कृति की जानकारी देने वाली कृति का रूप भी ग्रहण करती है। शिव तत्त्व की सबसे उल्लेखनीय विशेषता इसकी सरल और सहज भाषा है। धार्मिक विषयों पर लिखी जाने वाली पुस्तकों में कई बार कठिन शब्दावली और जटिल आध्यात्मिक अवधारणाएं सामान्य पाठक के लिए बाधा बन जाती है। श्री सिन्हा ने इस चुनौती से बचते हुए ऐसी भाषा का प्रयोग किया है, जो पाठक को विषय से जोड़ती है। पुस्तक पढ़ते समय ऐसा अनुभव होता है कि लेखक पाठक से सीधे संवाद कर रहे हैं। यही संवादात्मकता पुस्तक को सहज पठनीय बनाती है। धार्मिक आस्था को ज्ञान के साथ जोड़ने का लेखक का प्रयास पुस्तक को अपनी अलग पहचान देता है। श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा का जीवन अनुभव भी उनकी लेखन शैली में दिखाई देता है। वे बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं और पत्रकारिता से जुड़े रहने के साथ साहित्यिक लेखन में सक्रिय हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े रहने के कारण उनके लेखन में विषय को सरल तरीके से प्रस्तुत करने और पाठक तक सीधे पहुंचने की क्षमता दिखाई देती है। मूलतः पटना जिला निवासी श्री सिन्हा ने अपनी पहली पुस्तक के लिए धर्म और अध्यात्म जैसे व्यापक विषय को चुना है। यह चयन उनके व्यक्तिगत अध्ययन, रुचि और आध्यात्मिक विषयों के प्रति आकर्षण को भी रेखांकित करता है। शिव तत्त्व की विशेषता यह है कि इसमें आस्था को ज्ञान के साथ जोड़ने का प्रयास किया गया है। भगवान शिव भारतीय संस्कृति में केवल आराध्य देव के रूप में ही नहीं, बल्कि त्याग, तप, वैराग्य, करुणा और कल्याण के प्रतीक के रूप में भी देखे जाते हैं। पुस्तक का शीर्षक शिव तत्त्व इसी व्यापक भावभूमि की ओर संकेत करता है। लेखक ने शिव से संबंधित विभिन्न विषयों को एक ही कृति में समेटकर पाठकों के लिए एक ऐसा पाठ प्रस्तुत किया है, जिसमें धार्मिक जानकारी के साथ आध्यात्मिक भाव भी मौजूद है। पुस्तक की भाषा और विषय-वस्तु ऐसी है कि एक बार पढ़ने के बाद इसके अनेक प्रसंग पाठक की स्मृति में बने रहते हैं। यही किसी भी लोकप्रिय और प्रभावशाली पुस्तक की महत्त्वपूर्ण विशेषता मानी जाती है। लेखक ने कठिन विषयों को सहज बनाकर पाठक के मन में उनके प्रति रुचि और जिज्ञासा उत्पन्न करने का सफल प्रयास किया है। कुल मिलाकर शिव तत्त्व श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा की साहित्यिक यात्रा का एक सार्थक और प्रभावशाली प्रथम पड़ाव है। द्वादश ज्योतिर्लिंग, एकमुखी से इक्कीस मुखी रुद्राक्ष, उनसे जुड़ी मान्यताएं तथा प्रसिद्ध शिव मंदिरों जैसे विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत करना पुस्तक की प्रमुख उपलब्धि है। धर्म और अध्यात्म को आम पाठक तक सहज भाषा में पहुंचाने की दृष्टि से यह पुस्तक महत्त्वपूर्ण है। श्री सिन्हा ने अपनी पहली कृति के माध्यम से यह संकेत दिया है कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि ज्ञान, आस्था और संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त साधन भी है। शिव तत्त्व धार्मिक एवं आध्यात्मिक साहित्य में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए एक पठनीय कृति है और लेखक की आगामी साहित्यिक यात्रा के लिए एक मजबूत आधार प्रस्तुत करती है।

# मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत नैतिक चरित्र जरूरी

नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और जब उनके अधिकारों का हनन हो, तब उन्हें आवाज भी उठानी चाहिए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या नागरिक जीवन केवल अधिकार मांगने का नाम है? क्या राष्ट्र केवल हमें सुविधाएं देने के लिए है और उसके प्रति हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है? क्या समाज से सम्मान, सुरक्षा, अवसर और अधिकार मांगते हुए हम अपने हिस्से के कर्तव्यों से मुंह मोड़ सकते हैं? यहीं से उस गंभीर संकट की शुरूआत होती है, जिसका सामना आज हमारा समाज कर रहा है। हम अधिकारों की बात जोर-जोर से करते हैं, लेकिन कर्तव्यों की चर्चा होते ही हमारी आवाज धीमी पड़ जाती है। हम व्यवस्था से ईमानदारी चाहते हैं, लेकिन स्वयं नियमों का उल्लंघन करने में संकोच नहीं करते हैं। हम भ्रष्टाचार को कोसते हैं, लेकिन सुविधा मिलने पर नियमों को दरकिनार करने को गलत नहीं मानते हैं। हम स्वच्छ भारत चाहते हैं, मगर सड़क पर कचरा फेंकने से पहले नहीं सोचते हैं। हम देश की प्रगति चाहते हैं, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। यह विरोधाभास केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है। यह धीरे-धीरे राष्ट्रीय चरित्र का प्रश्न बनता जा रहा है।



जितेन्द्र कुमार सिन्हा
(लेखक)



लोकतंत्र में अधिकारों की चर्चा स्वाभाविक है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, जीवन और गरिमा का अधिकार, ये सभी किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद हैं। नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और जब उनके अधिकारों का हनन हो, तब उन्हें आवाज भी उठानी चाहिए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या नागरिक जीवन केवल अधिकार मांगने का नाम है? क्या राष्ट्र केवल हमें सुविधाएं देने के लिए है और उसके प्रति हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है? क्या समाज से सम्मान, सुरक्षा, अवसर और अधिकार मांगते हुए हम अपने हिस्से के कर्तव्यों से मुंह मोड़ सकते हैं? यहीं से उस गंभीर संकट की शुरूआत होती है, जिसका सामना आज हमारा समाज कर रहा है। हम अधिकारों की बात जोर-जोर से करते हैं, लेकिन कर्तव्यों की चर्चा होते ही हमारी आवाज धीमी पड़ जाती है। हम व्यवस्था से ईमानदारी चाहते हैं, लेकिन स्वयं नियमों का उल्लंघन करने में संकोच नहीं करते हैं। हम भ्रष्टाचार को कोसते हैं, लेकिन सुविधा मिलने पर नियमों को दरकिनार करने को गलत नहीं मानते हैं। हम स्वच्छ भारत चाहते हैं, मगर सड़क पर कचरा फेंकने से पहले नहीं सोचते हैं। हम देश की प्रगति चाहते हैं, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। यह विरोधाभास केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है। यह धीरे-धीरे राष्ट्रीय चरित्र का प्रश्न बनता जा रहा है। राष्ट्र केवल संसद, सरकार, प्रशासन, सेना या न्यायपालिका से नहीं बनता है। राष्ट्र उसके नागरिकों के चरित्र से बनता है और जिस समाज के नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक लेकिन कर्तव्यों के प्रति उदासीन हो जाएं, वहां लोकतंत्र मजबूत होने के बजाय धीरे-धीरे खोखला होने लगता है। लोकतंत्र की गाड़ी दो पहियों पर चलती है, वह है अधिकार और कर्तव्य। एक पहिया टूट जाए तो दूसरा चाहे कितना ही मजबूत क्यों न हो, यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। अधिकार व्यक्ति को गरिमा देते हैं, जबकि कर्तव्य उस गरिमा को समाज के हित से जोड़ते हैं। अधिकार हमें स्वतंत्रता देते हैं, तो कर्तव्य उस स्वतंत्रता के जिम्मेदार इस्तेमाल की सीख देते हैं। यदि कोई व्यक्ति केवल अपने अधिकारों की बात करे और दूसरे व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान न करे, तो वह स्वतंत्रता नहीं, स्वार्थ है। यदि कोई नागरिक अपने लिए न्याय मांगता है लेकिन दूसरों के साथ अन्याय करता है, तो यह लोकतांत्रिक चेतना नहीं है, बल्कि अवसरवाद है। यदि कोई व्यक्ति देश से सुरक्षा, विकास और सुविधाएं चाहता है लेकिन कानून, कर व्यवस्था, सार्वजनिक अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों को महत्व नहीं देता है, तो वह राष्ट्र से एकतरफा अपेक्षा कर रहा है। जबकि राष्ट्र और नागरिक का संबंध लेन-देन का संबंध नहीं है। राष्ट्र हमें केवल सुविधाएं देने वाली संस्था नहीं है। यह हमारी साझा पहचान, साझा विरासत, साझा जिम्मेदारी और साझा भविष्य का नाम है। आज सोशल मीडिया के दौर में अधिकारों की आवाज पहले से कहीं अधिक मुखर हुई है। कुछ ही सेकंड में कोई व्यक्ति अपनी शिकायत लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। कोई सरकारी व्यवस्था पर सवाल उठा सकता है। कोई सामाजिक अन्याय के खिलाफ अभियान चला सकता है। कोई नागरिक अपनी समस्या को सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बना सकता है। यह लोकतंत्र की शक्ति है। लेकिन इसी शक्ति का दूसरा पक्ष भी है। हमने अपनी आवाज तो मजबूत कर ली, लेकिन क्या हमने अपनी जिम्मेदारी भी उतनी ही मजबूत की? सोशल मीडिया पर देशभक्ति की पोस्ट करना आसान है, लेकिन देश के कानून का पालन करना कठिन लगता है। राष्ट्रगान पर गर्व करना आसान है, लेकिन सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन करना कठिन। स्वच्छता पर भाषण देना आसान है, लेकिन अपने घर के बाहर कूड़ा न फेंकना कठिन। महिलाओं के सम्मान पर पोस्ट लिखना आसान है, लेकिन अपने व्यवहार में महिलाओं के प्रति सम्मान बनाए रखना कठिन है। ईमानदारी की बातें करना आसान है, लेकिन किसी छोटे लाभ के लिए गलत रास्ते से बचना कठिन है। यही वह अंतर है जहां हमारी कथनी और करनी अलग हो जाती है। राष्ट्र निर्माण नारों से नहीं, व्यवहार से होता है। किसी देश की वास्तविक शक्ति केवल उसके सकल घरेलू उत्पाद, सैन्य क्षमता, तकनीकी विकास या आर्थिक संसाधनों से नहीं मापी जा सकती है। राष्ट्र की असली शक्ति उसके नागरिकों के चरित्र में छिपी होती है। जहां ईमानदारी होती है, वहां विश्वास पैदा होता है। जहां विश्वास होता है, वहां सहयोग पैदा होता है। जहां सहयोग होता है, वहां सामाजिक स्थिरता आती है और जहां सामाजिक स्थिरता होती है, वहां विकास की संभावनाएं बढ़ती हैं। इसके विपरीत जब समाज में छल, भ्रष्टाचार, स्वार्थ, हिंसा, घृणा, अवसरवाद और अविश्वास बढ़ने लगते हैं, तो संस्थाएं भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं। नैतिकता किसी धर्म विशेष की संपत्ति नहीं है। ईमानदारी का कोई जातीय स्वरूप नहीं होता है। कर्तव्य का कोई भाषाई रंग नहीं होता है। देशभक्ति का कोई आर्थिक वर्ग नहीं होता है। मानवता की कोई सीमा नहीं होती है। इसलिए राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण तभी संभव है, जब हम अपनी व्यक्तिगत पहचान से ऊपर उठकर कुछ साझा मूल्यों को स्वीकार करें। आज दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ चुकी है। इंटरनेट ने भौगोलिक सीमाओं को छोटा कर दिया है। एक देश में पैदा हुआ विचार कुछ ही मिनटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच जाता है।



अवनीश त्यागी

# आरक्षण से आगे की राह : समान अवसर की ऐसी व्यवस्था बने, जहां कोटे की जरूरत ही न रहे

भारत में आरक्षण की बहस जितनी पुरानी है, उतनी ही संवेदनशील भी। यह केवल सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में सीटों के बंटवारे का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर, शिक्षा, आर्थिक असमानता और प्रशासनिक दक्षता से जुड़ा विषय है। इसलिए इस पर बहस नारों से नहीं, बल्कि दूरगामी सोच के साथ होनी चाहिए। इस बहस का एक सीधा सवाल है–क्या आरक्षण को हमेशा जारी रहना चाहिए या देश का अंतिम लक्ष्य ऐसी व्यवस्था बनाना होना चाहिए जिसमें एक दिन आरक्षण की आवश्यकता ही समाप्त हो जाए? इस संपादकीय की स्पष्ट मान्यता है कि आरक्षण को स्थायी व्यवस्था नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था के रूप में देखा जाना चाहिए जिसकी आवश्यकता समाप्त करना सरकार और समाज का दीर्घकालीन लक्ष्य हो। आरक्षण हटाना है तो पहले असमानता हटानी होगी सिर्फ आरक्षण समाप्त कर देने से समानता नहीं आएगी। यदि एक बच्चे को अच्छी शिक्षा, बेहतर शिक्षक, तकनीक, किताबें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संसाधन मिलते हैं और दूसरे बच्चे को इन बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ता है, तो दोनों को एक ही परीक्षा में बैठा देना वास्तविक समान अवसर नहीं है। इसलिए आरक्षण समाप्त करने की कोई भी गंभीर पहल समान अवसर की मजबूत नींव से शुरू होनी चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि गांव और शहर, गरीब और संपन्न तथा कमजोर और सुविधासंपन्न परिवारों के बच्चों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता का अंतर लगातार कम हो। सरकारी स्कूलों को बनाना होगा बराबरी का सबसे बड़ा माध्यम यदि देश को वास्तव में आरक्षण-मुक्त व्यवस्था की ओर बढ़ना है तो सरकारी स्कूलों को उसकी पहली प्रयोगशाला बनाना होगा। हर सरकारी विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक हों। आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर, इंटरनेट, खेल और कौशल विकास की सुविधाएं हों। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। सरकारी स्कूल ऐसा विकल्प बनें जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का बच्चा भी उसी आत्मविश्वास के साथ पढ़े, जिस आत्मविश्वास के साथ संपन्न परिवार का बच्चा निजी संस्थान में पढ़ता है। समान शिक्षा होगी तो समान प्रतियोगिता की जमीन तैयार होगी। मेरिट की बात हो तो मेरिट के लिए समान अवसर भी देने होंगे आरक्षण की बहस में मेरिट सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला शब्द है। लेकिन मेरिट केवल परीक्षा के अंकों से पैदा नहीं होती। अच्छी शिक्षा, उचित मार्गदर्शन, स्वस्थ वातावरण, आर्थिक सुरक्षा और निरंतर अभ्यास भी मेरिट को आकार देते हैं। इसलिए यदि देश को योग्यता आधारित व्यवस्था की ओर बढ़ना है तो सरकार को पहले योग्यता विकसित करने के समान अवसर देने होंगे। किसी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की क्षमता केवल इसलिए दब नहीं जानी चाहिए कि उसके परिवार के पास महंगी कोचिंग या डिजिटल संसाधन खरीदने की क्षमता नहीं है। स्वास्थ्य भी समान अवसर का हिस्सा है समान अवसर की चर्चा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। कुपोषण, खराब स्वास्थ्य और इलाज का अभाव भी किसी बच्चे की क्षमता को प्रभावित करते हैं। इसलिए सरकार को हर नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। एक स्वस्थ बच्चा बेहतर पढ़ सकता है, बेहतर कौशल हासिल कर सकता है और भविष्य की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। इसलिए समान शिक्षा और समान स्वास्थ्य–आरक्षण की आवश्यकता समाप्त करने की दो बुनियादी शर्तें हैं। सरकारी नौकरी में चयन के बाद भी जवाबदेही जरूरी सरकारी नौकरी जनता की सेवा का दायित्व है। इसलिए चयन किसी भी संवैधानिक व्यवस्था के तहत हो, सेवा में आने के बाद कर्मचारी की कार्यक्षमता, अनुशासन, प्रशिक्षण और प्रदर्शन की लगातार समीक्षा होनी चाहिए। जनता को यह अधिकार है कि उसे सक्षम और जवाबदेह प्रशासन मिले। किसी कर्मचारी की सामाजिक पृष्ठभूमि उसकी मानवीय गरिमा का विषय हो सकती है, लेकिन सरकारी सेवा में उसके कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन काम, क्षमता और जवाबदेही के आधार पर होना चाहिए।

# हर घर तिरंगा अभियान ने पकड़ी रफ्तार, सारण में 400 से अधिक बच्चों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली

- जिलाधिकारी की अगुवाई में शहर की सड़कों पर गूंजे देशभक्ति के नारे
- जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्रध्वज के सम्मान का संदेश



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सारण जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला मुख्यालय छपरा में भव्य तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अगुवाई में आयोजित इस रैली में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों तथा निजी एवं सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रैली में 400 से अधिक बच्चों की भागीदारी रही। हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह और उमंग से आगे बढ़ते विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से शहर का वातावरण राष्ट्रप्रेम से भर दिया। बच्चों की अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी ने रैली को विशेष आकर्षण प्रदान किया। रैली में शामिल लोगों ने आम नागरिकों से भी हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की गई। म्युनिसिपल चौक से दरोगा राय चौक तक निकली रैलीः तिरंगा रैली म्युनिसिपल चौक से प्रारंभ होकर थाना चौक होते हुए दरोगा राय चौक तक पहुंची। रैली के पूरे मार्ग में हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। रैली में शामिल विद्यार्थी भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा राष्ट्रभक्ति से जुड़े नारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। शहरवासियों ने भी रैली को उत्सुकता के साथ देखा और कई स्थानों पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

रैली का उद्देश्य केवल तिरंगा यात्रा निकालना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना भी था। विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के माध्यम से जिला प्रशासन ने नई पीढ़ी को राष्ट्रध्वज के महत्व और स्वतंत्रता दिवस की भावना से जोड़ने का प्रयास किया। जिलाधिकारी की अगुवाई में जनभागीदारी को मिला नया संदेशः तिरंगा रैली की अगुवाई जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने की। उनके साथ विधायक, तरैया जनक सिंह एसएसपी विनीत कुमार, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से लगातार चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों के बीच इस रैली ने हर घर तिरंगा अभियान को जनअभियान का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया। तिरंगा केवल ध्वज नहीं, देश की एकता और गौरव का प्रतीकः इस अवसर पर जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव, एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से अभियान को नई ऊर्जा मिली है। बच्चे देश का भविष्य हैं और उनमें बचपन से ही राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। तिरंगा रैली के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपना देशभक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## बीडीसी की बैठक में बिजली कटौती एवं नल जल का छाया रहा मुद्दा



प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण )प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन के सभागार में प्रखंड प्रमुख पुष्पा देवी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस बैठक में नल जल एवं बिजली कटौती का मुद्दा प्रमुखता से छाये रहे बकवा पंचायत के बीडीसी शत्रुघ्न प्रसाद ने सदन में नल जल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मेरे पंचायत में वार्ड संख्या एक एवं तीन को छोड़कर सभी नल जल बंद है इसी प्रकार अन्य सदस्यों ने भी नल जल के बंद होने का मामला उठाया।सदस्यों ने बिजली कटौती पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हल्की सी बारिश होने पर भी घंटो विद्युत सेवा बाधित हो जाती है जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।सदस्यों ने विद्युत कंपनी के जेई की लगातार अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के पास अनुशंसा करने की बात कही।इसके अलावे बैठक में राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा के भी मुद्दे उठाये गये। बैठक में बीडीओ आनंद पांडेय, बीपीआरओ अजय कुमार, बीइओ धीरेन्द्र प्रसाद, बीडीसी बिन्देश्वरी प्रसाद, अवधेश सिंह, बिन्देश्वरी प्रसाद, नेमा सिंह, जलेश्वर मांझी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गांजा बरामदगी मामले में एक दोषी करार

छपरा विशेष न्यायाधीश मादक पदार्थ सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सैयद मोहम्मद फजलुल बारी ने बनियापुर थाना कांड संख्या 184 /16 के एनडीपीएस वाद संख्या 2/16 में बनियापुर थाना के पुछरी बाजार निवासी धर्मेंद्र साह को एनडीपीएस की धारा 20(b)ii(B) के अंतर्गत दोषी करार दिया है तथा सजा की बिंदु पर सुनवाई हेतु 18 अगस्त की तिथि मुकर्रर की है। अभियोजन की ओर से मादक पदार्थ के विशेष लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिंह ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा और कुल आठ गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। बताते चले की थाना कांड के सूचक बनियापुर थाना के थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह ने 6 जुलाई 2016 को प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें उन्होंने बतलाया था कि वह दिवा गश्ती पर पैगंबरपुर में थे।

### परसौना बाजार में मुखिया के साथ मारपीट व फायरिंग मामले में तीन अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

परसा। थाना क्षेत्र के परसौना बाजार में बीते दिनों मुखिया अवधेश राय के साथ हुई मारपीट व फायरिंग की घटना के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है.मामले में परसा थाना कांड संख्या 405/26 प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की थी.गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के चकसहबाज गांव निवासी अजय कुमार राय के पुत्र अभिषेक कुमार, मारर गांव निवासी गुंजेश कुमार के पुत्र जैकी कुमार तथा दरियापुर थाना क्षेत्र के सराय मुजफ्फर गांव निवासी सुदर्शन राय के पुत्र बिपिन कुमार के रूप में हुई है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया. घटना के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है.

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में चांदपुरा से तीन गिरफ्तार

परसा। परसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के चांदपुरा गांव में छापेमारी कर मारपीट से जुड़े अलग-अलग दर्ज सनहा के मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया.पुलिस ने तीनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए बुधवार को छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया.गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चांदपुरा गांव निवासी धूरेंद्र सिंह के पुत्र चंदन कुमार, राजेश्वर राय के पुत्र कुंदन कुमार तथा बबन राय के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है.पुलिस के अनुसार, तीनों के खिलाफ मारपीट के अलग-अलग मामलों में सनहा दर्ज था.मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया.गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए छपरा भेज दिया. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मारपीट जैसी घटनाओं में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है.

### आमने-सामने की टक्कर में ट्रक चालक घायल

इसुआपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के लौवां पुल से सटे उत्तर एसएच-90 पर मंगलवार को दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डोरीगंज का ट्रक बालू खाली करने के बाद मशरक की ओर से छपरा जा रहा था।इसी दौरान सढ़वारा बाजार से दक्षिण चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे अनियंत्रित ट्रक छपरा की ओर से मशरक जा रहे बालू लदे दूसरे ट्रक से आमने-सामने टकरा गया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत पानापुर में निकली तिरंगा रैली



प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण )हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बीडीओ आनंद पांडेय की अगुआई में तिरंगा रैली निकाली गयी। इस रैली में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय पानापुर के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिय ।तिरंगा रैली प्रखंड कार्यालय से गांधी चौक होते हुए पानापुर तक गयी ।इस दौरान छात्र छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाये एवं लोगों को इस अभियान से जुड़ने का संदेश दिया ।इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को देश के प्रति सम्मान,गौरव, एकता एवं देशभक्ति की भावना विकसित करना है ।बीडीओ ने आमलोगों से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने की अपील की। तिरंगा रैली में बीडीओ आनंद पांडेय, बीपीआरओ अजय कुमार, बीइओ धीरेन्द्र प्रसाद, मुखिया नेमा सिंह, जलेश्वर मांझी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं छात्र छात्राएं शामिल थे।

## शिव मंदिर में सच्चे मन से पूजा करने पर मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता

प्रात : किरण संवाददाता



सिवान जिले के महाराजगंज प्रखंड के महुआरी गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। सावन माह में मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है। प्रतिदिन महुआरी, विशुनपुर, बेलदारी टोला, गौतम टोला सहित आसपास के पांच गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करते हैं। पूरे सावन माह मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहता है।

महुआरी स्थित शिव मंदिरः मंदिर का इतिहासः करीब 100 वर्ष पुराना शिव मंदिर आज भी क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

पहले खपड़ानुमा इस मंदिर में छोटा शिवलिंग स्थापित था। 1975 में तत्कालीन पुजारी केशव पांडेय ने ग्रामीणों के सहयोग से चंदा जुटाकर सुरखी से मंदिर का निर्माण कराया। बाद में सुरेश पांडेय ने जीर्णोद्धार कराया और वर्तमान पुजारी ब्रजमोहन पांडेय उर्फ कंटर बाबा ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण कर रहे हैं। महुआरी सहित पांच गांवों के श्रद्धालु यहां नियमित जलाभिषेक करते हैं। सावन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है।

मंदिर की विशेषताः 12 कट्ठा में फैले मंदिर परिसर में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, लक्ष्मी और हनुमान की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के पीछे 15 कट्ठा में स्थित पोखरा इसकी सुंदरता को और निखारता है। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का यह संगम श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। ऐसे पहुंचे मंदिर : महाराजगंज से दक्षिण दिशा में पांच किलोमीटर की दूरी पर मंदिर स्थित है। वहीं बसंतपुर से उत्तर दिशा में 18 किलोमीटर, आकाशी मोड़ से पूर्व की ओर तीन किलोमीटर तथा पटेढ़ी से पश्चिम दिशा में तीन किलोमीटर की दूरी तय कर श्रद्धालु मंदिर पहुंच सकते हैं

## विधायक व्यास सिंह के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा दरौंदा



प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को दरौंदा प्रखंड कार्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह, बीडीओ शिम्पी कुमारी एवं सीओ वेद प्रकाश नारायण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और आम लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। यात्रा को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए। यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा, उप प्रमुख हरेश यादव, विधायक अनुमंडल प्रतिनिधि सह मुखिया रामकृष्ण सिंह उर्फ काका, मंडल अध्यक्ष अरुण भारती, बिट्टू सिंह, सांसद प्रतिनिधि हितेश कुमार, प्रभुनाथ सिंह, बीडीसी अजय यादव, पप्पू राम, लक्ष्मण राम, विजय सिंह, पूर्व जिला पार्षद वीरेंद्र शर्मा, गोलू गिरि, दिव्यांशु मिश्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## करसौत पैक्स चुनाव को लेकर बूथ का निरीक्षण बीडीओ ने सुविधाओं का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/दरौंदा. करसौत पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बुधवार को बीडीओ शिम्पी कुमारी और सीओ वेद प्रकाश नारायण ने संयुक्त रूप से करसौत पैक्स के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बूथ पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पेयजल, बिजली, रैंप, शौचालय सहित सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की जांच की गई। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने का निर्देश दिया। बीडीओ शिम्पी कुमारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है । वहीं सीओ वेद प्रकाश नारायण ने सुरक्षा व्यवस्था और रूट चार्ट को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड के कर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि सभा में विधायक व्यास सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। उच्च न्यायालय पटना के वरिष्ठ अधिवक्ता वाई. वी. गिरि की पूजनीय माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गोपालगंज जिले में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, सारण डीआईजी निलेश कुमार, भाजपा नेता संजय पांडेय, समाजसेवी जगदीश पुरी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत पुण्यात्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने दिवंगत के व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सभी ने दुख की इस घड़ी में साथ रहने की बात कही।

## जगदम कॉलेज में निकाली गई तिरंगा रैली




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जगदम कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एनसीसी के कैडेटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा रैली में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) के.पी. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार गुप्ता एवं डॉ. राजश्री सिंह, एनसीसी के सीटीओ डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. धनंजय कुमार सिंह, डॉ. रमन कुमार, डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. अमृत कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ. अनमोल ठाकुर, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. राणा उदय प्रसाद सिंह, डॉ. राम उदय सिंह आदि मौजूद रहें। सभी के द्वारा लगाए गए भारत माता की जय और वंदे मातरम नारों के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

## दिघवारा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1528 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



- छतर छपरा के ईंट भट्ठा के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना पर की छापेमारी, दो नामजद समेत 10-15 अज्ञात पर प्राथमिकी

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। मंगलवार की शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छतर छपरा गांव स्थित एक ईंट भट्ठा के समीप छापेमारी कर करीब 1528 लीटर विदेशी शराब बरामद की। बरामद शराब में अंग्रेजी शराब के साथ-साथ बीयर भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छतर छपरा स्थित ईंट भट्ठा के समीप बिक्री के उद्देश्य से भारी मात्रा में विदेशी शराब का भंडारण किया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार की देर शाम उक्त स्थल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। शराब को जब्त कर पुलिस थाना ले आई और मामले की जांच शुरू कर दी गई। बरामद शराब की मात्रा लगभग 1528 लीटर बताई गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। दो नामजद समेत 10-15 अज्ञात पर प्राथमिकीः थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा करीब 10 से 15 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब शराब के इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और किसी भी स्तर पर अवैध शराब के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## आज राजेन्द्र कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला , 10वीं से बी.टेक तक के युवाओं को मिलेगा नौकरी का अवसर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा 13 अगस्त 2026 को राजेन्द्र कॉलेज, छपरा परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार की तलाश कर रहे जिले के युवाओं के लिए यह रोजगार मेला नौकरी पाने का महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है। रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्रों की देश की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। विभिन्न कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता एवं उपलब्ध पदों के अनुसार चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 12,500 से 27,500 तक प्रतिमाह वेतन मिलने की संभावना है।

10वीं से बी.टेक तक के अभ्यर्थी ले सकेंगे भागः इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा एवं बी.टेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। विभिन्न शैक्षणिक योग्यता वाले युवाओं के लिए अलग-अलग पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के साथ-साथ सामान्य स्नातक एवं 10वीं-12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य, मेले में भी मिलेगी सुविधाः रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार सरकार के रोजगार पोर्टल https://detjob.bihar.gov.in पर स्वयं ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा कार्यालय से भी निबंधन में सहायता प्राप्त की जा सकती है। रोजगार मेले के दौरान भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवश्यक शैक्षणिक एवं पहचान संबंधी दस्तावेजों के साथ समय पर रोजगार मेले में पहुंचें। रोजगार मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002965656 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन एवं नियोजनालय की ओर से सभी योग्य एवं इच्छुक युवाओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर अपना निबंधन कर रोजगार मेले में भाग लें और अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## अवर निबंधक राखी कुमारी ने दी पेपरलेस निबंधन की जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया को और अधिक आसान, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने की दिशा में अवर निबंधक कार्यालय, परसा में 3 अगस्त 2026 से पेपरलेस निबंधन की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। नई व्यवस्था लागू होने से जमीन निबंधन कराने वाले लोगों को कागजी प्रक्रिया से काफी हद तक राहत मिलेगी ।अवर निबंधक राखी कुमारी ने बताया कि सरकार की ओर से निबंधन प्रक्रिया को सरल एवं डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेपरलेस निबंधन व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित अधिकांश प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जा सकेगी ।उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में दस्तावेज तैयार करने, डेटा एंट्री, ई-स्टाम्पिंग, ई-साइन, स्टाम्प शुल्क की गणना और स्लॉट बुकिंग जैसी सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। इससे निबंधन कराने वाले लोगों को कार्यालय में अनावश्यक भागदौड़ और कागजी कार्रवाई से राहत मिलेगी ।हालांकि, ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद दस्तावेजों के सत्यापन एवं बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए निबंधन कार्यालय आना आवश्यक होगा। इससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के साथ ही पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बानी रहेगी ।अवर निबंधक राखी कुमारी ने बताया कि अवर निबंधन कार्यालय, परसा में 3 अगस्त से पेपरलेस निबंधन की व्यवस्था लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य निबंधन प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध बनाना है। इससे आम लोगों को जमीन निबंधन के दौरान होने वाली कागजी प्रक्रिया से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

## मांझी सीएचसी में 51 टीबी मरीजों के बीच बांटा गया फूड पैकेज

- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को मिली पोषण

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों के बीच पोषण सहायता के रूप में फूड पैकेज का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने 51 टीबी मरीजों को फूड पैकेज प्रदान कर उन्हें नियमित उपचार और पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी 6 मरीजों के बीच फूड पैकेज वितरित किया गया था, उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरूरतमंद मरीजों के बीच चरणबद्ध तरीके से वितरित किया गया। टीबी के सफल उपचार के लिए मरीजों का नियमित रूप से दवा लेना और पौष्टिक भोजन करना बेहद जरूरी है।

मरीजों को उपचार का पूरा कोर्स निर्धारित समय तक जारी रखने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि बीच में दवा छोड़ने से बीमारी दोबारा गंभीर रूप ले सकती है। सहयोग करने वालो में मुख्य रूप से उद्धव यादव, राहुल गुप्ता, शैलवश्व मिश्रा, अभिषेक सिंह,सुमन साहनी सीडीपीओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य लोगों ने भी सहयोग में अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।फूड पैकेज वितरण कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य प्रबन्धक राम मूर्ति,विवेक ब्याहुत, इंद्रजीत सिंह, मुन्ना सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के सरकारी बस स्टैंड स्थित पीपल के पेड़ के समीप शौचालय के पीछे से बुधवार की दोपहर एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। शव मिलते ही आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात युवक की मौत अत्यधिक नशीले पदार्थ का सेवन करने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### तिरंगा यात्रा में गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

पीरो ( आरा )। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को पीरो में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में प्रखंड एवं अनुमंडल के कई पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा उच्च विद्यालय, पीरो परिसर से शुरू होकर लोहिया चौक तक पहुंची। लोहिया चौक से यात्रा वापस उच्च विद्यालय पीरो पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर शामिल अधिकारियों एवं लोगों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा। तिरंगे के सम्मान और स्वतंत्रता दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के प्रति सम्मान प्रकट करने की अपील की। तिरंगा यात्रा में प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी भी शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य आम लोगों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है।

### रोहतास के दिनारा में हुई घटना पुलिस कार्रवाई एवं सीआईडी जांच के संबंध में

रोहतास। जिले के दिनारा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जोगिया में 05.08.2026 को प्रातः 06:30 बजे चंदेश्वर चौधरी (55 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा शव को बक्सर के सिकरौल थाना क्षेत्र की नहर में फेंक दिया गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा अभियुक्त अजीत तिवारी के घर और वाहनों में आगजनी की गई। त्वरित कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस टीम पर पथराव किया गया, जिसमें 8-10 पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस अधीक्षक, रोहतास ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई: 1. *कांड दर्ज:* हत्या के संबंध में दिनारा थाना कांड सं०-378/26 (5 नामजद), पुलिस पर हमले को लेकर कांड सं०-379/26 तथा आगजनी एवं तोड़फोड़ के संबंध में कांड सं०-380/26 दर्ज किया गया है। 2. गिरफ्तारी व बरामदगी: मुख्य अभियुक्त अजीत तिवारी और उसके पुत्र चिंगारी तिवारी को घटना के 5 घंटे के भीतर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक का शव 06.08.2026 को बक्सर से बरामद हुआ। अभियुक्त के घर से 21 कारतूस एवं 5 खोखा जब्त किए गए हैं। सीआईडी जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था: मामले की निष्पक्षता जांच हेतु डीआईजी (सीआईडी) श्री जयंतकांत के नेतृत्व में गठित टीम ने दोनों घटनास्थल का निरीक्षण किया है, जिसकी रिपोर्ट शीघ्र समर्पित की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम मिल्की एवं जोगिया में पर्याप्त पुलिस बल व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। *सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी: अफवाह और सामाजिक विद्वेष फैलाने के आरोप में 600 भ्रामक पोस्ट टेक डाउन कराए गए हैं तथा रोहतास साइबर थाना में कांड सं०-40/26 दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अपील:* बिहार पुलिस आम जनता से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ पोस्ट पर ध्यान न दें। माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल सभागार में बैठक, पंचायत प्रतिनिधियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



पीरो ( आरा )। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले ह्यहर घर तिरंगाह्न कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अनुमंडल सभागार पीरो में अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पंचायत स्तर पर व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सह दंडाधिकारी शंभू भारद्वाज, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचल अधिकारी रविश कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी विश्वजीत कुमार समेत पीरो प्रखंड के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। पीरो प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के मुखिया, सरपंच, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीओ कृष्ण कुमार उपाध्याय ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत सचिवों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को अभियान से जोड़ने तथा अधिक से अधिक घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी पंचायतों में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं, एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन के स्तर से सहयोग को लेकर जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने पंचायतवार तैयारियों पर भी चर्चा की तथा अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ के प्रगति कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

- नगर निगम को आवश्यकतानुसार वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्देश
- वेंडिंग जोन के निर्माण से सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान में मिलेगी मदद

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। दोनों पथों की कुल लंबाई 7.5 किमी है। पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा पथ निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्य की समयबद्धता की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली गई। उन्होंने पथ के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी चिन्हित करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश दिया, ताकि पथ का सुचारू एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हो सके। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग के माध्यम से उक्त भूमि पर वृक्षारोपण कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर निगम को आवश्यकतानुसार वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित वेंडिंग जोन के निर्माण से एक ओर सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पथ निर्माण एवं उससे संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अवसर पर सदर एसडीओ, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, परियोजना निदेशक बुडको, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण, शाहाबाद प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा, डीपीआरओ, सीओ आरा सदर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# डिजिटल युग में भी पुस्तकालय की महत्ता बरकरार : शंभू शरण



बड़हरा। प्रखंड के एकौना कुईयां स्थित माचा स्वामी प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 133वीं जयंती के अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस (लाइब्रेरियन डे) मनाया गया। इस मौके पर ह्यडिजिटल युग में पुस्तकालय की भूमिकाह्न विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार तिवारी ने डॉ. रंगनाथन के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की। सेमिनार को संबोधित करते हुए विद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष एवं मीडिया रिसर्च स्कॉलर शंभू शरण सिंह ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के बढ़ते प्रभाव के बावजूद पुस्तकालय की उपयोगिता और महत्ता आज भी कायम है। उन्होंने भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. शियाली रामामृत रंगनाथन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जन्मदिवस 12 अगस्त को देशभर में पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान में पुस्तकालय विद्यार्थियों के ज्ञान-विस्तार का महत्वपूर्ण केंद्र और हृदयस्थली के समान होता है। वरीय शिक्षक शशिकांत सिंह एवं खेल शिक्षक श्रीकांत पांडेय ने कहा कि हाईटेक दौर में सूचना के अनेक माध्यम उपलब्ध हैं, फिर भी पुस्तकालय की अपनी अलग पहचान और उपयोगिता है। वरीय शिक्षक मंजीव कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को विद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध पाठ्य पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं तथा ज्ञानवर्द्धक एवं मनोरंजक पुस्तकों का नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

# बामपाली-गिरजा मोड़-पकड़ी चौक पथ एवं नाला निर्माण कार्य के प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण

- पथ एवं नाला निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बामपाली-गिरजा मोड़-पकड़ी चौक पथ एवं नाला निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। यह परियोजना शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बीच आवागमन को सुगम बनाने तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा पथ एवं नाला निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता तथा कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से ली गई। उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य में बाधक अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वन विभाग से संबंधित लंबित एनओसी एवं अन्य आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब नही हो। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी लंबित प्रक्रियाओं को तेजी से पूर्ण कराने तथा पथ एवं नाला निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि बामपाली-गिरजा मोड़-पकड़ी चौक पथ एवं नाला निर्माण पूर्ण होने से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच संपर्क एवं आवागमन बेहतर होगा तथा जल निकासी व्यवस्था में भी सुधार आएगा। इससे शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने, यातायात को सुगम बनाने तथा आमजन के आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। इस अवसर पर नगर आयुक्त, डीडीसी, सदर एसडीओ, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, कार्यपालक अभियंता, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बड़हरा में निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा प्रखंड मुख्यालय



प्रात: किरण संवाददाता

बड़हरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय बड़हरा की ओर से बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय से शुरू हुई तिरंगा यात्रा सेमरिया बांध तक निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। यात्रा में प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पाण्डेय, बीस सूत्री सदस्य संतोष सिंह संटू, बीपीआरओ गोविंद कुमार, बीपीएम श्याम कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी संतोष कुमार, एमओ, शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार सहित प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इसके अलावा जीविका समूह से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं, मिथलेश पासवान, मंतोष सिंह, उमेश कुमार सुमन, राजेश कुमार, शोभा कुमारी समेत सैकड़ों महिला-पुरुषों ने तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

# एस. बी. कॉलेज में 16 स्टूडेंट सोसाइटीज की स्थापना, कैंपस एम्बेसडर्स प्रोग्राम की घोषणा

## दो दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का समापन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय (एस. बी. कॉलेज), आरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) एवं चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (FYUGP-बैच 2026-30) के तहत आयोजित दो दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम (SIP) 2026 का बुधवार को समापन हुआ। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं ठएढ कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन नवनामांकित विद्यार्थियों को शैक्षणिक संसाधनों, छात्रवृत्ति, खेलकूद, अनुशासन, मानसिक स्वास्थ्य तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।कार्यक्रम में डॉ. एम. के. गिरि ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय, डिजिटल संसाधनों एवं ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। डॉ. रिना जी ने एनएसएस यूनिट-1 तथा डॉ. मनीषा जी ने एनएसएस यूनिट-2 की गतिविधियों, पंजीकरण प्रक्रिया एवं शिविरों के बारे में बताया। खेलकूद एवं एनसीसी सत्र में डॉ. श्वेता गौरव और डॉ. संतोष राम ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. के. सी. चौधरी ने मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, जीवन कौशल और तनाव प्रबंधन पर विचार रखे। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण स्टूडेंट लीडरशिप एंड एंगेजमेंट प्रोग्राम रहा। इसके तहत कॉलेज में 16 स्टूडेंट सोसाइटीज की स्थापना की घोषणा की गई। साथ ही कैंपस एम्बेसडर्स प्रोग्राम एवं लीडरशिप एंड एंगेजमेंट प्रोग्राम का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया। डॉ. कुमार गौरव मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शीघ्र ही स्किल डेवलपमेंट, शोध लेखन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) सहित विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अंत में डॉ. महफूज ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ धनंजय प्रसाद राय, डॉ आदित्य कुमार आनन्द, डॉ उमेश राय,डॉ अशोक तिवारी, डॉ राधिका रमन, डॉ शिव शंकर सहित सभी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहें।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे भारत माता की जय से गूंजा परिसर

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बड़हरा प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़हरा के शिक्षकों के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और ह्यहर घर तिरंगाह्न के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। देशभक्ति के नारों से पूरा परिसर और आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा के माध्यम से लोगों में देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने का संदेश दिया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंजय कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है तथा उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होता है। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में आईसीटी समन्वयक रमाशंकर सिंह, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, अमरेंद्र कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने देश की शांति, समृद्धि, एकता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# एसबी कॉलेज में पर्यावरण संतुलन एवं औषधीय पौधों पर सेमिनार आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। एसबी कॉलेज, आरा के वनस्पति शास्त्र विभाग की ओर से पर्यावरण संतुलन एवं औषधीय पौधों के महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रो. मीना कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।प्राचार्या ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। औषधीय पौधे मानव स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ प्राकृतिक पर्यावरण को संतुलित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। सेमिनार के दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं उपयोगी पौधे लगाए गए। इसमें तुलसी की कई नस्लों के पौधे, नीम के पेड़, मेथी, धनिया, गुड़हल, एलोवेरा, मकोय सहित अन्य पौधे शामिल रहे। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रकृति में मौजूद लगभग प्रत्येक पौधे का किसी न किसी रूप में औषधीय महत्व होता है। तुलसी का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में लंबे समय से किया जाता रहा है, जबकि नीम अपने औषधीय एवं पर्यावरणीय गुणों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को इन पौधों के उपयोग, स्वास्थ्य लाभ तथा दैनिक जीवन में उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. धनंजय प्रसाद राय ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. उमेश राय, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आदित्य कुमार आनन्द, डॉ. एमके गिरी,डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राधिका रमन, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ.अनंत चौधरी, डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. नमिता कुमारी, रमेश कुमार,सुमीर शर्मा, अनील कुमार सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# जगजीवन कॉलेज में फैशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम पर जागरूकता कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जगजीवन कॉलेज, आरा में फैशन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (FEDP) को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. आभा सिंह ने की, जबकि सफल संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या जुली कुमारी ने किया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जुली कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों को फैशन एवं परिधान उद्योग में उपलब्ध व्यापक करियर अवसरों से परिचित कराना तथा उद्यमिता को व्यवहारिक करियर विकल्प के रूप में विकसित करने के लिए जागरूक करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य अतिथि के प्रोजेक्ट मैनेजर ज्योति प्रकाश सिन्हा ने विद्यार्थियों को ऋऊढ से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि यह 720 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें फैशन डिजाइनिंग के साथ मार्केटिंग, ब्रांडिंग, वित्तीय प्रबंधन, फंडिंग तथा ह्यमेक इन इंडियाह्न के तहत उपलब्ध अवसरों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी, रचनात्मक एवं व्यावसायिक कौशल विकसित कर विद्यार्थी फैशन क्षेत्र में बेहतर करियर बना सकते हैं अथवा अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता की मास्टर ट्रेनर कीर्ति कुमारी ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को फैशन जगत से जुड़े अपने अनुभवों से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि फैशन क्षेत्र महिलाओं को बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. डॉ. आभा सिंह ने विद्यार्थियों को कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आर्म्स एक्ट में दस वर्षों से फरार आरोपित गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

आरा/चरपोखरी। चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में दस वर्षों से फरार आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के चांदी गांव स्थित उसके घर से मंगलवार को की। गिरफ्तार आरोपित चरपोखरी थाना क्षेत्र के चांदी का निवासी स्व. दशरथ पासवान का पुत्र दीनानाथ पासवान है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते वर्ष 2016 में गुप्त सूचना के आधार पर चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा दीनानाथ पासवान के घर छापेमारी की गई थी। तब पुलिस ने उसके घर से दो राइफल एवं दो दोनाली बंदूक बरामद की थी। उसके खिलाफ पुलिस ने चरपोखरी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी समय से उक्त आरोपी फरार चल रहा था।

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत

## बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर बधार में बुधवार की दोपहर घटी घटना

आरा। जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर बधार में बुधवार की दोपहर विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी 60 वर्षीय रामईश्वर सिंह है। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के भतीजे अमरजीत कुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह खेत घूमने के लिए निकले थे। जहां रास्ते मे पहले से विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर पड़ा था। उसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कुछ देर बीत जाने के बाद जब स्थानीय ग्रामीण खेत की तरफ गए, तो उन्होंने देखा कि वह खेत में गिरे पड़े हैं। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में बड़े थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। वह अपने भाई एवं भतीजे के साथ ही रहते थे। उनके परिवार में एक बड़ा भाई राधा मोहन सिंह है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उनके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 17 पुड़िया हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बड़हरा थाना पुलिस द्वारा 17 पुड़िया हेरोइन के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के रामशहर गांव स्थित उसके घर से मंगलवार को की। तलाशी के दौरान उसके घर से 17 पुड़िया हेरोइन बरामद हुआ। गिरफ्तार धंधेबाज बड़हरा थाना क्षेत्र के रामशहर गांव निवासी दीपक मिश्रा है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि बड़हरा थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की रामशहर गांव निवासी दीपक मिश्रा अपने घर में मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस उसके घर पर छापेमारी की, तो वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया

गया जी।वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 12 अगस्त को गया जिले के नगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।इस अवसर पर नगर प्रखंड के प्रमुख सुचित्रा रंजनी, उप प्रमुख सतिश पटेल एवं बीडीओ प्रदिप कुमार चौधरी सीओ सौरभ कुमार, अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी,कर्मी, जनप्रतिनिधि, आमजनों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हुए नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के लिए जागरूक किया है।

### गोह में बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं किसान

गोह ( औरंगाबाद)(सं.)। गोह प्रखंड में बिजली की समस्या से आम उपभोक्ता काफी परेशान हैं। प्रचंड गर्मी में भी बिजली कटने की समस्या बदस्तूर जारी है। मंगलवार की शाम हुई बारिश से पूरी रात ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली कटी रही। जिससे हजारों की आबादी अंधेरे में डूबा रहा। अर्चना कुमारी, तनु कुमारी, नीरू कुमारी, पुष्पा कुमारी, महेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, आशीष कुमार सहित लोगो ने बताया कि विभागीय अधिकारी बारिश के बाद तार फॉल्ट होने का बहाना बनाकर घंटो बिजली काट दी जा रही है। कई जगहों पर जर्जर तार एवं कुछ जगहों पर पोल टूटा हुआ भी है। लेकिन विभागीय अधिकारी उसको नहीं बदल रहे हैं।

### चिन्मय मिशन के 75 वर्ष के अमृतकाल में गया जी पहुँची आध्यात्मिक भारत भ्रमण यात्रा

गया। चिन्मय मिशन के 75 वर्ष के अमृतकाल के अवसर पर चल रहे आध्यात्मिक भारत भ्रमण के अंतर्गत 10 एवं 11 अगस्त को गया जी, बिहार में दो दिवसीय प्रवास हुआ।इस दौरान आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सनातन परंपरा, अध्यात्म और जीवन-मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया।

प्रवास के दौरान संघ कार्यालय एवं पंजाबी भवन में युवाओं के साथ प्रेरणादायी संवाद आयोजित किया गया। युवाओं ने संकल्प लिया कि श्रीमद्भगवद्गीता के पाँच श्लोकों को ह्लगीता पंचामृतह्व के रूप में प्रत्येक युवा तक पहुँचाया जाएगा, ताकि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और जीवन-मूल्यों का संदेश नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुँच सके।

इस विशेष अवसर पर चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी मित्रानंद सरस्वती जी का सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने युवाओं को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ने तथा गीता के ज्ञान को अपने जीवन में उतारकर समाज तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया है।

गया जी एवं बोधगया की पावन धरती पर विष्णुपद मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, महाबोधि मंदिर एवं बोधगया मठ में विशेष पूजा-अर्चना की गई।इस दौरान प्रार्थना की गई कि भारत की सनातन आध्यात्मिक ऊर्जा सदैव विश्व को प्रकाशित करती रहे तथा मानवता को शांति, सद्भाव और सत्य के मार्ग पर प्रेरित करती रहे।

इस गया प्रवास एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में गया के साहित्यकार एवं समाजसेवी अनंत धीश अमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके साथ गया के प्रबुद्ध आध्यात्मिक एवं सामाजिक लोगों ने यात्रा के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की।

इस अवसर पर मणिलाल बारिक, राय मदन किशोर, उषा डालमिया, बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य स्वामी विवेकानंद गिरि जी महाराज, अनिल स्वामी एवं सच्चिदानंद प्रेमी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों एवं प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की और इस अमृत यात्रा के आध्यात्मिक संदेश एवं अनुभव का रसास्वादन किया है।

चिन्मय मिशन की इस यात्रा ने गया की आध्यात्मिक धरती पर युवा शक्ति, गीता ज्ञान और सनातन चेतना को एक साथ जोड़ने का संदेश दिया। युवाओं के संकल्प और प्रबुद्ध समाज की सहभागिता से यह प्रवास आध्यात्मिक जागरण एवं सामाजिक सरोकार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया।

### बेला मध्य विद्यालय के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

औरंगाबाद। सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला मे छात्रों ने आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन जन तक पहुंचाने एवम राष्ट्र भक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तिरंगा कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रीति कुमारी ने किया। जब की कार्यक्रम का हरि झंडी दिखाकर उत्क्रमित उच्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मधुसूदन प्रसाद ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही इस अभियान मे विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साह एवम उमंग के साथ तिरंगा झंडे के साथ पूरे गावो को भ्रमण कर विद्यालय मे राष्ट्र गान के साथ समापन किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज

## गांधी मैदान में डीएम, एसपी ने किया पूर्वाभ्यास व निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 को गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में ऐतिहासिक गांधी मैदान, अरवल में समारोह का पूर्वाभ्यास और संयुक्त निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का निरीक्षण जिला पदाधिकारी अमृषा बैंसऔर पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी ने किया।

इस दौरान दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण, परेड, मार्च पास्ट और अन्य कार्यक्रमों का अभ्यास देखा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान अपनाई जाने वाली व्यवस्थाओं और प्रोटोकॉल की समीक्षा की।पूर्वाभ्यास के बाद उन्होंने और रढ ने गांधी मैदान का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ध्वजारोहण स्थल, मंच, परेड स्थल, दर्शक दीर्घा, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्र के गौरव और स्वाभिमान का पर्व है। सभी तैयारियां समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। साफ-सफाई और सौंदर्गीकरण पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी ने सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल और आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

दोनों पदाधिकारियों ने निर्देश दिया कि समारोह के दौरान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा, प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए और अतिथियों व आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसओ, डीपीआरओ, पुलिस पदाधिकारी, जवान, छात्र-छात्राएं सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।जिला प्रशासन के द्वारा समारोह को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए अंतिम तैयारियां की जा रही हैं।

# 16वीं वित्त आयोग की योजनाओं को लेकर अरवल में प्रक्रिया तेज

■ 2026-27 के लिए योजनाओं की स्वीकृति पर जोर

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विकास योजनाओं को गति देने की कवायद शुरू हो गई है। उपलब्ध हस्तलिखित विवरण के अनुसार 16वीं वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं के आयोजन एवं स्वीकृति को लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया गया है।इसके साथ ही पंचायत स्तर पर योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन से संबंधित विषयों को भी प्राथमिकता दिए जाने की बात सामने आई है। दस्तावेज में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजनाओं की स्वीकृति से संबंधित बिंदु दर्ज हैं। इसके अलावा पंचायत स्तर पर विभिन्न विकास कार्यों के चयन और उनके क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा का उल्लेख किया गया है।इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में पहल किए जाने के संकेत मिलेगा। बैठक से संबंधित नोट में विकास योजनाओं के साथ मनरेगा से जुड़े कार्यों एवं भुगतान की व्यवस्था का भी उल्लेख किया गया है। मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने और योजनाओं को समय पर पूरा कराने पर जोर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजनाओं की स्वीकृति के बाद पंचायत स्तर पर सड़क, नाली, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य जरूरी विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद है।इसके साथी जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकानों की बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। योजनाओं के चयन में स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्यों को स्वीकृति देने की बात कही गई है। जानकारों के अनुसार वित्त आयोग की राशि से होने वाले कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। योजनाओं की स्वीकृति के बाद संबंधित विभाग एवं पंचायत स्तर पर कार्यान्वयन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों से योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने तथा राशि के उपयोग में पारदर्शिता बरतने की अपेक्षा की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा संध्या देवी ने किया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं सभी जिला परिषद सदस्य उपस्थित रहे

# 130 मीटर लंबे तिरंगे के साथ अरवल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देश पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत अरवल में 130 मीटर लंबे तिरंगे के साथ जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी ने की। तिरंगा यात्रा इंडोर स्टेडियम से +2 बालिका उच्च विद्यालय तक पैदल मार्च के रूप में निकाली गई।इस भव्य यात्रा में छात्र-छात्राओं, पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जीविका दीदियों एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरे मार्ग को राष्ट्रभक्ति के उत्साह से गुंजायमान कर दिया।स्केटिंग करती बच्ची आकर्षण का केंद्र बना गया,एक बच्चे ने 130 मीटर लंबे तिरंगे के साथ इंडोर स्टेडियम से बालिका विद्यालय तक स्केटिंग करते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। बच्चों ने महात्मा गांधी और भारत माता की वेशभूषा में अभिनय कर स्वतंत्रता संग्राम और देश की गौरवशाली विरासत का संदेश दिया। बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने तिरंगा लेकर भाग लिया, जिसने महिला सशक्तीकरण और सामाजिक एकता का प्रेरक संदेश दिया।भव्य रंगोली कार्यक्रम यात्रा स्थल पर स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को दशार्ती भव्य रंगोली बनाई गई।जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश की अखंडता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। उन्होंने जिलेवासियों से 15 अगस्त को अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की।इस अवसर पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष,धर्मेंद्र तिवारी, मिथिलेश कुमार, सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, एसडीओ, एसडीपीओ सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षक, जीविका दीदी उपस्थित रहे।जिला प्रशासन ने 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक चलने वाले ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# दो जिले के सीमा पर उर्वरक विक्रेता की कट रही चांदी:अधिकारी जांच के नाम पर कर रहे खानापूर्ति

प्रातः किरण संवाददाता

करपीःजिले की सीमावर्ती इलाकों पर स्थित उर्वरक दुकानों पर नियमित जांच-निरीक्षण नहीं होने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दो जिलों के बॉर्डर पर स्थित होने की वजह से कृषि विभाग के अधिकारी यहां निरीक्षण करने नहीं पहुंचते हैं प्रखंड क्षेत्र के रामपुर चाय शहर तेलपा करपी बाजारों में खुलेआम 360 रुपए प्रति बोडी यूरिया और 2100 से 2200 रुपए डीएपी बेचा जा रहा है और किसान बेव्स लाचार होकर खरीद रहे हैं।सूत्रों के अनुसार कुछ उर्वरक विक्रेता कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से मनमानी कर रहे हैं। हर दुकान से निरीक्षण के नाम पर वसूली की जाती है और विक्रेता भी सहजे से पैकेट में दक्षिणा डाल देते हैं।इस संबंध में जब प्रखंड कृषि पदाधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में मेरे कहां 4 से 5 उर्वरक निरीक्षक कर्जरात हैं सभी लोगों के द्वारा ऑफलाइन और ऑनलाइन निरीक्षण किया जा रहा है लगातार उन्होंने बताया कि 26 फर्टिलाइजर दुकानों का निरीक्षण किया गया है। बावजूद इसके सीमावर्ती क्षेत्र की शिकायतों पर विभाग की नजर नहीं पहुंच पा रही है।किसानों ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को खाद समय पर और सही दाम पर उपलब्ध हो सके।

### पति-पत्नी का विवाद सुलझाने पहुंचे चाचा पर भतीजे का चाकू से हमला, आरोपी हिरासत में

शेरघाटी। शेरघाटी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे चाचा और अन्य पर भतीजे द्वारा चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में संजय गुप्ता, सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र कुमार तथा अजय साव घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज कराया गया।घायल संजय गुप्ता ने बताया कि परिवार में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए कई दिनों से प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि भतीजा विक्की कुमार लगातार समझौते के लिए समय और स्थान बदलता रहा। बुधवार को जब परिवार के सभी सदस्य मोहनपुर से दरियापुर पहुंचे और बातचीत शुरू हुई, तभी विक्की कुमार ने अचानक चाकू निकालकर हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई ।

# हर हाल में 15 अगस्त तक पंचायत विकास योजनाएं पोर्टल पर करें अपलोड

## समय सीमा के बाद बंद हो जाएगा पोर्टल, लापरवाही पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पोर्टल पर दर्ज कराने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदित्य कुमार ने सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत विकास योजना एवं प्रखंड पंचायत विकास योजना को हर हाल में 15 अगस्त तक संबंधित पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद पोर्टल बंद हो जाएगा। इसके बाद संबंधित अधिकारी योजनाओं को पोर्टल पर अपलोड नहीं कर सकेंगे। ऐसे में समय सीमा के अंदर कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिला पंचायती राज विभाग ने सभी बीपीआरओ और बीडीओ को इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है।

### योजनाओं के अपलोड में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निर्देश में कहा गया है कि पंचायत स्तर पर तैयार की गई विकास योजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक है। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में योजनाओं की प्रगति की लगातार समीक्षा करने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने को कहा गया है। प्रशासन का उद्देश्य पंचायतों की विकास योजनाओं को पारदर्शी तरीके से दर्ज कराकर उनके क्रियान्वयन की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 15 अगस्त की अंतिम समय सीमा का सभी अधिकारी कड़ाई से पालन करें। समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या का हवाला देकर योजनाओं को अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसलिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि से पहले शत-प्रतिशत योजनाओं का अपलोड सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# तीन साल में आरपीएफ का शराब तस्करी पर कासा शिकंजा 87.84 लाख एमएल शराब जब्त,186 तस्कर गिरफ्तार

■ आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने कहा-कोडरमा-गया सेक्शन पर चलाये गए अभियान में 186 तस्कर गिरफ्तार, 56.83 लाख एमएल देसी व 31 लाख एमएल अंग्रेजी शराब बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत कोडरमा-गया रेल क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ आरपीएफ की लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरीश कुमार ने बताया कि धनबाद रेल मंडल के कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने कोडरमा-गया रेल सेक्शन पर शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खासकर झारखंड से बिहार में शराब पहुंचाने वाले तस्करों पर आरपीएफ की पैनी नजर है।

आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 से 10 अगस्त 2026 तक आरपीएफ की कार्रवाई में 56,83,480 एमएल देसी शराब और 31,00,980 एमएल इंडियन मेड फॉरेन लिकर जब्त की गई। इस दौरान 186 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब का कुल मूल्य करीब 27.5 लाख रुपये बताया गया है।

### जनवरी से अब तक 45 शराब तस्कर गिरफ्तार

जनवरी 2026 से 10 अगस्त 2026 के बीच की कार्रवाई में 43,28,700 एमएल देसी शराब और 10,75,110 एमएल अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इस अवधि में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ की लगातार कार्रवाई से झारखंड से बिहार शराब पहुंचाने वाले नेटवर्क पर दबाव बढ़ा है।

### टिकट दलालों से लेकर मादक पदार्थ तस्करों पर कार्रवाई

आईजी अमरीश कुमार ने बताया कि आरपीएफ की टीम ने यात्री टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले 14 टिकट दलालों को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा विभिन्न ट्रेनों से कुल 71.382 किलोग्राम गांजा बरामद कर छह तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें जीआरपी के हवाले किया गया। अफीम तस्करी के दो मामलों में 2.922 किलोग्राम और 2.387 किलोग्राम अफीम बरामद की गई।

### नन्हे फरिश्ते और अमानत. अभियान में भी बड़ी उपलब्धि

आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 67 नाबालिग लड़कों और 37 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कर चाइल्डलाइन को सौंपा।

वहीं ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों के ट्रेन में छूटे 241 सामान बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 49.36 लाख रुपये थी। इसके अलावा सीआईबी धनबाद और आरपीएफकोडरमा की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय जहरखुरानी गिरोह के सात सदस्यों को भी गिरफ्तार किया। आईजी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मध्य विद्यालय सोनबरसा के छात्रों ने हर घर घर तिरंगा सफल बनाने को ले निकाली रैली

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ज़िले के ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनबरसा मे हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी की अध्यक्षता मे छात्र छात्राओं ने हर घर तिरंगा लहराएंगे देश का मान बढ़ाएंगे जैसे नारों के साथ विद्यालय परिसर से रैली निकली। जो गावो को भ्रमण कर विद्यालय को प्रस्थान किया। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवम उसके सम्मान और नागरिकों के कर्तव्यों की जानकारी दी। कहा कि तिरंगा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता और गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान करना प्रत्येक नागरिकों का दायित्व है। छात्रों ने राष्ट्रीय थाम कर वंदे मातरम भारत माता की जय तिरंगा झंडा अमर रहे के नारे लगाए साथ ही विद्यालय परिवार ने हर घर तिरंगा फहराने को आहवान किया। इस गतिविधि से महौल देश भक्ति बन गया। छात्र छात्राएं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की। जो राष्ट्रीय ध्वज पर केशरिया सफेद और हरे रंगों से आकर्षण रंगोलियां बनाई। उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से बच्चों और अभिभावकों ने राष्ट्रीयता की भावना सुदृढ़ होती है। बच्चे भी स्वाधीनता से ग्राम के महत्व को जानेंगे और शहीदों के नमन करेंगे। मौके पर शिक्षक मंजू कुमारी, संगीता कुमारी, निरंजन कुमार, शिव प्रकाश, सुमित कुमार, बबन राम समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विसंगतियों के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन के तीसरे चरण का पहला दिन आरम्भ

प्रातः किरण संवाददाता

गया कॉलेज के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के विसंगतियों के विरोध में फुटाब, फुस्टाब तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशव्यापी हो रहे विरोध का तीसरा चरण का पहला दिन आरम्भ किया गया है। महाविद्यालय के सभी कार्यों को करते हुए शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक तरीके से घंटी बजाकर तथा नारेबाजी कर के सरकार के इस विधेयक के विसंगतियों का विरोध किया गया। इस तीसरे चरण का आंदोलन 11 अगस्त 2026 से 25 अगस्त 2026 तक विश्वविद्यालय/ स्नातकोत्तर विभाग एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर प्रत्येक कार्य दिवस को अपराह्न 1:30 बजे से 2:00 बजे के बीच 30 मिनट तक घंटी बजाकर और नारेबाजी कर के करेंगे।संघर्ष मोर्चा और सभी की प्रमुख मांग है कि प्रस्तावित बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 को तत्काल वापस लिया जाए अथवा व्यापक विमर्श एवं विशेषज्ञों की राय के बाद ही आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। सरकार इस विधेयक को किसी भी प्रकार की जल्दबाजी में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों तथा संबंधित हितधारकों से बिना पर्याप्त चर्चा के पारित न करे। अगर सरकार हमारी मांगो पर संज्ञान नहीं लेती है तो ये आंदोलन बहुत ही बड़ा रूप लेगा। सभी महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष- प्रो (डॉ) विभा सिंह, उपाध्यक्ष - प्रो (डॉ) सोनू अन्नपुर्णा सचिव- डॉ आनन्द कुमार, कोषाध्यक्ष- डॉ पन्ना लाल, कार्यकारणी सदस्य- डॉ मार्कंडेय पाण्डे, डॉ अनूप कुमार तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी आदि थे।

# जगजीवन कॉलेज के भूगोल विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंटर्नशिप को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी जगजीवन कॉलेज के भूगोल विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंटर्नशिप को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें दोनों विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं। इस आयोजन की अध्यक्षता दोनों विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ. रतिकांत दास एवं डॉ. अंकना ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंकना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।उन्होंने विशेष रूप से जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों में कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार की तैयारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र सिंह चन्द्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल पाठ्यक्रम का सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ कार्य करने तथा प्राप्त अनुभव को अपने भविष्य के अध्ययन और करियर में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।वहीं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. रतिकांत दास, सहायक प्राध्यापक डॉ. ऐजाज अहमद, डॉ. प्रियंका कुमारी सिन्हा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रियंका कुमारी प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति नजरिए में बदलाव की मांग करता है। विद्यार्थी जब इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़ेंगे तो उन्हें समाज एवं जीवन की गहराई समझ में आएगी। वह विशेष तौर पर टीम वर्क करने और समय का सदुपयोग के बारे में जागरूक होंगे। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि महाविद्यालय के अलग-अलग विभाग के विभागाध्यक्ष विद्यार्थियों को उनकी समस्याओं के बारे में सोचने-समझने की क्षमता विकसित कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की तारीफ की कि विद्यार्थी इंटर्नशिप कार्यक्रम को लेकर गंभीर हैं। वे इतने संवेदनशील हैं कि सूचना मिलते ही महाविद्यालय में उपस्थित हो रहे हैं।ऐसे कार्यक्रम से महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण में सकारात्मक तौर पर अभिवृद्धि होती है। अंत प्रधानाचार्य ने इस बात की भी सूचना विद्यार्थियों से साझा की कि कल यानी 13 अगस्त को मानविकी विभाग के द्वारा इंटर्नशिप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो. पूर्णेंदु कुमार, डॉ. अनुरानी, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. शिवकुमार रविदास, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. राजीव रंजन आदि थे।

# मानपुर में ग्राम रक्षा दल का 30 दिवसीय प्रशिक्षण जारी, विद्यार्थियों में उत्साह

प्रातः किरण संवाददाता



मानपुर : मानपुर प्रखंड स्थित रसलपुर खेल मैदान में दो अगस्त से ग्राम रक्षा दल का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए करीब 150 विधार्थी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों को विभिन्न विषयों की जानकारी देने के साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और जिम्मेदारियों से अवगत कराया जा रहा है।

मानपुर प्रखंड ग्राम रक्षा दल के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के कर्तव्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी जा रही है। उन्हें ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में शांति-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के साथ जरूरत पड़ने पर दलबल के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकेंगे।

प्रशिक्षक रौनीत शर्मा ने कहा कि ग्राम रक्षा दल ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और जनसेवा की महत्वपूर्ण कड़ी है। ऐसे में सभी सदस्यों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक जानकारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का अनुभव दिया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित विनोद सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों और सदस्यों को आगे रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है। प्रशिक्षण से शारीरिक फिटनेस और संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। साथ ही प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होता है। प्रशिक्षण में शामिल सदस्यों ने कहा कि लंबे समय बाद इस तरह का प्रशिक्षण आयोजित होने से उन्हें नई जानकारी और अनुभव मिल रहा है। उन्होंने सरकार से ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के लिए समुचित व्यवस्था करने तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की।

# 15 अगस्त को ऐतिहासिक गांधी मैदान में शान से लहराएगा तिरंगा

■ जिला के प्रभारी मंत्री करेंगे झंडोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता




मोतिहारी। स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण के साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई एवं सभी कार्यों को समय से पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह 9:00 बजे मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में माननीय जिला प्रभारी मंत्री सह माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार सरकार के कर कमलों द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय के द्वारा पूर्वी चंपारण जिला में विकास और प्रगति के कार्य सहित बड़े प्रोजेक्ट्स पर चल रहे कार्यों को रेखांकित करते हुए गांधी मैदान में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया जाएगा। माननीय मंत्री के द्वारा मुख्य मंच पर जिला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न क्षेत्र के लोगों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान मैं झंडोत्तोलन को लेकर चल रही तैयारी को समय से पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण एवं आम लोगों के बैठने की बेहतर व्यवस्था की जाए। महिलाओं के लिए अलग दीर्घा तथा पत्रकारगण को बैठने एवं संपूर्ण कार्यक्रम को कवरेज करने के लिए के लिए अलग व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। इस संबंध में नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी को निर्देश दिया गया कि महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई एवं रंग रोगन सहित सभी जरूरी कार्यों को समय से पूर्ण करा लें। जिला स्तर पर झंडोत्तोलन के कार्यक्रम को निम्न रूप से निर्धारित किया गया है: गांधी मैदान में सुबह 9:00 बजे, समाहरणालय परिसर मोतिहारी में 9:45 बजे, अनुमंडल कार्यालय सदर के परिसर में 9:50 बजे, नगर निगम कार्यालय 10:05 बजे, गांधी संग्रहालय 10:15 बजे, जिला परिषद कार्यालय 10:25 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय 10:35 बजे, पुलिस केंद्र मोतिहारी 10:40 बजे एवं उसके पश्चात 11:05 पूर्वाह्न से महादलित टोलों में पदाधिकारी गण की उपस्थिति में उस टोला के बुजुर्ग महादलित व्यक्ति के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस बार महादलित टोलों में झंडोत्तोलन का कार्य महिलाओं के द्वारा कराए जाने का निर्देश प्राप्त है। जिलाधिकारी के द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि 13 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल पूर्वाह्न 9:00 बजे किया जाएगा जिसमें सभी टुकड़ियां भाग लेंगी और सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बरसात के मौसम को देखते हुए गांधी मैदान में परेड वाले ट्रैक को ठीक करा देने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मोतिहारी को दिया गया। गांधी मैदान की साफ सफाई सहित कलेक्ट्रेट परिसर एवं सभी महत्वपूर्ण पथों की साफ सफाई का निर्देश नगर निगम को दिया गया। मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में मंच निर्माण, रंग रोगन एवं बैरिकेडिंग के विषय में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा बताया गया कि सभी कार्यों को समय से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।स्वतंत्रता दिवस समारोह का लाइव प्रदर्शन/प्रसारण जिला के सोशल मीडिया,फेसबुक पेज , वेव कास्ट के माध्यम से कराने का निर्देश गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को दिन के 2:00 बजे से गांधी मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला प्रशासन और मीडिया की टीम आमने-सामने होगी। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी एवं उप समाहर्ता जिला नजारत को जरूरी निर्देश दिए गए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को संध्या 5:00 बजे से महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या के विषय में जिला शिक्षा पदाधिकारी से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग में कुल 26 टीमों ने भाग लिया जिसमें 19 टीम का चयन किया गया है, जिनके द्वारा सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति दी जाएगी।

## बीरगंज में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता




रक्सौल / बीरगंज। भारत की राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति के प्रतीक राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्न की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज द्वारा मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीरगंज स्थित सैनिक बैरक के समीप क्लासिक बैंक्वेट में आयोजित यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मातृभूमि के प्रति आध्यात्मिक एवं देशभक्तिपूर्ण समर्पण की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में वंदे मातरम् की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया गया। इस दौरान इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया तथा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियाँ भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में चिल्ड्रेन वर्ल्ड माध्यमिक विद्यालय, ज्ञानदा एकेडमी बीरगंज तथा डीएवी आरबी केडिया विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीरगंज के लिए भारत के महावाणिज्यदूत डी. एस. मीना ने कहा कि ह्यवंदे मातरम्ह्न केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्रीय एकता, मातृभूमि के प्रति सम्मान और गहन देशभक्ति की भावना से जुड़ी एक अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि इसकी रचना के 150 वर्ष पूर्ण होना एक ऐतिहासिक अवसर नई पीढ़ी के लिए इसके इतिहास, भावनात्मक महत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। महावाणिज्यदूत मीना ने यह भी उल्लेख किया कि नेपाल और भारत के बीच सदियों से विद्यमान ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं जनस्तरीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के उपाध्यक्ष माधव राजपाल, ज्येष्ठ नागरिक समाज के अध्यक्ष जगदीश शर्मा, नेपाल पत्रकार महासंघ पर्सा के सदस्य राहुल गुप्ता, लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ई के जोनल चेयरपर्सन सह डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एवं भारत विकास परिषद, रक्सौल के सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी विमल कुमार सर्राफ ,लायन राधेश्याम खेतान,लायन राजकुमार सिंधी,लायन पिया सिंह,लायन गुड्डी जोशी सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, उद्योगपति, व्यवसायी, समाजसेवी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।अपने बधाई संदेश में भारत विकास परिषद प्रियदर्शी - रक्सौल के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि देश से बाहर ऐसे आयोजन से स्थानीय भारतवासियों में साथ ही वहां के लोगों को भी भारत की गौरवशाली परंपरा एवं देशभक्ति का जज्बा पता चलता है तथा और अधिक प्रगाढ़ भी होता है।

उपस्थित लोगों ने वन्दे मातरम में निहित राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को आत्मसात करने तथा नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने सामाजिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज के वाणिज्य दूत मनीष दास ने किया। कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### कुख्यात बासुदेव यादव के पुत्र छोटे लाल यादव का शव दियारे से बरामद

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र के पकाहा दियारे में बुधवार की सुबह नदी किनारे पानी में एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना दियारे में रह रहे लोगों ने नदी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नदी थानाध्यक्ष दीपक कुमार प्रसाद और भितहा थानाध्यक्ष नरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान भितहा थाना क्षेत्र के मुंडाडीह गांव निवासी छोटेलाल यादव के रूप में हुई है। वह वासुदेव यादव के पुत्र बताए गए हैं। वासुदेव यादव पुराने मामलों में फिलहाल बगहा उपकारा में बंद हैं। परिजनों के अनुसार, छोटेलाल यादव मंगलवार को पकाहा दियारे स्थित अपने डेरा पर गए थे। देर शाम तक वह डेरा पर मौजूद थे। रात करीब सात बजे के बाद अचानक उनके गायब होने की जानकारी परिजनों को मिली। इसके बाद परिजन रात में ही पकाहा दियारे पहुंचे और आसपास के इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी।

### नेपाल में एंटी-स्नेक वेनम की कमी से बढ़ी चिंता, अस्पतालों में संकट

बगहा। नेपाल में मानसून के दौरान सांप के काटने की घटनाओं के बीच एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) की कमी ने स्वास्थ्य व्यवस्था की चिंता बढ़ा दी है। अगस्त के शुरुआती दिनों में नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में जानकारी दी कि देश के तीनों स्तरों पर कुल 1,269 वायल एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं, जिससे करीब 850 मरीजों का उपचार किया जा सकता है। सीमित स्टॉक के कारण अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज का दबाव बढ़ गया है। बतादें, नेपाल के तराई और सीमावर्ती जिलों में मानसून के दौरान सांप के काटने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। ऐसे समय में एंटीवेनम की उपलब्धता कम होने से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने 10-वर्षीय जीवन कवर विकल्प किया पेश

दुर्गापुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस प्लान के तहत एक नया 10-वर्षीय जीवन कवर विकल्प पेश किया है, जिसका उद्देश्य गृह ऋण, बच्चों की शिक्षा के खर्च और व्यावसायिक ऋण जैसी अल्पकालिक वित्तीय प्रतिबद्धताओं के खिलाफ किफायती सुरक्षा चाहने वाले ग्राहकों की मदद करना है। बीमाकर्ता ने कहा कि नई नीति ग्राहकों को ऐसे समय में कम प्रीमियम पर उच्च जीवन कवर का विकल्प चुनने में सक्षम बनाती है जब वित्तीय जिम्मेदारियां चरम पर होती हैं। यह योजना 67,100 रुपये तक की मानार्थ स्वास्थ्य और कल्याण सेवाएं, 3 लाख रुपये का तत्काल दावा भुगतान और गंभीर बीमारी के निदान पर 100 प्रतिशत भुगतान भी प्रदान करती है। कंपनी के वितरण प्रमुख (चीफ ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन) मणिकंदन राजामणि ने कहा कि बदलते जीवन लक्ष्यों के साथ वित्तीय सुरक्षा के आसपास ग्राहकों की उम्मीदें विकसित हो रही हैं।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर में गूंजा 'वन्दे मातरम्'

प्रात : किरणरा संवाददाता




रक्सौल। भारत सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर राष्ट्रगीत ह्वन्दे मातरम्ह्व की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा ह्वहर घर तिरंगाह्व अभियान के तहत बुधवार को शहर के विवेकानन्दपुरी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से वन्दे मातरम सभी छन्द का गायन कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम में एसएसबी की 47वीं वाहिनी के कमांडेंट बजरंग सिंह, अधिकारी कुंदन सिंह सहित करीब 50 जवानों की उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की मौजूदगी में लगभग 50 तिरंगों की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी। एसएसबी के जवानों ने ह्वहर घर तिरंगाह्व अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। सामूहिक ह्वन्दे मातरम्ह्व गायन के बाद विद्यालय परिसर में एसएसबी के जवानों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये। जवानों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रप्रेम के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। एसएसबी कमांडेंट बजरंग सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों से बना राष्ट्रध्वज नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता, त्याग, शौर्य और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम के संस्कार विकसित करना देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। पौधरोपण को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि देश की सेवा केवल सीमा की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण और समाज की रक्षा भी राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि ह्वन्दे मातरम्ह्व भारतीय जनमानस में राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जगाने वाला अमर राष्ट्रगीत है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गायन के माध्यम से राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान व्यक्त करना गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना विद्यालय का दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक डॉ. प्रो. राजकिशोर सिंह, समाज सेविका मीरा कुशवाहा, प्रधानाचार्य प्रेम रंजन पटेल, विद्यालय के आचार्य-आचार्या, भैया-बहनों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

## लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक नोटिस तामिला पर जोर



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर सोमवार को बगहा व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में न्यायिक पदाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोक अदालत की तैयारियों के साथ-साथ विभिन्न मामलों में जारी नोटिस के तामिला की स्थिति की समीक्षा की गई। न्यायिक पदाधिकारियों ने लंबित नोटिसों का अधिक से अधिक तामिला कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता एडीजे प्रथम मनीष कुमार द्विवेदी ने की। उन्होंने बगहा नगर एवं पटखौली थाना क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग को लेकर संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी उठा। उन्होंने कहा कि बगहा नगर की सड़कों पर वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा किए जाने से यातायात प्रभावित होता है। ऐसे में यातायात नियमों का जानबूझकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए करीब 10 हजार नोटिस जारी किए गए हैं। एडीजे प्रथम मनीष कुमार द्विवेदी, एसीजेएम प्रथम कीर्ति प्रसाद एवं एसडीजेएम आलोक कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नोटिस तामिला की प्रक्रिया की नियमित समीक्षा करें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को बगहा व्यवहार न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आर्य कन्या मध्य विद्यालय ने निकाली प्रभात फेरी




■ प्रभात फेरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रक्सौल के आर्य समाज रोड स्थित आर्य कन्या मध्य विद्यालय में देशभक्ति और जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे और देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाते हुए बच्चों ने पूरे आर्य समाज रोड और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। विभागीय निर्देशानुसार प्रभात फेरी के माध्यम से आम जनमानस को अपने-अपने घरों पर आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराने और इस अभियान से जुड़ने का संदेश दिया गया। इस आयोजन के दौरान विद्यालय परिवार का पूरा सहयोग रहा। प्रभात फेरी के सफल संचालन में विद्यालय के कई प्रमुख शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

जिनमें प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश शर्मा के साथ विद्यालय अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों में सुनीता कुमारी, अनिल कुमार पाठक, दिनेश कुमार, नेहा कुमारी, रीना कुमारी एवं विकेश ठाकुर मौजूद थे। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना और समाज में तिरंगे के प्रति सम्मान व जागरूकता फैलाना है।

### अवैध शराब मामले में दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत भैरोगंज थाना क्षेत्र के अवैध शराब से जुड़े मामले में बगहा व्यवहार न्यायालय के मद्यनिषेध एवं उत्पाद न्यायालय के विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार द्विवेदी की अदालत ने बुधवार को दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर दोनों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह फैसला 12 अगस्त 2026 को जिला एवं विशेष न्यायालय, मद्यनिषेध, पश्चिम चंपारण के विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनाया गया। मामला भैरोगंज थाना कांड संख्या 97/24, दिनांक 14 अक्टूबर 2024 से संबंधित है।

## गन्ने के खेत से निकले भालू ने युवक पर किया हमला, हाथ जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। लौकरिया थाना क्षेत्र के बरवा कला गांव में बुधवार की सुबह गन्ने के खेत से निकले भालू ने एक युवक पर हमला कर दिया। भालू के हमले में युवक के हाथ में गंभीर चोट आई है। घायल की पहचान बरवा कला निवासी 35 वर्षीय गोपाल महतो, पिता खेलावन महतो के रूप में हुई है। घायल युवक का इलाज हरनाटांड़ अस्पताल में कराया जा रहा है।घायल गोपाल महतो ने वन विभाग को दिए आवेदन में बताया कि बुधवार सुबह करीब छह बजे वह शौच के लिए गांव के दक्षिण दिशा स्थित सरेह की ओर गया था। इसी दौरान गन्ने के खेत से अचानक एक भालू बाहर निकला और उस पर हमला कर दिया। भालू ने उसके हाथ को काटकर जख्मी कर दिया।अचानक हुए हमले से घबराए युवक ने शोर मचाना शुरू किया। उसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हल्ला करने लगे। ग्रामीणों के शोर मचाने के बाद भालू युवक को छोड़कर जंगल की तरफ चला गया।इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल गोपाल महतो को टेंपो से हरनाटांड़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल ने वन विभाग से सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग भी सक्रिय हो गया है। हरनाटांड़ रेंजर शिवकुमार राम ने बताया कि भालू के हमले की सूचना मिली है। मामले की जांच के लिए वन विभाग की टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। टीम द्वारा जांच किए जाने के बाद इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को भेजी जाएगी।

## चितवन में बाघ का आतंक: मनिंग वॉक पर निकले बुजुर्ग पर हमला, डाटकर बाघ को किया गया नियंत्रित

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल के चितवन में मंगलवार सुबह बाघ के हमले की घटना के बाद वन्यजीव अधिकारियों ने घंटों अभियान चलाकर बाघ को नियंत्रित किया। घटना भरतपुर महानगरपालिका-28 के जितपुर क्षेत्र से जुड़ी बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगल बोटे नामक व्यक्ति सुबह जंगल क्षेत्र की ओर गए थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया। उनकी उम्र करीब 65 वर्ष बताई जा रही है । बोटे भरतपुर महानगरपालिका-28 के निवासी थे और घास काटने के लिए हरियाली सामुदायिक वन क्षेत्र में गए थे।

**शव के पास ही मौजूद था बाघ:** घटना की सूचना मिलने के बाद जब रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची तो स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई थी। जानकारी के मुताबिक, बाघ पीड़ित के शव के आसपास ही मौजूद था। ऐसे में वन्यजीव अधिकारियों ने सुरक्षा घेरा बनाकर अभियान शुरू किया। बाघ को सुरक्षित तरीके से हटाने के लिए प्रशिक्षित हाथियों की भी मदद ली गई। बाद में विशेषज्ञ टीम ने उचित दूरी से



कार्रवाई करते हुए बाघ को डार्ट कर नियंत्रित किया।

**चितवन में लगातार बढ़ रही मानव-बाघ मुठभेड़ की चिंता:** चितवन क्षेत्र में मानव और वन्यजीव के बीच संघर्ष की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। इससे पहले भी भरतपुर क्षेत्र में बाघ के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगस्त 2024 में नारायणी नदी किनारे मॉर्निंग वॉक कर रहे एक व्यक्ति पर बाघ ने हमला किया था, जिसमें वह घायल हुए थे।

### नेपाल में ज्येष्ठ नागरिकों को सार्वजनिक यातायात में 50% किराया छूट

बगहा। नेपाल में ज्येष्ठ नागरिकों को सार्वजनिक यातायात में 50 प्रतिशत किराया छूट देने का प्रावधान पहले से मौजूद है। वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए सार्वजनिक वाहनों में कम से कम दो सीट आरक्षित रखने और निर्धारित यात्रियों को किराये में 50 प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था की गई है। सरकारी व्यवस्था के अनुसार छूट का लाभ लेने के लिए ज्येष्ठ नागरिक को पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए नागरिकता प्रमाणपत्र, मतदाता परिचयपत्र, पेंशन कार्ड अथवा संबंधित सरकारी पहचानपत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाने का प्रावधान बताया गया है। प्रावधान के मुताबिक सार्वजनिक बसों में कम से कम दो सीट ज्येष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित रखने की व्यवस्था है।

## 1.82 करोड़ की तीन योजनाओं से झिलिया मुहल्ले के विकास को मिलेगी नई पहचान: गरिमा

■ बहुउपयोगी कम्युनिटी हॉल के साथ जन सुविधा और पर्यावरण संरक्षा के लिए दो पार्कों के लिए दुबारा निविदा कर दी गई है जारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के अल्प विकसित झिलिया मुहल्ले के समग्र विकास के लिए एक बड़ी पहल की है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा दुबारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना में डबल बीड प्रणाली के तहत झिलिया मुहल्ले के लिए एक साथ तीन विकास योजनाओं के लिए पुनः निविदा आमंत्रित की गई है। विगत 03 अगस्त 2026 को जारी इस निविदा सूचना के अनुसार इच्छुक संवेदक 21 अगस्त से 10 सितंबर 2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in से परिमाण विपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि भी 10 सितंबर 2026 ही निर्धारित है, जबकि तकनीकी बीड 11 सितंबर को खुलेगी। तीनों योजनाओं की जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव के आधार पर इस बार पूरा फोकस झिलिया मुहल्ले के चतुर्दिक विकास और जन सुविधाओं के विस्तार पर रखा गया है। जारी निविदा के आधार पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि कम्युनिटी हॉल का निर्माण 68 लाख 29 हजार 127 रुपये की प्राक्कलित राशि से झिलिया में एक अत्याधुनिक कम्युनिटी हॉल बनाया जाएगा। लंबे समय से स्थानीय लोगों की यह मांग थी।

पार्क का सौंदर्यीकरण 44 लाख 77 हजार 244 रुपये की लागत से झिलिया के मौजूदा पार्क का सौंदर्यीकरण होगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसमें बेंच, लाइट, ग्रीन लैंडस्केपिंग और बच्चों के लिए आधुनिक झूले आदि लगाए जाएंगे। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नए झिलिया पार्क के निर्माण पर 69 लाख 41 हजार 674 रुपये की लागत आएगी। महापौर ने बताया कि तीनों योजनाओं के इस पैकेज की करीब पौने दो करोड़ लागत वाली अब तक की सबसे बड़ी योजना है।तीनों योजनाओं की कार्यावधि तीन माह निर्धारित की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी पहली बार जारी निविदा में संवेदकों की भागीदारी कम रहने के कारण इसे दोबारा निकाला गया है।

इसी को देखते हुए 24 अगस्त को प्री-बीड मीटिंग भी बुलाई गई है।नगर निगम के इस निर्णय से झिलिया के लोगों में हर्ष है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि यदि समय पर कार्य पूरा हुआ तो सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में झिलिया मुहल्ला पहला ऐसा वार्ड होगा जहां एक साथ सामुदायिक भवन और दो व्यवस्थित पार्क की सुविधा होगी।

## हाथों में तिरंगा, दिल में राष्ट्रभक्ति: भव्य तिरंगा यात्रा का हुआ सफल आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के अंतर्गत बुधवार को समाहरणालय परिसर से शहीद पार्क, बेतिया तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। हाथों में तिरंगा लिए हजारों छात्र-छात्राओं, युवाओं, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण तरनजोत सिंह ने किया। यात्रा में वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम, उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी (जिला गोपनीय शाखा) सुजीत कुमार, एनईपी, पुरूषोत्तम त्रिवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार, जिला युवा अधिकारी शशांक मितल, डीपीएम, जीविका आरके निखिल सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संगठन, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ना तथा विशेष रूप से युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है। तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है।

संक्षिप्त खबरें

## नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत में मुखिया प्रमिला देवी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढी दक्षिणी पंचायत में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। मुखिया प्रमिला देवी की अगुवाई में पंचायत भवन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस पंचायत भवन पहुंची। इस दौरान मुखिया प्रमिला देवी ने लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान और महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अवश्य लहराएं और अपने राष्ट्रध्वज का सम्मान करें। यह हमारे गौरव और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार सहित पंचायत के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया और देशभक्ति के नारे लगाए।

## जगदीशपुर नगर में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए बीडीओ एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल

जगदीशपुर।भारत सरकार के महत्वकांक्षी और गौरवशाली कार्यक्रम हर घर तिरंगा यात्रा जगदीशपुर नगर में भव्य शुभारंभ किया गया। जिसकी शुरूआत प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार एवं बीस सूत्री सह प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों को रवाना किया।

देशभक्ति के जज्बे और तिरंगे के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी जीविका समूह की महिलाएं शिक्षक छात्र-छात्राएं और स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने भारत माता की जय वंदे मातरम और हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के नारे लगाए गए। पूरे नगर में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। कार्यालय परिसर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा अस्पताल रोड सदर बाजार कोतवाली होते हुए स्वारथ साहू प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर पहुंची जहां परिसर में यात्रा संपन्न हुई।बीस सूत्री अध्यक्ष अनूप पटेल ने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम केवल नगर तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले की हर पंचायत में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, ताकि देश के कोने-कोने में तिरंगे की शान को बढ़ाया जा सके।

कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रत्येक पंचायत में विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल हैं। ये अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि हर पंचायत में यह तिरंगा यात्रा पूरे जोश और गरिमा के साथ संपन्न हो।प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय उत्सव को सफल बनाएं। 13 अगस्त से शुरू हो रही यह यात्रा 17 अगस्त तक चलेगी, जिसके तहत क्षेत्र के हर हिस्से में देशभक्ति का वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा।

## गंडक बराज के छठे फाटक में फंसा अज्ञात शव बरामद



■ नेपाल प्रहरी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मध्यबिंदु अस्पताल भेजा, नारायणी नदी में बहकर पहुंचने की आशंका

बगहा।नेपाल के गंडक बराज के 6 नंबर फाटक में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंसा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद नेपाल प्रहरी की टीम इंस्पेक्टर ध्रुप प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया। नेपाल प्रहरी के इंस्पेक्टर ध्रुप प्रसाद भट्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशंका है कि शव नारायणी नदी के रास्ते बहते हुए गंडक बराज तक पहुंचा और बराज के 6 नंबर फाटक में फंस गया। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मध्यबिंदु अस्पताल, कवासोती भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण और शव की स्थिति के संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।नेपाल प्रहरी ने शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ आवश्यक जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शव नारायणी नदी के किस क्षेत्र से बहकर गंडक बराज तक पहुंचा।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बरारी गंगा घाट में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर, एनसीसी कैडेटों ने दिया एकता का संदेश

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर/भागलपुर (बिहार)। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि वह भाव है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के हृदय में मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग और स्वाभिमान की भावना को सुदृढ़ किया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जन-जागरण और राष्ट्रीय चेतना का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना। इसका स्वर जन-जन की आवाज बनकर उभरा और देशवासियों को एक साझा राष्ट्रीय भावना से जोड़ने में इसकी अहम भूमिका रही।

इसी गौरवशाली विरासत के 150 वर्ष पूर्ण होने एवं अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बुधवार को बरारी गंगा घाट, भागलपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 23 बिहार बटालियन, 47 बिहार बटालियन, 4 बिहार बटालियन एवं 3 सिग्नल यूनिट के अधिकारी, ढकस्टाफ, एएनओ तथा 500 से अधिक एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से ह्यवंदे मातरम्ह्न का गायन किया गया। कैडेटों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों तथा देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों के त्याग और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। विभिन्न इकाइयों की संयुक्त सहभागिता ने अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 23 बिहार बटालियन एनसीसी, भागलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश मोहन ने कहा कि वंदे मातरम्-मातृभूमि के प्रति समर्पण, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर नई पीढ़ी के लिए अपने इतिहास को समझने, वीरों के त्याग से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को पहचानने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं का समर्पण केवल राष्ट्र के प्रति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होना चाहिए। सेवा, अनुशासन, जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच के माध्यम से युवा अपने आसपास के समाज को बेहतर बनाने के साथ-साथ देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समर्पण, एकता और गौरव की भावना को जीवन में अपनाकर युवा देश की सशक्त एवं गौरवपूर्ण छवि को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एनसीसी युवाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के माध्यम से एकता में शक्ति और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश देते हुए युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में 23 बिहार बटालियन के सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, 4 बिहार बटालियन के सूबेदार मेजर शीतल सिंह, 47 बिहार बटालियन के सूबेदार जे.पी. सिंह एवं 3 सिग्नल यूनिट के नायक सूबेदार लालमणि यादव, 23 बिहार बटालियन से सेकंड ऑफिसर अंजन कुमार एवं राकेश कुमार, 4 बिहार बटालियन से एएनओ लेफ्टिनेंट तुषार कुमार तथा ढकस्टाफ के सूबेदार हेमचंद्र सिंह आदि थे।

## नीलाम पत्र के लंबित बॉडी वारंट का सौ प्रतिशत करें निष्पादन : आयुक्त




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । प्रेम सिंह मीणा आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर -सह-आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर की अध्यक्षता में बुधवार को मुंगेर एवं भागलपुर प्रमंडल अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक मुंगेर एवं वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक भागलपुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक बेगुसराय एवं संबंधित जिले के जिला पदाधिकारी/ वरीय पुलिस अधीक्षक /पुलिस अधीक्षक/अपर समाहर्ता- सह -नोडल पदाधिकारी के साथ बॉडी वारंट / डिस्ट्रेस वारंट के निष्पादन के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी पुलिस अधीक्षक ने नीलाम -पत्र वाद के लंबित बॉडी वारंट एवं लंबित 1२३१२२ वारंट निष्पादन की अद्यतन जानकारी से आयुक्त महोदय को अवगत करायो विगत दिनांक 6/8/26 से 11/8/26 तक लखीसराय एवं जमुई जिला का बॉडी वारंट निष्पादन तुलनात्मक रूप से कम एवं जमुई और भागलपुर और मुंगेर जिला का डिस्ट्रेस वारंट निष्पादन तुलनात्मक रूप से कम पाया गया` साथ ही % बॉडी वारंट निष्पादन मुंगेर एवं खगड़िया जिला का तुलनात्मक रूप से कम पाया गया`आयुक्त ने 10 दिनो के अन्दर सभी लंबित बॉडी वारंट एवं लंबित डिस्ट्रेस वारंट का 100 प्रतिशत निष्पादन कराने का निर्देश दिया।

## हरियाली सावन में कलवार समाज की महिलाओं के बीच प्रतियोगिता, दिखा उत्साह

रक्सौल। कलवार महिला मंच के तत्वावधान में बुधवार को शहर के शंभू नगर में हरियाली सावन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम मंच की अध्यक्ष किरण गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सावन के उल्लास और हरियाली की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में कलवार महिला मंच की सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया. इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं देते हुए अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक रंग और उमंग को जीवंत करते हुए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया. प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की आपसी सहभागिता और उत्साह देखते ही बन रहा था। सावन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत-संगीत और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से जमकर आनंद उठाया।

## पंसस की बैठक में छाया बिजली, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी का मुद्दा

■ आंगनबाड़ी भवन व विद्यालय निर्माण की उठी मांग, स्वास्थ्य केंद्रों की राशि की जांच होगी

प्रात: किरण संवाददाता।

धरहरा (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में पंचायतों से जुड़ी विकास योजनाओं के साथ शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सदस्यों ने चर्चा की। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण, विद्यालय भवन, बिजली आपूर्ति और स्वास्थ्य केंद्रों को मिलने वाली सरकारी राशि के उपयोग का मामला प्रमुखता से उठा। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि कई आंगनबाड़ी केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है। भवन के अभाव में बच्चों और सेविकाओं को परेशानी होती है। सदस्यों ने ऐसे केंद्रों के लिए जल्द भवन निर्माण कराने की मांग की। वहीं प्राथमिक विद्यालय लकड़कोला के भवन निर्माण का भी मुद्दा उठाया गया। सदस्यों ने बताया कि विद्यालय वर्तमान में सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। स्थायी भवन नहीं होने से पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है।बैठक में बिजली आपूर्ति को लेकर सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों का आरोप था कि बिजली संबंधी समस्या होने पर विभाग के कनीय अभियंता रोहित कुमार को फोन किया जाता है, लेकिन कई बार फोन नहीं उठाया जाता। इससे ग्रामीणों को समस्या के समाधान में परेशानी होती है। सदस्यों ने कहा कि धरहरा थाना को ग्रिड से सीधे बिजली उपलब्ध कराई जाती है, जबकि प्रखंड मुख्यालय को ऐसी सुविधा नहीं है। बिजली कटने पर सरकारी कार्यालयों का कामकाज प्रभावित होता है। प्रखंड मुख्यालय को भी ग्रिड से सीधे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई।स्वास्थ्य केंद्रों को सरकार की ओर से प्रतिवर्ष मिलने वाली राशि के उपयोग का मामला भी बैठक में उठा। पंसस सदस्यों ने राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इस पर बीडीओ रश्मि भारती ने स्वास्थ्य केंद्रों की जांच के लिए टीम गठित करने की बात कही। टीम केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं और सरकारी राशि के उपयोग की जांच करेगी।उप प्रमुख नीरज यादव ने पंसस फंड से कराए जाने वाले कार्यों के शिलापट्ट पर पंसस का नाम नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई योजनाओं के शिलापट्ट पर ग्रामीणों अथवा राजनीतिक दल से जुड़े लोगों के नाम अंकित कर दिए जाते हैं, जबकि योजना में पंसस फंड का उपयोग होता है। उन्होंने संबंधित पंसस का नाम शिलापट्ट पर अंकित कराने की मांग की। बैठक में प्रमुख पल्लवी भारती, बीडीओ रश्मि भारती, सीओ वीरेंद्र कुमार, पीओ कुमार सुंदरम आदि थे।

## 806 ग्राम संगठनों का वित्तीय लेनदेन अब होगा डिजिटल

■ लोकॉस ऐप पर एंट्री के लिए रिसोर्स बुककीपर को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। सदर प्रखंड के अभिनंदन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र नौवागढ़ी में सोमवार से जिले के 806 ग्राम संगठनों के वित्तीय लेनदेन को लोकॉस ऐप पर दर्ज करने के लिए रिसोर्स बुककीपर का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।प्रशिक्षण के पहले दिन बुककीपरों को ग्राम संगठनों के वित्तीय लेनदेन की जानकारी ऐप पर दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। प्रशिक्षण के बाद ये रिसोर्स बुककीपर अपने-अपने पंचायतों और गांवों में जाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के सभी वित्तीय लेनदेन की ट्रांजैक्शन एंट्री लोकॉस ऐप पर करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम संगठनों की वित्तीय गतिविधियों को डिजिटल कर उन्हें अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। ऐप पर प्रत्येक लेनदेन दर्ज होने के बाद जीविका के पदाधिकारी एवं कर्मी ग्राम संगठन की वित्तीय स्थिति, आय-व्यय तथा विभिन्न मदों में हुए खर्च की जानकारी आसानी से देख सकेंगे। रिसोर्स बुककीपर ग्राम संगठन स्तर पर होने वाले हर वित्तीय लेनदेन को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लोकॉस ऐप पर दर्ज करेंगे। इससे ग्राम संगठनों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे भविष्य में वित्तीय समीक्षा, निगरानी और योजना बनाने में सुविधा होगी।प्रशिक्षण के पहले दिन सभी संबंधित रिसोर्स बुककीपर को तकनीकी जानकारी दी गई। आगामी दिनों में ये अपने-अपने क्षेत्र में जाकर डिजिटल एंट्री का काम शुरू करेंगे।

## मरीज की मौत पर हंगामा, सदर अस्पताल पर उठे सवाल



मुंगेर। मुंगेर मॉडल सदर अस्पताल की इमरजेंसी में मंगलवार रात इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा और तोड़फोड़ हुई। आक्रोशित परिजनों के विरोध के बाद डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी वहां से चले गए, जिससे बुधवार सुबह तक इमरजेंसी और ओपीडी सेवा बाधित रही। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड कल्याणक निवासी 30 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार धीरज को 2 दिनों से बुखार था। मंगलवार सुबह भर्ती कराने के बाद शाम में तबीयत बिगड़ने पर उसे इमरजेंसी लाया गया। परिजनों ने ऑक्सीजन नहीं मिलने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा, मृतक की पत्नी को नौकरी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस और प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर मुंगेर विश्वजीत कुमार तिवारी अस्पताल पहुंचे और लोगों को समझाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है। मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला था।

## किडजानिया इंडिया में स्वतंत्रता दिवस पर खास आयोजन, बच्चों के लिए होंगी देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियां

नई दिल्ली, प्रसिद्ध इनडोर फैमिली थीम पार्क किडजानिया इंडिया ने दिल्ली एनसीआर और मुंबई केंद्रों पर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने की घोषणा की है। इस उत्सव के तहत रचनात्मकता, सीख और खेल के समन्वय से बच्चों में आजादी, एकता और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कई इंटरैक्टिव गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए किडजानिया ने एक विशेष ऑफर भी पेश किया है। इसके तहत एक बच्चे का टिकट खरीदने पर दूसरे बच्चे के टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।आयोजन के दौरान किडजानिया दिल्ली एनसीआर में बच्चों के लिए कई विशेष गतिविधियां शामिल रहेंगी:

किडजानिया इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर तरनदीप सिंह सेखों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को देश की यात्रा से जोड़ना और पूरे परिवार के लिए सीखने के अनुभव को आनंददायक व यादगार बनाना है।

## म्यूल खाते से दो-तीन माह में हुई थी 78 लाख की लेनदेन

आरा। म्यूल खाता खुलवाकर अवैध पैसे की जमा-निकासी करने के मामले में भोजपुर की साइबर थाना पुलिस को अहम सफलता हासिल हुई है। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से पासबुक एवं एटीएम कार्ड बरामद हुआ। इसकी जानकारी साइबर डीएसपी रौशन कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर डुमरा गांव निवासी श्याम नारायण यादव का पुत्र प्रकाश कुमार है। साइबर डीएसपी ने बताया कि 5 अगस्त 2026 को कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया स्थित बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा सूचना दी गई की उनके बैंक के कुछ म्यूल खाते से धोखाधड़ी हो रही है। इसकी सत्यापन के लिए साइबर थाना के पदाधिकारी द्वारा बैंक का भौतिक निरीक्षण किया गया। जांच में पता चला कि उक्त खाता से दो-तीन महीने में तकरीबन 78 लाख की लेनदेन हुई है। इस कांड के उद्वेदन के लिए पुलिस अधीक्षक राज के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मखदुमपुर डुमरा गांव में छापेमारी कर आरोपी खाताधारक प्रकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में उसने घटना में संलिप्त स्वीकार की बताया कि उसने अपने म्यूल खाते को कुछ पैसे के लिए बेचा था।

## आस्था भक्ति समर्पण एवं संगम का विहंगम दृश्य है कांवरिया पथ में

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दसवें दिन रुक रुककर रिमझिम बारिश के बीच बाबा बैजनाथ के लिए कांवर लेकर जलाभिषेक करने को लेकर पैदल जा रहे कांवरियों के बीच आस्था, भक्ति, समर्पण, एवं संगम, का विहंगम, दृश्य कांवरिया पथ में 24 घंटे देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि रात्रि 2:00 बजे के बाद से ही भोलेनाथ के भजन पर थिरकते कांवरियों से संपूर्ण मार्ग शिवमय हो उठता है । सही मायने में कांवरिया पथ पर समाजवाद, समरसता, संप्रदायिक सौहार्द, का नजारा देखने में बनता है। बता दें कि सावन महीने में शिव भक्त भांति भांति रंग रूप में बाबा धाम को जाते हैं। जिसमें पहले किस्म के वैसे कांवरिया हैं जो पैदल चलते हैं, और कांवर को अपने कंधे पर से तब तक नहीं उतारते जब तक बाबा धाम नहीं पहुंचते । ऐसे कांवरिया खड़ा बम कहलाते हैं । दूसरे शिवभक्त वे हैं , जो 24 घंटे के भीतर बाबा बैजनाथ के ऊपर जलाभिषेक करते हैं। जिसे डाक बम कहा जाता है । और तीसरे शिव भक्त वे हैं जो सुल्तानगंज गंगातट से दंड देते 105 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबा धाम लगभग 40 दिनों में पहुंचते हैं, उसे दांडी बम कहा जाता है । बाबा धाम देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम को लेकर हर रोज अप्रत्याशित भीड़ कुमरसार सरकारी धर्मशाला पर होती है । यहां शाम ढलते ही स्कूल,हाट मैदान, सहित दुर्गा स्थान का प्रांगण, शिव भक्तों से पट जाते हैं । कांवरिया यहां विशाल बदुआ नदी में बालू पर पलट पलट कर घंटों स्नान कर अपनी थकान को मिटाते हुए अपनी यात्रा यादगार को लेकर घोड़े पर सवार होकर फोटोशूट भी कराया।

## नेत्रहीन ने सांप को पकड़ा, डिब्बे में बंद कर अपना इलाज कराने अस्पताल पहुंचा



प्रात: किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के औड़ाबगीचा निवासी 50 वर्षीय सुरेंद्र उर्फ टनटन पासवान बुधवार को सांप के डसने से जख्मी हो गए। खास बात यह रही कि नेत्रहीन होने के बावजूद सुरेंद्र ने हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर दिया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धरहरा पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र घर में बर्तन रख रहे थे। इसी दौरान अनजाने में उनका पैर सांप पर पड़ गया। पैर में कुछ ठंडा महसूस होने पर उन्होंने हाथ से सांप को पकड़कर उसकी पहचान करने का प्रयास किया। इसी दौरान सांप ने उनके हाथ में डस लिया। सांप के डसने के बाद सुरेंद्र ने पत्नी को आवाज लगाकर घटना की जानकारी दी।

आसपास के कुछ लोगों ने उन्हें झाड़-फूंक कराने की सलाह दी, लेकिन सुरेंद्र ने इलाज के लिए अस्पताल जाने की बात कही। इसके बाद उन्होंने सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया और उसे साथ लेकर सीएचसी धरहरा पहुंच गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार, सुरेंद्र की स्थिति फिलहाल सामान्य है और उनका इलाज जारी है। घटना के बाद सुरेंद्र के साहस और सूझबूझ की आसपास के लोगों में चर्चा रही।

## खड़गपुर अनुमंडल गौशाला समिति की बैठक में बोले जिला पदाधिकारी, खड़गपुर अनुमंडल गौशाला की व्यवस्थाओं पर नियमित नजर रखें एसडीओ : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। खड़गपुर अनुमंडल गौशाला समिति की बैठक बुधवार को गौशाला परिसर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गौशाला के सुचारू संचालन, पशुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा समिति के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। मौके पर गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा गायों के लिए लगाए गए शेड के मरम्मतिकरण की आवश्यकता से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को गौशाला की व्यवस्थाओं का समुचित निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गौवंश के लिए बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

बैठक में गौशाला समिति के चुनाव का कार्यकाल पूर्ण होने का भी विषय उठाया गया।

इस पर जिलाधिकारी ने पुनः समिति का चुनाव कराने के निर्देश दिए, ताकि समिति का संचालन नियमानुसार एवं प्रभावी ढंग से किया जा सके। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, खड़गपुर राजीव रौशन को गौशाला समिति की नियमित बैठक आयोजित करने तथा बैठक में लिए गए निर्णयों एवं गौशाला से संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं पर नियमित निगरानी बनाए रखने को भी कहा।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लिया प्रभार

छपरा माननीय पटना उच्च न्यायालय के आदेशानुसार छपरा व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर अनंत सिंह ने पदभार ग्रहण किया है ।

## सुल्तानगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता एक कंटेनर ट्रक में लोड 39 भैंस किए गए बरामद

■ दो पशु तस्कर भी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है /आपको बताते चलें कि मंगलवार की देर रात लगभग दस बजे एक कंटीनर ट्रक में लोड 39 भैंस धौरिया बांका से मानसी खगड़िया लेकर तस्करी करने जा रहा था,तभी मिरहट्टी फोरलेन के पास पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर कंटीनर ट्रक में लोड 39 भैंस बरामद कर एक तस्कर और एक कंटीनर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है/इस मामले में थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि एक कंटीनर में लोड 39 भैंस के साथ दो पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है /गिरफ्तार व्यक्ति का नाम

पहला ताहिर शेख ,देवघर दुसरा मो मकबुल खगड़िया का रहनेवाला बताया गया है /गुप्ता सुचना मिलने पर मिरहट्टी फोरलेन के पास एक कंटीनर ट्रक में 39 भैंस बरामद किया गया/जो आवश्यक कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है कि बात कही/इस दौरान पर पुलिस बल मौजूद थे

## मांझी सीएचसी में 51 टीबी मरीजों के बीच बांटा गया फूड पैकेज

मांझी/एकमा (सारण)। सारण जिले के मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों के बीच पोषण सहायता के रूप में फूड पैकेज का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने 51 टीबी मरीजों को फूड पैकेज प्रदान किया और उन्हें नियमित रूप से दवा लेने के साथ पौष्टिक आहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया।डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि इससे पहले भी 9 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेज का वितरण किया गया था।

जरूरतमंद मरीजों को चरणबद्ध तरीके से पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि टीबी के सफल उपचार के लिए मरीजों का नियमित रूप से दवा लेना और पौष्टिक भोजन करना बेहद जरूरी है।


Govt. of Bihar

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA

SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 64 YEAR 2026-27

(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **22.08.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specification | Qnt. | Unit | Time of Completion of Work | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01- | Repair of Compactor Survicing in B.P.S.C. Office, Patna for the year 2026-27. | | | 01 Months | |
| 02- | Metal False Ceiling Work in Front of Lift at 7th Floor (East and West Side) at Vishweshwaraiya Bhawan, Patna For the Year 2026-27. | | | 01 Months | |

➢ सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्त्ति की जानी है तथा आपूर्त्तिकर्त्ता को आपूर्त्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।

➢ विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

Executive Engineer
Central Building Division No.- 01, Patna

PR- 009837 (BCD) 2026-27

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# हर भूमिहीन परिवारों को अभियान बसेरा 2 के तहत मिल रहा बसेरा : मंत्री

● नालंदा जिले के बेन प्रखंड में 21 भूमिहीन परिवारों को दिया पर्चा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार में भूमिहीन परिवारों को राज्य सरकार हर संभव मदद पहुंचा रही है। सरकारी मदद मिलने के बाद भूमिहीन अपना घर बनवाने के साथ खेती और सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

गरीबों को हक दिलाना सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है। हमारी नीति साफ है, जिस गरीबों को जमीन नहीं है, उसे बसने के लिए अभियान बसेरा 2 के तहत जमीन देंगे। किसी गरीब को बेघर नहीं रहने देंगे। ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह जदयू विधायक दल के नेता मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को नालंदा जिले के बेन प्रखंड में यह बातें कहीं।

उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में राज्य सरकार के द्वारा भूमिहीन परिवारों को अभियान बसेरा 2 के तहत तीन डिसमिल जमीन का पर्चा भूमिहीन ग्रामीणों को दिया है। इसके तहत कुल 21 परिवारों के बीच पर्चा वितरित किया गया। इसमे बेन प्रखंड के राज एकसारा पंचायत के 1, नोहसा पंचायत के 9, अकौना पंचायत के 5 और मैजरा पंचायत के 6 लाभूक शामिल है। मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ कागज नहीं है, सम्मान और स्वाभिमान है। अब ये परिवार अपने पैरों पर खड़े होंगे।

## पात्र लोगों को मिल रहा लाभ

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है कि बिहार का एक भी परिवार भूमिहीन न रहे। पारदर्शी तरीके से सर्वे कर पात्र लोगों को ही योजना का लाभ दिया जा रहा है। नीतीश कुमार बिहार के नवनिर्माण और विकास के प्रतीक हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी प्रयासों ने बिहार की महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, राजनीति और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान किए हैं। अपने कार्यों से बिहार का नवनिर्माण किया है। उन्होंने बिहार के प्रति लोगों की नकारात्मक धारणा को बदला।

मौके पर बीडीओ, वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, प्रखंड जदयू अध्यक्ष अरविंद पटेल, मुखिया प्रतिनिधि जीतू मांझी, नवीन सिंह, पंचायत समिति कुमुद प्र, रूबी कुमारी, सोनम सोनाली, लक्ष्मण प्रसाद, जितेन्द्र चंद्रवंशी, सुधीर प्रसाद, उपप्रमुख मो कलीम, अजय चंद्रवंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों की सेवा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

## वृद्धाश्रमों की सुविधाओं को किया जाएगा और सुदृढ़: श्वेता

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को बिहार माता- पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण- पोषण तथा कल्याण नियमावली, 2012 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की राज्य परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने की। बैठक में गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वित्त विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग आदि के प्रतिनिधियों के साथ-साथ परिषद के सम्मानित सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के आरंभ में समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव एच आर श्रीनिवास ने माननीया मंत्री महोदया का स्वागत किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया। बैठक की औपचारिक शुरूआत करते हुए अपर मुख्य सचिव द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही और उस पर हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। व्यापक प्रचार-प्रसार और ह्यपेड ओल्ड एज होम की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने अपने विचार रखे। इस विषय पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए माननीया मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि, बिहार की परंपरा रही है कि लोग अपने वृद्ध माता-पिता को सम्मानपूर्वक अपने साथ घर में रखते हैं। इसलिए हमारी सरकार का मुख्य फोकस पहले से मौजूद वृद्धाश्रमों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण और व्यवस्थित ढंग से चलाने पर है।ह्व पेड ओल्ड एज होम के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिशा में निजी क्षेत्र को आगे आकर पहल करनी चाहिए।

वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की देखभाल और उनके साथ होने वाले व्यवहार को लेकर कुछ सदस्यों द्वारा चिंता व्यक्त की गई। इस शंका का निवारण करते हुए डॉ. श्वेता गुप्ता ने हाल ही में पटना के गुलजारबाग स्थित वृद्धाश्रम के अपने औचक निरीक्षण का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वहाँ रहने वाले बुजुर्ग बहुत खुश और संतुष्ट नजर आए।

## संक्षिप्त खबरें

### लाइब्रेरियन अल्का सिंह राजपूत मुजफ्फरपुर में सम्मानित कॉलेज में खुशी की लहर

बोधगया। विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया की लाइब्रेरियन अल्का सिंह राजपूत को मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज में आयोजित 134वें पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया ! उन्हें यह सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कनुप्रिया के हाथों प्रदान किया गया ! इस गरिमामयी समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अभय चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ! इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए विशाल मेमोरियल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अल्का सिंह राजपूत का इस तरह सम्मानित होना पूरे संस्थान और क्षेत्र के लिए बेहद गर्व का विषय है ! इस सम्मान से संस्थान से जुड़े सभी कर्मियों और विद्यार्थियों में काफी हर्षोल्लास का माहौल है ।

### तिरंगा रैली में 6 बिहार बटालियन गया कालेज के एनसीसी कैडेटों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

गया जी ।जिला प्रशासन, गया द्वारा आयोजितह्यहर घर तिरंगा तिरंगा रैलीमें 6 बिहार बटालियन ठउउ, गया कॉलेज के कैडेटों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेटों की सक्रिय सहभागिता से रैली में देशभक्ति का जोश देखने को मिला।

इस अवसर पर6 बिहार बटालियन ठउउ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार, कीर्ति चक्र ने कैडेटों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया और राष्ट्रप्रेम तथा देशभक्ति की भावना के साथ ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो सतीश चंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा आम लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में ठउउ के अठड संजय तिवारीने कैडेटों का नेतृत्व किया। बड़ी संख्या में ठउउ कैडेटों ने रैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रैली के दौरान कैडेटों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

### गया में सजेगी डांडिया की रंगीन शाम, 19 अक्टूबर को होगा आयोजन

गयाजी । क्रेजी वर्ल्ड वाटर पार्क के प्रांगण में बुधवार को ह्यद गया जी डांडिया नाइट 2026 का बैनर लॉन्च किया गया। मौके पर शहर के चर्चित एवं नए सोशल मीडिया क्रिएटर्स मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि यह डांडिया नाइट इस बार नवरात्र को खास बनाने वाली है।कार्यक्रम का आयोजन डायमंड कैटर्स एंड इवेंट की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि डांडिया नाइट का आयोजन 19 अक्टूबर को गया क्लब में होगा। संगीत, डांस और रंग-बिरंगी रोशनी के अनोखे संगम से यह शाम शहरवासियों के लिए यादगार बनाने की तैयारी है।आयोजक वैभव राज एवं दीपक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर शहर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डांडिया नाइट के माध्यम से शहरवासियों को नवरात्र के दौरान मनोरंजन के साथ एक विशेष सांस्कृतिक अनुभव देने का प्रयास है। बैनर लॉन्च के दौरान मौजूद क्रिएटर्स ने भी आयोजन को लेकर अपनी शुभकामनाएं दीं है।

### वेतन-पेंशन व एरियर भुगतान में देरी पर भी जताया आक्रोश

औरंगाबाद। प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक, 2026 के विरोध में औरंगाबाद के रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों और कर्मचारियों ने बिहार सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक के खिलाफ आक्रोश जताते हुए उच्च शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के लिए नुकसानदायक बताया। आरोप है कि प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। इससे विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक-प्रशासनिक कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।शिक्षकों ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को बेहतर बनाने के लिए सरकार को विश्वविद्यालयों को अधिक स्वतंत्र और संसाधनयुक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहिए, न कि उनकी स्वायत्तता कम करने की कोशिश करनी चाहिए।प्रदर्शन में शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने कई बातें कही।

# जीबीएम कॉलेज में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचना अंधेर नगरी का हुआ मंचन

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया जी का हिन्दी विभाग महाविद्यालय के सावित्री महाजन सभागार में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कालजई रचना अंधेर नगरी नामक प्रहसन एवं नाटक का प्रथम बार महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगमंच के अनुसार एवं साहित्यिक मंचन किया गया। नाटक की शुरूआत द्वीप प्रज्जवलन एवं स्वागतगीत के माध्यम से हुआ । महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा पटेल के साथ मुख्य अतिथि रंगकर्मी शम्भू सुमन, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार जगजीवन महाविद्यालय के रंगकर्मी एवं सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे । प्राचार्य ने नाटक में भाग लेने वाली छात्राओं की खूब सराहना की । वरिष्ठ रंगकर्मी शम्भू सुमन ने कहा ह्वछात्राओं ने पुरेनाटक में खुलकर एक्टिंग की, उनमें काफी ऊर्जा है, छात्राएं काफी आगे तक जाएंगी और भविष्य में वे इस नाटक के साथ भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली ह्यभारंगमह्ल प्रतियोगिता में भी भाग ले सकती हैं । डॉ. प्रदीप ने कहा, भारतेन्दु के नाटक की प्रहसन क्षमता को छात्राओं ने खूब इस्तेमाल किया और उन्होंने बताया कि भारतेन्दु की व्यंग्य क्षमता अद्भुत है । नाटक का निर्देशन डॉ. प्यारे माँझी ने हिन्दी विभाग के रंगमंच ह्यमंडपम्ह्ल के माध्यम से किया। सह-निर्देशन डॉ. सुरबाला कृष्णा और डॉ. सुनीता कुमारी ने किया । छात्राओं में महंत की भूमिका में दीप शिखा, डॉली ने नारायण दास की, मानसी ने गोवर्धन दास की, स्नेहा ने नारंगी वाली और प्यादा की, रेशमी ने हलवाई और कल्लू बनिया की, खुशबू ने सब्जी वाली और भिश्ती की, जिया ने कबाब वाली की, प्रियांशी ने पाचक वाला और चुने वाला, रिया ने मछली वाली और कस्साई, सोनाली ने बनिया और गड़ेरिया की, शैलीने राजा की, सुहानी ने मंत्री, अनुष्का ने सेवक, स्वेता ने फरियादी और प्यादा आदि थे

# पितृपक्ष मेले में सफाई व्यवस्था पर रहेगा विशेष जोर, ड्रोन से होगी निगरानी

## श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे सोलर वाटर एटीएम

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। नगर निगम ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। बुधवार को नगर निगम सभागार में मेयर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई सशक्त स्थायी समिति की बैठक में मेले को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। जबकि बैठक संचालन समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है। इस बार 25 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सफाई व्यवस्था और निगरानी पर विशेष जोर दिया जाएगा। मेला क्षेत्र में सफाई का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जाएगा। जबकि इसकी निगरानी ड्रोन से की जाएगी।

मेयर ने कहा कि गयाजी की पहचान पितृपक्ष मेला और पिंडदान की परंपरा से जुड़ी है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पिंडदान और तर्पण के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी है कि उन्हें बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से इस बार मेले में कई नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त डा. गगन,मनोज कुमार, विनोद कुमार यादव,सारिका कुमारी, तब्बसुम परवीन, उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, जेई व एई सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे हैं।

### सफाई वोट से होगी फल्गु नदी की सफाई

पितृपक्ष मेले के दौरान फल्गु नदी की सफाई व्यवस्था को भी विशेष रूप से मजबूत किया जाएगा। नदी में आधुनिक सफाई नाव के माध्यम से 24 घंटे सफाई कराने की योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य नदी के पानी को स्वच्छ रखना है, ताकि पिंडदानियों को कर्मकांड के लिए फल्गु का पवित्र जल उपलब्ध हो सके। नगर निगम मेला अवधि में नदी और उसके आसपास की सफाई पर लगातार निगरानी रखेगा। तीर्थयात्रियों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए इस बार मेला क्षेत्र में सोलर वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। नगर निगम की योजना है कि प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं को आसानी से पेयजल मिल सके। सोलर आधारित व्यवस्था से बिजली की निर्भरता भी कम होगी। भीड़ वाले स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर निगम की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी।

पितृपक्ष मेले में इस बार लेजर लाइट के माध्यम से गयाजी के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी तीर्थयात्रियों को दी जाएगी। मेला क्षेत्र में लेजर लाइट शो की व्यवस्था की जाएगी, जिसके जरिए गयाजी की धार्मिक मान्यताओं और महत्व को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को गया की धार्मिक विरासत को जानने का अवसर मिलेगा। ब्रह्मसरोवर में कई वर्षों से बंद पड़े लाइट एंड साउंड कार्यक्रम को भी पितृपक्ष मेले के दौरान फिर से चालू करने की तैयारी है। बैठक में इसे लेकर भी योजना पर चर्चा की गई। इसके चालू होने से ब्रह्मसरोवर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बढ़ेगा।

बैठक में नगर निगम की कार्यप्रणाली और राशि के इस्तेमाल को लेकर भी सदस्यों ने सवाल उठाए। स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार द्वारा सशक्त व बोर्ड की अनुमति के बिना करीब 40 लाख रुपये की राशि निकासी का मामला बैठक में उठाया गया। इस पर मेयर और नगर आयुक्त ने स्वच्छता पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। सवाल किया गया कि बोर्ड की अनुमति के बिना राशि की निकासी कैसे की गई और उससे दीवार पेंटिंग का काम किस आधार पर कराया गया। नगर आयुक्त ने मामले की जांच कराने की बात कही। साथ ही स्वच्छता पदाधिकारी को 90 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। राशि का भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई के साथ निलंबन वापस करने निर्णय लिया गया है।

इस बैठक में शहर के नाले और नालियों की सफाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि कई वार्डों के क्षेत्रों में नाले और नालियों की सफाई अब तक पूरी तरह नहीं हुई है।

थोड़ी वर्षा होने पर ही शहर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। समिति सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने हर हाल में दस दिनों के अंदर नाले और नालियों की सफाई पूरी करने की आदेश दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते सफाई नहीं होने पर पितृपक्ष मेले के दौरान परेशानी बढ़ सकती है।

शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी के लिए बैठक में एक विशेष टीम बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# लोकतंत्र में बहस से समाधान निकलता है, व्यवधान से नहीं : चिराग

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को संसद में विपक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही बाधित किए जाने पर कहा कि गृह मंत्री के स्पष्ट हस्तक्षेप और सरकार की ओर से हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार होने के बावजूद विपक्ष का सदन की कार्यवाही को बाधित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

श्री चिराग पासवान ने कहा कि सरकार की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया था कि छात्रों से जुड़े मुद्दे हों, राम मंदिर का विषय हो अथवा विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले अन्य कोई भी मुद्दे– सरकार हर विषय पर चर्चा करने, प्रश्नों का उत्तर देने और सदन के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने कहा कि संसद देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है, जहां पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी बात रखने का अधिकार है। सरकार की ओर से गृह मंत्री सहित संबंधित मंत्री हर विषय पर सरकार का पक्ष स्पष्ट करने और विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए सदन में मौजूद हैं।

श्री चिराग पासवान ने कहा, यदि विपक्ष के पास मुद्दे हैं, तर्क हैं और प्रश्न हैं, तो उन्हें सदन के भीतर आकर चर्चा करनी चाहिए। लोकतंत्र में बहस से समाधान निकलता है, व्यवधान से नहीं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होना चाहिए, लेकिन असहमति व्यक्त करने का सबसे उचित स्थान सदन ही है। सरकार चर्चा से नहीं भाग रही थी, बल्कि प्रत्येक विषय पर जवाब देने के लिए तैयार थी।

श्री चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष का इस प्रकार सदन की कार्यवाही को बाधित करना संसदीय मयार्दाओं और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

# तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव का प्रतीक है: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर सहित और भाजपा नेताओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया तिरंगा यात्रा नूतन नगर कालीबाड़ी से होकर शहीद भगत सिंह चौक तक शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माला पुष्प चढाकर समाप्त किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव का प्रतीक है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।तिरंगा यात्रा के समय हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते हैं। इस यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और समर्पण की भावना को मजबूत करना है। तिरंगे के तीन रंग हमारे राष्ट्रीय जीवन के महत्वपूर्ण आदर्शों को दशार्ते हैं। केसरिया रंग साहस और त्याग, सफेद रंग शांति और सत्य तथा हरा रंग समृद्धि और हरियाली का प्रतीक है। ध्वज के मध्य स्थित अशोक चक्र निरंतर प्रगति और कर्मशीलता का संदेश देता है।

तिरंगा यात्रा हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान की याद दिलाती है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। यह यात्रा विशेष रूप से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करने का कार्य करती है।

आज आवश्यकता है कि हम केवल तिरंगा यात्रा तक ही सीमित न रहें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। स्वच्छता, शिक्षा, कानून का सम्मान, सामाजिक सद्भाव और देश की प्रगति में योगदान देना ही सच्चे अर्थों में तिरंगे का सम्मान है। इस अबसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसादअधिवक्ता ने कहा तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा यात्रा हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देती है कि हम देश की एकता और अखंडता को सदैव मजबूत बनाए रखेंगे और भारत को विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे। आज के तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह विजय प्रसाद उर्फ काला नाग गोपाल यादव दीपक पांडेय राजेश चौधरी संतोष सिंह सुनील रविदास दिलीप राज सुनील बंबईया एस राजेश आनंद अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता हीरा यादव संजय यादव शेखर कुमार संजू रजक बबलू गुप्ता कुंदन सिंह महेश यादव मंटू कुमार रामविलास उर्फ गुड्डू सांव प्रदीप मांझी आदि थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत गया में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

गया। देश की आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय गया जी से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।गया जी मे तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जनता दल (युनाईटेड) गया जी के माननीय जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा उर्फ ई० अजय कुशवाहा ने किया। उनके साथ पार्टी के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया हैतिरंगा यात्रा समाहरणालय से पैदल मार्च करते हुए गया के गाँधी मैदान स्थित गाँधी स्तूप पर पहुंची। यहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और देशभक्ति के नारे लगाए गए।इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ० श्री प्रेम कुमार जी, जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।तिरंगा यात्रा में श्री अरुण कुमार राव, श्री धनंजय शर्मा, जितेन्द्र पंडित प्रजापति - प्रवक्ता, अरविन्द वर्मा, प्रभात रंजन, ज्योति दांगी, राममखन स्वर्णकार, वृजराज पाण्डे, दिनेश कुमार सिंह, परवेज अहमद, रंजीत कुमार सिंह, संजय मिश्रा, मिथिलेश, कैलाश पासवान, कुंदन वर्मा, संजय कुमार खजांची, पप्पू दांगी, चन्दन वर्मा, गोपाल चन्द्रवंशी सहित सैकड़ों पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।इस कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा - ह्वतिरंगा हमारी शान है, तिरंगा हमारी पहचान है।

# स्थानीय ग्रामीणों ने रिंग रोड निर्माण को ले अपनी आपत्तियां डीएम के सामने रखी

औरंगाबाद। ज़िले के देव में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण को लेकर रिंग रोड के अलायमेंट चेंज करने को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाकोषाध्यक्ष सह सभापति प्रतिनिधि बिहार विधान परिषद आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता औरंगाबाद अनुग्रह नारायण सिंह से कार्यालय में मुलाकात कर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव रखे।देव रिंग रोड के अलायमेंट चेंज करने को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाकोषाध्यक्ष सह सभापति प्रतिनिधि बिहार विधान परिषद आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह से कार्यालय कक्ष में मिल कर प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण के अलायमेंट चेंज करने के लिये स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन सौंपा। इस दौरान जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह की भी उपस्थिति रही। ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन में बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षा के क्रम में देव में रिंग रोड निर्माण की घोषणा किये थे, साथ ही इसके लिये बजटीय उपबन्ध भी कराया गया था। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के अधिसूचना अधिनियम 30 /2023 की धारा 11(1) से सम्बंधित अंचलाधिकारी देव के पत्रांक 478 दिनांक 19/03/2025 के आलोक में पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल सं .1 औरंगाबाद 260 (अनु.) दिनांक 28 फरवरी 2025 के अनुपालन में अंचलाधिकारी देव द्वारा प्रतिवेदन में मौज चांदपुर देव भवानीपुर एवं कुशवाहा में भूमि अधिग्रहण के लिए जिस चिन्हित किया गया है वह सर्वथा अनुपयोगी है । इस संबंध में भाजपा नेता आलोक कुमार सिंह ने आपत्ति जताते हुये रिंग रोड की उपयोगिता के साथ ही लंबे समय तक प्रासंगिकता बनाये रखने के लिये रिंग रोड का अलायमेंट को चेंज करने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपते हुए रिंग रोड का निर्माण ऐसी जगह से कराने की मांग की, जिससे जलस्रोत, कृषि भूमि और छठ पूजा सहित अन्य धार्मिक आयोजनों पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े.ग्रामीणों ने बताया कि देव ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। यहां विश्व प्रसिद्ध त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर स्थित है।

# नेपाली की प्रतिभा से आचार्य द्विवेदी भी चकित थे पूछा था- क्या माँ के पेट से कवितायी सीखी?

■ साहित्य सम्मेलन में मनायी गयी नेपाली और हंस कुमार तिवारी जयंती, स्मरण किए गए पीर मूनिस

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। गीत, नेपाली की लेखनी में ही नही उसके देह में विचरण करने वाले प्राण और प्राण-वाहिका धमनियों में समाए हुए थे। उनके रक्त-रक्त, मज्जे-मज्जे और रोम-कूपों से भी गीत फूटते थे। वह साँस भी भरे तो छंद निकल पड़ता था। आह निकले तो उसके साथ ऐसे मर्म-स्पर्शी गीत बह निकलते थे, जिन्हें सुन कर लाखों हृदय तड़प उठते थे। जब 21 वर्ष की आयु में नेपाली ने पहलीबार काशी में आयोजित एक अखिल भारतीय कवि-सम्मेलन में अपना काव्य-पाठ किया, तो सभी बड़े कवि ही नहीं, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भी चकित रह गए। उन्होंने प्रशंसा के स्वर में यह पूछा - ह्यक्या तुम कविताई अपनी माँ के पेट से सीख कर आए हो? यह कवि-सम्मेलन, वर्ष 1932 में वाराणसी की काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा ह्यद्विवेदी अभिनन्दन समारोह के अंतर्गत आयोजित हुआ था।

यह बातें बुधवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में गीतों के राजकुमार गोपाल सिंह नेपाली और अनुवाद साहित्य के महान साहित्यकार पं हंस कुमार तिवारी की जयंती पर आयोजित कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि नेपाली, प्रेम, प्रकृति, राष्ट्रीय चेतना और दर्शन के सबसे लोकप्रिय गीतकार थे। देश के केवल तीन कवि, दिनकर, बच्चन और जानकी वल्लभ शास्त्री ही थे जो, मंचों पर उनसे स्पर्द्धा कर सकते थे। चीनी आक्रमण के समय लिखी गयी उनकी रचना ह्यहिमालय ने पुकाराह्ल, न केवल भारत के नौजवानों में उत्साह का सृजन किया, अपितु भारतीय सेना को भी बल प्रदान किया। भारतीय सीमाओं पर जाकर उन्होंने सेना का उत्साह बढ़ाया। चीन की सरकार जितनी भारतीय सेना से नहीं डरती, जितनी की नेपाली से। इसीलिए नेपाली को ह्यवन मैन आर्मीह्ल कहा जाने लगा था। हिन्दी साहित्य में वे एक अनूठे गीतकार थे। समय ने उन्हें समय नहीं दिया, अन्यथा में गीत-सम्राट कहे जाते।

डा सुलभ ने उत्तर छायावाद के एक अन्य महत्त्वपूर्ण कवि पं हंस कुमार तिवारी को स्मरण करते हुए कहा कि ये तिवारी जी ही थे, जिन्होंने अनुवादह्ल विधा को हिन्दी साहित्य में मान्यता दिलायी। उन्होंने बांगला साहित्य का हिन्दी में प्रचूर अनुवाद किया। डा सुलभ ने सम्मेलन के संस्थापकों में से एक और सम्मेलन के अध्यक्ष रहे चंपारण-सत्याग्रही पीर मुहम्मद मूनिस को भी उनकी स्मृति दिवस पर याद किया।इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरम्भ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, विपिन विप्लवी, डा पल्लवी विश्वास, शमा कौसर ह्यशमाह्ल, सदानन्द प्रसाद, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, सुनीता रंजन, कमल नयन श्रीवास्तव, इन्दु भूषण सहाय, इरफान अहमद बेलहरवी, नन्दन कुमार, अश्विनी कविराज, आदित्य कुमार आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी सरस-सुमधुर रचनाओं से काव्यांजलि अर्पित की। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया।

# नीलकंठ महादेव सेवा शिविर में रेणु बम का हुआ भव्य स्वागत

औरंगाबाद। सावन के पावन महीने में भगवान शिव के प्रति आस्था और भक्ति की अनूठी मिसाल पेश करने वाली रेणु बम का औरंगाबाद के नीलकंठ महादेव सेवा शिविर में स्वागत किया गया। सावन के प्रत्येक सोमवार को गंगाजल लेकर पैदल बाबा धाम की यात्रा करने वाली रेणु बम के शिविर पहुंचने पर सेवा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और उनकी धार्मिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद के संस्थापक लखन प्रसाद ने कहा कि सावन के महीने में कांवरियों की सेवा करना भी भगवान शिव की सेवा के समान है। इसी भावना के साथ सेवा शिविर में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की सेवा और सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। समिति के संस्थापक लप्पू गुप्ता ने कहा कि औरंगाबाद जिले का यह शिविर पैदल कांवरियां पथ में कुमारसर नदी से तीन किलोमीटर आगे जोड़ी पर में लगाया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496